नई दिल्ली
बुधवार, 15 अक्टूबर 2025
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष, नवमी वर्ष : 29, अंक : 182
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 32
न्यून. 19

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

आईएमएफ की प्रमुख क्रिस्टालिना जॉर्जीवा बोलीं

## भारत वैश्विक विकास का एक 'प्रमुख इंजन' बनकर उभर रहा

### चीन की विकास दर में लगातार गिरावट आ रही



बेहतर नीतिगत और बुनियादी बातों, निजी क्षेत्र का बढ़िया प्रदर्शन, शुरुआती समय में टैरिफ की आशंका से कम प्रभाव और सहायक वित्तीय स्थितियों से भारत आर्थिक मोर्चे पर सशक्त बना

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत दुनिया के विकास का एक प्रमुख इंजन बनकर उभर रहा है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने यह बात कही है। 2025 आईएमएफ-विश्व बैंक वार्षिक बैठक से पहले आईएमएफ प्रमुख ने कहा कि मध्यम अवधि में वैश्विक विकास दर लगभग 3 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह महामारी से पहले 3.7 प्रतिशत थी। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों ▸▸ शेष पेज 5 पर

#### अमेरिका में महंगाई की आशंका

अमेरिका के बारे में बोलते हुए जॉर्जीवा ने कहा कि मार्जिन में कमी के कारण वहां कीमतों में बढ़ोतरी हो सकती है। मौद्रिक नीति व विकास पर इसका असर पड़ने की आशंका है। जॉर्जीवा ने यह भी कहा कि वैश्विक लचीलेपन का अभी तक पूरी तरह से परीक्षण नहीं हुआ है। उन्होंने चेतावनी दी कि सोने की बढ़ती मांग और आसान वित्तीय स्थितियां कमजोरियों को छिपा सकती हैं। जॉर्जीवा ने देशों को आगाह किया कि वे संस्थानों को मजबूत बनाने, संपत्ति के अधिकारों की रक्षा करने और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने वाले सुधारों के जरिए निजी क्षेत्र की ▸▸ शेष पेज 5 पर

बिहार चुनाव: भाजपा ने पहली सूची में 71 उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारे

# 46 विधायकों को मिला टिकट, दस का टिकट काटा गया, कई नए चेहरों को भी मौका मिला

- उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को तारापुर एवं स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय को सिवान से प्रत्याशी बनाया
- लिस्ट में 13 मंत्रियों और 9 महिलाओं के भी नाम शामिल, जातीय समीकरण भी साधे
- दो पूर्व सांसद रामकृपाल यादव को दानापुर एवं सुनील कुमार पिंटू को सीतामढ़ी से प्रत्याशी बनाया
- विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव का टिकट काटा गया

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

बीजेपी ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर मंगलवार को पहली लिस्ट जारी कर दी है। पहली लिस्ट में 71 उम्मीदवार मैदान में उतारे गए हैं। पार्टी ने कई दिग्गज नेताओं की टिकट काट दी है और कई नए चेहरों को भी मौका दिया गया है। पार्टी ने 61 विधायकों को फिर से मौका दिया है, जबकि 10 नए चेहरे भी शामिल हैं। दो एमएलसी और दो पूर्व सांसदों को भी टिकट दिया गया है। 2020 में हारी हुई छह सीटों पर प्रत्याशियों को बदला गया है। बीजेपी ने इस सूची के माध्यम से सामाजिक समीकरणों, संगठनात्मक संतुलन एवं जीतने की क्षमता को प्राथमिकता दी है। लिस्ट में 13 मंत्रियों और 9



महिलाओं के भी नाम हैं। 71 सीटों पर पार्टी के 56 विधायक थे। इनमें से 46 को रिपीट किया है। 10 के टिकट कटे हैं। पहली सूची में दोनों चरण के मतदान वाली सीटें सम्मिलित हैं। पार्टी ने दो पूर्व सांसद रामकृपाल यादव को दानापुर एवं सुनील कुमार पिंटू को सीतामढ़ी से प्रत्याशी बनाया है। बक्सर से लोकसभा चुनाव लड़ने वाले मिथिलेश तिवारी को पार्टी गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर से टिकट दिया है। मंत्री नितिन नवीन को बांकीपुर से उतारा गया है। मंत्री मंगल पांडेय को सिवान से टिकट दिया गया है। संजय सरावगी को दरभंगा से उतारा गया है। नीरज कुमार बबलू को छातापुर से टिकट दिया गया है। पूर्व उपमुख्यमंत्री रेणु देवी को बेतिया सीट से प्रत्याशी बनाया गया है। पहली सूची में नौ महिलाओं को टिकट देकर पार्टी ने आधी आबादी के प्रति भी अपनी प्रतिबद्धता प्रकट की है। विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव का टिकट काटा गया है। नंदकिशोर 5 बार से पटना सिटी से जीतते आ रहे हैं। उनकी जगह पर बीजेपी नेता और हाईकोर्ट के वकील रत्नेश कुशवाहा को उतारा है। कुम्हरार से 5 बार के विधायक अरुण कुमार ▸▸ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

भारत ने की मंगोलिया के नागरिकों को नि:शुल्क ई-वीजा देने की घोषणा

# भारत बना रहा मंगोलिया की 1.7 बिलियन डॉलर की तेल रिफाइनरी, मजबूत होगी सामरिक साझेदारी



### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मंगोलिया के राष्ट्रपति खुरेलसुख उखना के बीच मंगलवार को हुई उच्च-स्तरीय बैठक में बोले भारत के पीएम



- यूएनएससी में भारत की स्थायी सदस्यता का मंगोलिया करेगा समर्थन
- दोनों देशों के बीच हुए 10 एमओयू पर हस्ताक्षर

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिकी टैरिफ संकट और अंतरराष्ट्रीय सैन्य संघर्षों के बीच मंगलवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंगोलिया के राष्ट्रपति खुरेलसुख उखना के साथ एक उच्च-स्तरीय द्विपक्षीय और प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक हुई। जिसमें दोनों देशों के बीच स्थापित सामरिक और विकास भागीदारी के अलावा आपसी संबंधों से जुड़े हुए विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। दोनों पक्षों ने साझा विजन के साथ एक लचीली सप्लाई चेन और महत्वपूर्ण खनिजों को ▸▸ शेष पेज 5 पर

### कुल 10 समझौतों पर हुए हस्ताक्षर

बैठक के बाद दोनों देशों के बीच कुल 10 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। जिसमें खनिज संसाधन, मानवीय सहायता, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, आव्रजन, सहकारी समितियों के विकास, तत्काल प्रभाव वाली परियोजनाओं, भू-विज्ञान, डिजिटल समाधानों के साझा उपयोग और योग जैसे क्षेत्र मुख्य हैं। दोनों देशों का निजी क्षेत्र ऊर्जा, खनिजों, रेयर अर्थ, डिजिटल, खनन, कृषि, डेयरी और सहकारिता जैसे क्षेत्रों में सहयोग की नई संभावनाएं तलाश रहा है। कौशल विकास में भी दोनों देशों का सहयोग बढ़ा है। ए.बी वाजपेयी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर आईटी और भारत-मंगोलिया फ्रेंडशिप स्कूल के जरिए मंगोलिया के युवाओं के सपनों को नई उड़ान मिल रही है।

#### हिंद-प्रशांत क्षेत्र को देते साझा समर्थन

प्रधानमंत्री ने कहा, करीब एक दशक पहले मेरी मंगोलिया यात्रा के दौरान हमने दोनों देशों की साझेदारी को आगे बढ़ाते हुए सामरिक साझेदारी में तब्दील किया है। इस लंबी अवधि में साझेदारी से जुड़े हुए हर आयाम में नई गहराई और विस्तार आया है। रक्षा-सुरक्षा सहयोग भी लगातार प्रशिक्षण कार्यक्रमों से लेकर दूतावास में रक्षा अताशे की नियुक्ति तक कई नई पहल का गवाह रहा है। मंगोलिया के सीमा सुरक्षा बलों के लिए भारत नए क्षमता विकास कार्यक्रम भी शुरू करेगा। उन्होंने बताया कि वैश्विक मुद्दों पर भारत-मंगोलिया का दृष्टिकोण साझा मूल्यों पर आधारित है। ▸▸ शेष पेज 5 पर

#### गंदन मॉनेस्टरी में भेजेंगे संस्कृत शिक्षक

*गंदन मॉनेस्टरी में भारत एक वर्ष के लिए एक संस्कृत शिक्षक भेजेगा। जिससे वहां के बौद्ध ग्रंथों का गहराई से अध्ययन करने में आसानी होगी। इससे प्राचीन ज्ञान परंपरा को आगे बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। भारत, मंगोलिया ने 1 मिलियन प्राचीन पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण परियोजना को जल्द ही शुरू करने का निर्णय लिया है। मंगोलिया में बौद्ध धर्म के संदर्भ में ही नालंदा विश्वविद्यालय की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इसलिए दोनों देशों ने ये तय किया है कि नालंदा और गंदन मॉनेस्टरी को जोड़कर हम अपने ऐतिहासिक संबंधों को एक नई ऊर्जा प्रदान करेंगे। दोनों देशों के संबंध केवल केंद्र सरकारों के स्तर तक ही सीमित नहीं हैं। 14 अक्टूबर को लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद और मंगोलिया के आर खांगाय प्रांत के बीच हुए एमओयू से सांस्कृतिक संबंधों को नई ऊर्जा मिलेगी। आईसीसीआर यूथ ओरियंटेशन यात्रा के तहत अपनी फैकल्टी के साथ 8 मंगोलिया छात्र भारत की यात्रा करेंगे। मंगोलियाई नागरिकों के लिए अतिरिक्त 70 आईटी स्लाट भी हैं। ये राजनयिक संबंधों की 7 दशकीय वर्षगांठ का प्रतीक हैं।*

#### पर्यावरण संरक्षण के प्रति जताई प्रतिबद्धता

*पीएम ने कहा कि 6 साल के बाद राष्ट्रपति उखना की ये भारत यात्रा एक ऐसे मौके पर हो रही है। जब दोनों देश अपने राजनयिक संबंधों की स्थापना की 70वीं और सामरिक भागीदारी की दसवीं वर्षगांठ मना रहे हैं। हैदराबाद हाउस में मंगोलिया के राष्ट्रपति की स्वर्गीय माताजी के नाम पर वृक्षारोपण भी किया गया है। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति उखना ने जो वट वृक्ष लगाया है। वो आने वाली कई पीढ़ियों तक हमारी गहरी मित्रता और पर्यावरण के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक रहेगा।*

#### यूएनएससी में मिलेगा भारत को समर्थन

*विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) पी.कुमारन ने कहा, दोनों राष्ट्राध्यक्षों की बातचीत में सामरिक, विकास भागीदारी, सांस्कृतिक संबंध, व्यापार, शिक्षा, जटिल खनिज, नवीकरणीय ऊर्जा और लोगों के बीच संबंधों पर जोर दिया गया। मंगोलिया ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत की स्थायी सीट के लिए अपना समर्थन प्रदान करने की प्रतिबद्धता जताई है। साथ ही वर्ष 2028-29 के लिए परिषद में भारत की अस्थायी सदस्यता के लिए भी अपना समर्थन जताया है। अंतरराष्ट्रीय बिग केट एलायंस में शामिल होने को लेकर भी मंगोलिया सहमत है। वहीं, भारत ने मंगोलिया की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए राजधानी उलानबटार में रेजिडेंट डिफेंस अताशे की नियुक्ति की है। जिसका मकसद रक्षा साझेदारी को बढ़ावा देना है।*

## मंगोलिया के राष्ट्रपति से रक्षा मंत्री ने की शिष्टाचार मुलाकात

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



भारत की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा के तहत नई दिल्ली पहुंचे मंगोलिया के राष्ट्रपति खुरेलसुख उखना से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शिष्टाचार भेंट की। जिसमें दोनों के बीच बातचीत में सहयोग के नए क्षेत्रों में विविधता लाने के प्रयासों पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया। साथ ही साझा हितों के मौजूद कार्यक्रमों को और मजबूत बनाने पर भी जोर दिया गया। रक्षा मंत्री ने अपनी एक एक्स पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी है। जिसमें बताया कि मंगोलिया के राष्ट्रपति से वार्ता में हमने दोनों देशों की साझेदारी को और अधिक मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। वहीं, रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राष्ट्रपति खुरेलसुख उखना ने भारत और मंगोलिया के लोकतंत्रों का उल्लेख करते हुए कहा कि दोनों के समूचे क्षेत्र में शांति और समृद्धि की स्थापना के लिए साझा हित हैं। साथ ही यह उम्मीद भी जताई कि दोनों देश अपने सहयोग को और अधिक विविधता प्रदान ▸▸ शेष पेज 5 पर

डीजीएमओ ने दिखाए ऑपरेशन सिंदूर के सबूत

## एलओसी पर मारे गए 100 से अधिक पाकिस्तानी आतंकी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय सेना ने दुनियाभर से आए सेनाध्यक्षों को बताया है कि भारत ने पाकिस्तान की हरकतों पर लंबे वक्त तक संयम से काम लिया है, लेकिन पहलगाम जैसे बड़े आतंकी हमले के बाद उसको ऑपरेशन सिंदूर जैसा कड़ा फैसला लेना पड़ा। संयुक्त राष्ट्र में सैन्य योगदानकर्ता देशों के सेनाध्यक्षों के सम्मेलन में सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के बारे में वीडियो प्रस्तुति देकर विस्तार से जानकारी दी। डायरेक्टर जनरल मिलिट्री ऑपरेशंस (डीजीएमओ) लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा कि अगर हम मुरिदके की बात करें, तो यह लश्कर-ए-तैयबा का मुख्य आतंकी ठिकाना है। स्क्रीन पर जो भारतीय वायुसेना की स्ट्राइक दिख रही है, वह वहीं की है। इसमें पहले और बाद की तस्वीरें हैं, जिनमें कुछ अहम आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर तबाह किया गया है। उन्होंने बताया कि ▸▸ शेष पेज 5 पर

### खबर संक्षेप

#### अमेरिका के लिए बहाल हुईं सभी डाक सेवाएं

**नई दिल्ली।** भारतीय डाक विभाग ने कहा कि मंगलवार से अमेरिका के लिए सभी श्रेणियों की



अंतरराष्ट्रीय डाक सेवाएं बहाल हो गई हैं। डाक विभाग ने कहा कि अमेरिकी सीमा-शुल्क एवं सीमा संरक्षण (सीबीपी) के निर्देशों के अनुरूप अमेरिका जाने वाली डाक खेप पर शुल्क दर घोषित सामान मूल्य का 50% तय की गई है। जो नए शुल्क नियमों के तहत लागू होगी।

#### बस में लगी आग, 20 लोगों की मौत, कई घायल

**जैसलमेर।** जैसलमेर-जोधपुर हाईवे मंगलवार दोपहर 3.30 बजे चलती एसी स्लीपर बस में आग



लग गई। देखते ही देखते आग ने भीषण रूप ले लिया। बचने के लिए लोग चलती बस से कूद गए। हादसे में बच्चों, महिलाओं समेत 20 लोगों की मौत हो गई। झुलसे यात्रियों को जैसलमेर के हॉस्पिटल में भर्ती किया गया।

#### हांगकांग जा रहे विमान की अहमदाबाद में लैंडिंग

**हैदराबाद** । दोहा से हांगकांग जा रही कतर एयरवेज की फ्लाइट क्यूआर816 को सोमवार दोपहर



अहमदाबाद एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। जानकारी के अनुसार, विमान में तकनीकी खामी आने के बाद पायलट ने कंट्रोल रूम से संपर्क कर अहमदाबाद में लैंडिंग की अनुमति मांगी। विमान को दोपहर 2.32 बजे सुरक्षित तरीके से उतारा गया।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आईसीएआर-भारतीय मक्का अनुसंधान संस्थान, लुधियाना में प्रशासनिक भवन का उद्घाटन किया

## पंजाब में गेहूं के बीज की मुफ्त आपूर्ति के लिए 74 करोड़ रुपये जारी किए

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि, किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के भारतीय मक्का अनुसंधान संस्थान (आईआईएमआर) लुधियाना, पंजाब का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने संस्थान के नवनिर्मित प्रशासनिक भवन का उद्घाटन किया और मक्का हितधारकों, किसानों, ग्रामीण विकास योजनाओं के लाभार्थियों और महिला स्वयं सहायता समूहों की दीदियों से बातचीत भी की। इसके बाद, केंद्रीय मंत्री ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया, जिसमें पंजाब क्षेत्र के लिए केंद्र सरकार की प्रमुख कृषि और ग्रामीण विकास पहलों और योजनाओं की जानकारी साझा की गई। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, केंद्रीय रेल एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू और पंजाब के कृषि मंत्री ▸▸ शेष पेज 5 पर

प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री शाह की उपस्थिति में बस्तर की विकास यात्रा पर केंद्रित थीम, 31 अक्टूबर को बढ़ाएगी शोभा

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर एकता नगर (गुजरात) में दिखेगा बस्तर का बदलता स्वरूप

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर मनाया जाने वाला राष्ट्रीय एकता दिवस इस बार विशेष रूप से ऐतिहासिक होने जा रहा है। भारत सरकार द्वारा गुजरात के एकता नगर में आयोजित होने वाले इस समारोह में देशभर से चयनित राज्यों और विभागों की झांकियों का भव्य प्रदर्शन किया जाएगा। इन झांकियों के माध्यम से



भारत की सांस्कृतिक विविधता, सामाजिक एकता और विकास की गाथा को दर्शाया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय की सलेक्शन कमेटी ने एक उच्चस्तरीय बैठक में मॉडल्स के निरीक्षण के पश्चात दस राज्यों और विभागों की झांकियों का चयन किया है। चयन प्रक्रिया की अध्यक्षता केंद्रीय गृह सचिव ने की, जिसमें संगीत, कला, स्थापत्य, इतिहास और डिज़ाइन के क्षेत्रों के विशेषज्ञ भी शामिल रहे।

**इस वर्ष जिन राज्यों और संगठनों की झांकियों का चयन हुआ है, वे हैं** : राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ), राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी), अंडमान एवं ▸▸ शेष पेज 5 पर

## दीपावली से पहले प्रदूषण बढ़ा दिल्ली, एनसीआर में ग्रैप वन लागू

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और इसके आसपास के इलाकों में वायु गुणवत्ता लगातार खराब होने के मद्देनज़र वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने ग्रेडेड रेस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) का स्टेज-1 तत्काल प्रभाव से लागू करने का आदेश दिया है। आयोग की बैठक में आज क्षेत्र की वायु गुणवत्ता पर चर्चा की गई। दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स 14 अक्तूबर को 211 दर्ज किया गया, जोकि 'पुअर कैटेगरी' में आता है। भारतीय मौसम विभाग और भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान के पूर्वानुमान में भी आने वाले दिनों में इसी श्रेणी का वायु प्रदूषण बने रहने की संभावना जताई गई है।

**लागू होंगे ये उपाय :** ग्रैप के तहत स्टेज-1 की सभी कार्रवाइयों को पूरे एनसीआर में तुरंत लागू किया जाएगा। इसमें शामिल सभी एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं कि वायु प्रदूषण का स्तर और न बिगड़े। एजेंसियों को नियमित मॉनिटरिंग और ग्रैप के उपायों को सख्ती से लागू करने को कहा गया है।

**नागरिकों से अपील :** आयोग ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे ग्रैप स्टेज-1 ▸▸ शेष पेज 5 पर

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दी सख्त चेतावनी

## भारत में बने तीन सिरप में जहरीले रसायन की 'पुष्टि'

अगर ये सिरप किसी भी देश में मिलते हैं तो इसकी जानकारी तुरंत डब्ल्यूएचओ को दें

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भारत में बनी




तीन मिलावटी दवाओं की पहचान की है, जिनमें सबसे ज्यादा चर्चा में रही कोल्ड्रिफ कफ सिरप शामिल है। यह सिरप भारत के तमिलनाडु राज्य में स्थित श्रीसन फार्मास्युटिकल्स




नामक कंपनी द्वारा बनाई गई थी।

डब्ल्यूएचओ की जांच में पाया गया कि कोल्ड्रिफ सिरप में एक जहरीला रसायन डायथिलीन ग्लाइकोल (डीईजी) बहुत अधिक मात्रा में मिला है। कोल्ड्रिफ के अलावा दो और सिरप भी डब्ल्यूएचओ की चेतावनी में शामिल हैं। पहली रेडनेक्स फार्मास्युटिकल्स की रेस्पिफ्रेश टीआर और दूसरी शेप फार्मा की रीलाइफ। डब्ल्यूएचओ ने सभी देशों से अपील की है कि अगर ये सिरप किसी भी देश में मिलते हैं तो इसकी जानकारी तुरंत डब्ल्यूएचओ को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि यह घटना देश की दवा कंपनियों की निगरानी प्रणाली में बड़ी खामी को उजागर करती है। उनका ▸▸ शेष पेज 5 पर

भारत बनेगा एआई सुपरपावर

विशाखापत्तनम में 1 गीगावाट क्षमता वाला अत्याधुनिक आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस डेटा सेंटर बनेगा

# गूगल और अडाणी ने की 15 अरब डॉलर की साझेदारी, सबसे बड़ा 'एआई डेटा हब' बनाएंगे

एजेंसी ▸▸ विशाखापत्तनम

अमेरिकी टेक दिग्गज गूगल ने अगले पांच सालों में आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में एक अत्याधुनिक आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) सेंटर स्थापित करने की घोषणा की है। कंपनी इस प्रोजेक्ट में 15 अरब डॉलर (लगभग 1.25 लाख करोड़ रु.) का निवेश करेगी। इस मेगा प्रोजेक्ट में अडाणी ग्रुप के साथ साझेदारी में देश का सबसे बड़ा डेटा सेंटर भी शामिल होगा।

गूगल के मुताबिक इसमें 1 गीगावाट क्षमता वाला डेटा सेंटर कैंपस, नए नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत, और एक विस्तारित फाइबर-ऑप्टिक नेटवर्क जैसी आधुनिक सुविधाएं शामिल की जाएंगी। कंपनी के एक इवेंट में गूगल क्लाउड के सीईओ थॉमस कुरियन ने कहा कि यह अमेरिका के बाहर सबसे बड़ा एआई केंद्र होगा, जिसमें हम निवेश करने जा रहे हैं। गूगल और अडाणी ग्रुप के बीच इस परियोजना को लेकर औपचारिक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। यह घोषणा नई दिल्ली में आयोजित 'भारत एआई शक्ति' नामक कार्यक्रम के दौरान हुई। कार्यक्रम में केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, और ▸▸ शेष पेज 5 पर

गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने कहा-यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि



#### पीएम मोदी ने कहा- विकसित भारत के सपने को मिलेगी रफ्तार



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश में गूगल के पहले एआई हब की शुरुआत पर प्रसन्नता व्यक्त की है। गीगावाट-स्केल डेटा सेंटर इंफ्रास्ट्रक्चर सहित यह बहुआयामी निवेश केंद्र सरकार के विकसित भारत के सपने के साथ पूरी तरह से मेल खाता ▸▸ शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप

### 50 लाख के व्हाट्सएप इंवेस्टमेंट फ्रॉड रैकेट का पर्दाफाश

**नई दिल्ली।** शाहदरा साइबर पुलिस ने 50 लाख के व्हाट्सएप निवेश धोखाधड़ी का भंडाफोड़ किया है। इस सिलिसले में चीनी नेटवर्क से जुड़े एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया गया है। उसके आईफोन से संदिग्ध चीनी व्यक्तियों से की गई चैट भी बरामद हुई है। डीसीपी प्रशांत गौतम के अनुसार शिखा गुप्ता की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। शिखा ने आरोप लगाया था कि एक विदेशी कंपनी के माध्यम से निवेश के बहाने उनसे 2,90,000 की ठगी की गई है। ठगों के ग्रुप ने निवेशकों को लुभाने के लिए फर्जी लाभ के स्क्रीनशॉट दिखाए थे। इन गलत जानकारियों से प्रेरित होकर शिकायतकर्ता ने उनके बताये रास्ते पर चलकर निवेश कर दिया। लेकिन जब उन्होंने अपना पैसा निकालने का प्रयास किया तो उनसे और पैसे की मांग की गई। तकनीकी विश्लेषण के बाद उत्तराखंड में कई जगहों पर छापेमारी के बाद बाद एक आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। आरोपी राजीब दत्ता कोलकाता, पश्चिम बंगाल का रहने वाला है। इसके कब्जे से एक आईफोन 13 बरामद किया गया। व्हाट्सएप चैट से चीनी नागरिकों के साथ खाते की जानकारी, लेनदेन विवरण और कमीशन संबंधी बातचीत साझा करने का खुलासा हुआ।

### नाले में एक व्यक्ति का शव तैरता मिला

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के करावल नगर थाना अंतर्गत अंकुर विहार में मंगलवार सुबह एक व्यक्ति का शव नाले में तैरता मिला। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को पहचान के लिये मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया है। पुलिस के अनुसार करावल नगर थाने में मंगलवार तड़के शव के विषय में सूचना मिली। एक टीम मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला। शव को पहले मेडिकल जांच के लिए जेपीसी अस्पताल ले जाया गया और बाद में पोस्टमॉर्टम के लिए जीटीबी अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि शव पर चोट का निशान नहीं मिला है और मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद पता चलेगा। करावल नगर, सोनिया विहार और लोनी बॉर्डर सहित आसपास के इलाकों में हाल ही में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्ट की जांच के लिए टीमें गठित की गई हैं ताकि मृत व्यक्ति की पहचान सुनिश्चित की जा सके। आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

### एनडीएमसी आगामी सीजन में अपने क्षेत्र में लगाएगी करीब सवा 3 लाख ट्यूलिप

# एलजी ने किया एनडीएमसी के ट्यूलिप विकास एवं भंडारण कक्ष का दौरा

हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने लोधी गार्डन स्थित नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के ट्यूलिप विकास सह भंडारण कक्ष का दौरा किया और संग्रहित ट्यूलिप बल्बों के विकास का निरीक्षण किया, जिन्हें आगामी सीज़न में एनडीएमसी क्षेत्र में लगाया जाएगा। एनडीएमसी प्रशासन ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि एनडीएमसी द्वारा 2022 में दिल्ली में स्थानीय स्तर पर ट्यूलिप उगाने के लिए उठाए गए छोटे कदम के उत्साहजनक परिणाम दिखने लगे हैं। जानकारी दी गई है कि एनडीएमसी अपने क्षेत्र में ट्यूलिप लगाने का एक लंबा इतिहास रखती है। इस वर्ष भी एनडीएमसी और डीडीए क्षेत्र के लिए 5 लाख 17 हजार बल्ब आयात करने की योजना बनाई गई है, जिनमें से 3 लाख 25 हजार बल्ब एनडीएमसी लगाएगी और 1 लाख 92 हजार बल्ब डीडीए द्वारा उपयोग किए जाएँगे।



### लोधी गार्डन में बनाए गए विशेष कक्ष में विकसित किया गया

एनडीएमसी प्रशासन ने बताया कि इस सर्दी में, एनडीएमसी 50 हजार से अधिक स्थानीय रूप से उगाए गए ट्यूलिप लगाएगी, जो राष्ट्रीय राजधानी भर में लगाए जाने वाले कुल करीब साढ़े 5 लाख ट्यूलिप का लगभग 10 प्रतिशत है। इन 50 हजार स्वदेशी ट्यूलिप बल्बों में से, 29 हजार को 2022 में एलजी वीके सक्सेना के मार्गदर्शन में एनडीएमसी द्वारा लोधी गार्डन में बनाए गए विशेष कक्ष में विकसित किया गया है। शेष लगभग 21 हजार ट्यूलिप बल्ब हिमाचल प्रदेश के पालमपुर में हिमालयन बायोरिसोर्स टेक्नोलॉजी संस्थान (आईएचबीटी-सीएसआईआर) द्वारा विकसित किए गए हैं, जिन्हें पिछले वर्षों के दौरान दिल्ली में एनडीएमसी द्वारा काटा गया था।

### डीडीए क्षेत्र के लिए 5 लाख 17 हजार बल्ब आयात करने की योजना

एनडीएमसी अपने क्षेत्र में ट्यूलिप लगाने का एक लंबा इतिहास रखती है। इस वर्ष भी एनडीएमसी और डीडीए क्षेत्र के लिए 5 लाख 17 हजार बल्ब आयात करने की योजना बनाई गई है, जिनमें से 3 लाख 25 हजार बल्ब एनडीएमसी लगाएगी और 1 लाख 92 हजार बल्ब डीडीए द्वारा उपयोग किए जाएँगे। इस वर्ष एनडीएमसी के विभिन्न क्षेत्रों जैसे शांति पथ लॉन और गोलचक्कर, 11 मूर्ति, मंडी हाउस गोल चक्कर, पुराने वीपी हाउस गोल चक्कर और आसपास के त्रिकोणीय भूखंड, लोधी गार्डन, तालकटोरा गार्डन आदि में ट्यूलिप लगाए जाएंगे।

### एलजी ने एनडीएमसी के प्रयासों की सराहना की

एनडीएमसी प्रशासन ने बताया कि उपराज्यपाल ने एनडीएमसी के इन प्रयासों की सराहना की और कहा कि यह अन्य एजेंसियों के लिए स्थानीय स्तर पर ट्यूलिप की खेती को बढ़ावा देने हेतु एक उदाहरण प्रस्तुत करेगा। उन्होंने एनडीएमसी अधिकारियों से ट्यूलिप प्रसार कक्ष की उत्पादन क्षमता बढ़ाने का भी अनुरोध किया। एनडीएमसी अपने क्षेत्र में ट्यूलिप लगाने का एक लंबा इतिहास रखती है। एनडीएमसी ने बताया कि स्थानीय स्तर पर ट्यूलिप उगाना और धीरे-धीरे ट्यूलिप के आयात पर हमारी निर्भरता को कम करना एलजी सक्सेना का विचार था।

## दो बदमाश अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार, गैंगवार टला

नई दिल्ली। स्पेशल सेल की पूर्वी रेंज टीम ने अवैध हथियारों के साथ दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चार सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल बरामद की गई। आरोपी एमपी से डेढ़ लाख में ये पिस्टल खरीदकर लाये थे। पुलिस ने दावा किया कि इस गिरफ्तारी के बाद राजधानी में गैंगवार टला गया है। आरोपी प्रतिद्वंद्वियों गिरोह के सदस्यों को खत्म करने की योजना बना चुके थे। पुलिस के अनुसार मोहित और मंजय नामक दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे से कुल चार पिस्टल बरामद की गई। मोहित ने अपने सहयोगी मंजय के साथ मिलकर अपने मामा और परिवार के दो अन्य सदस्यों की हत्या का बदला लेने के लिए इंदौर, मध्य प्रदेश से ये हथियार खरीदे थे। दोनों बदमाश भटगांव मालियान और सलीमसर माजरा, जिला सोनीपत, हरियाणा के रहने वाले हैं। दरअसल हेड कांस्टेबल संजीत राठी को मोहित नामक अपराधी के अपने साथियों के साथ प्रतिद्वंद्वी गिरोह के सदस्यों को खत्म करने के लिए अवैध हथियार खरीदने मध्य प्रदेश पहुंचने की सूचना मिली थी। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी मोहित और उसके साथी मंजय को दिल्ली पहुंचने पर गिरफ्तार कर लिया गया।


**इंड वाल, साइड वाल और फर्श का पूर्ण नवीनीकरण**

**निविदा सं.: M-249-RSP-2025-26-DRG-17** । अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:** सी एंड डब्ल्यू वर्कशॉप, पू. सी. रेलवे, न्यू बंगाईगांव में 100 बीओएक्सएन वैगनों की इंड वाल, साइड वाल और फर्श का पूर्ण नवीनीकरण। **विज्ञापित मूल्य:** ₹6,09,33,248/-; **धरोहर राशि:** ₹4,54,700/- । **ई-निविदाएं** 30-10-2025 को 15:00 बजे **बंद होंगी।** उपरोक्त ई-निविदा के निविदा कागजात के साथ संपूर्ण सूचना **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होंगी।

सीडब्ल्यूएम/एनबीक्यूएस

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 82252134D | इंजेक्शन डरातुमुमब 400 मि.ग्रा. | 448 नग | 03.11.2025 |

**निविदा शर्तें– 1.** विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाईट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। **2.** मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

**टेंडर नोटिस सं.: टेबलेट/इंजेक्शन और दवाएं दिनांक 13.10.2025** 3165/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C./84 भारतीय न्याय संहिता, 2023 देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्तः **इमरान उर्फ राहुल, पुत्र इब्राहिम, निवासीः 500/20ए, गली नंबर 10, भीकम सिंह कॉलोनी, शाहदरा, दिल्ली** यहाँ भी **खड़ खड़ी नुसरताबाद, लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.256/2022 U/S. 380/411 IPC** के तहत एक मामला **थाना फर्श बाजार, शाहदरा जिला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **इमरान उर्फ राहुल** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **इमरान उर्फ राहुल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No.256/2022 U/S. 380/411 IPC थाना फर्श बाजार, शाहदरा जिला, दिल्ली** के अभियुक्त **इमरान उर्फ राहुल** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए **दिनांक 29.11.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, अखिल मलिक
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-02
शाहदरा जिला, कमरा संख्या 38, भूतल,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली।

DP/13929/SHD/2025
(अदालती मामला)



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **रोहित कुमार, पताः** मकान नंबर 412, प्रथम तल, बुराड़ी 8, गांव जगतपुर सिटी, दिल्ली-110084, लैंडमार्क एमसीडी स्कूल, **CC No. 7797/24, U/s: 138 NI Act, पुलिस थानाः कश्मीरी गेट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रोहित कुमार,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रोहित कुमार,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **रोहित कुमार, CC No. 7797/24, U/s: 138 NI Act, पुलिस थानाः कश्मीरी गेट, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.11.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री आरुषि परवाल
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी (एनआई एक्ट)-05, (केंद्रीय)
कमरा नं. 02 भूतल (मध्य जिला) उपभवन-01
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/13717/N/2025
(Court Matter)


## साउथ एशियन यूनिवर्सिटी की छात्रा का यौन उत्पीड़न, प्राथमिकी दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

साउथ एशियन यूनिवर्सिटी (एसएयू) की एक छात्रा से चार लोगों द्वारा किये गये यौन उत्पीड़न के मामले में दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज की है। हालांकि पुलिस ने घटना का विवरण साझा नहीं किया है। उधर मामले में छात्रों ने यूनिवर्सिटी परिसर में प्रदर्शन भी किया।

डीसीपी दक्षिण जिला अंकित चौहान ने आधिकारिक बयान में कहा कि घटना के संबंध में मैदान गढ़ी थाने को सोमवार अपराह्न करीब तीन बजे पीसीआर कॉल आई थी। इसके बाद पुलिस की एक टीम विश्वविद्यालय परिसर पहुंची। उन्होंने कहा कि फोन लड़की के किसी जानने वाले ने किया था। फिलहाल उसकी काउंसलिंग की जा रही है। डीसीपी ने कहा कि पीड़िता के बयान के आधार पर उचित धाराओं के तहत एक प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की पूरी संवेदनशीलता और प्राथमिकता के साथ जांच की जा रही है।



### यूनिवर्सिटी परिसर में विद्यार्थियों ने किया प्रदर्शन

इस घटना के विरोध में मंगलवार को साउथ एशियन यूनिवर्सिटी (एसएयू) परिसर में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रदर्शन किया। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि छात्रा के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज किये जाने के एक दिन बाद 13 अक्टूबर को वह परिसर में घायल अवस्था में पाई गई और उसके कपड़े फटे हुए थे। एसएयू ने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है और कहा कि वह अपने विद्यार्थियों के साथ खड़ी है।

## डीटीसी बस कई वाहनों से टकराई सड़क पर फैली गई दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली के विश्वास नगर इलाके में मंगलवार को एक डीटीसी बस बेकाबू होकर कई वाहनों से जा टक्कराई। इस घटना में ई-रिक्शा और एक स्कूल वैन भी क्षतिग्रस्त हो गई। ड्राइवर ने ब्रेक फेल होने का दावा किया है। पुलिस ने बस चालक सतीश को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच कर रही है। पुलिस बस की मैकेनिक जांच करवाने की बात भी कह रही है ताकि ब्रेक फेल होने की सच्चाई का पता लगाया जा सके। प्रारंभिक जांच में यह पाया गया कि चालक ने शराब नहीं पी थी। यह पिछले दो महीनों में डीटीसी बस से जुड़ा दूसरा बड़ा हादसा है। पुलिस के अनुसार मंगलवार को विश्वास नगर स्थित काली माता मंदिर के पास एक डीटीसी बस और कुछ वाहनों के बीच हुई दुर्घटना की सूचना फर्श बाजार थाने को मिली थी। पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे तो पता चला कि डीटीसी बस और ओमनी स्कूल वैन, ई-रिक्शा और मोटरसाइकिल के बीच मामूली टक्कर हुई थी। स्कूल वैन दिनेश नामक व्यक्ति चला रहा था। सर्वोदय विद्यालय, सूरजमल स्कूल के 8 वर्षीय छात्र का हादसे में एक दांत टूट गया। ओमनी वैन को पीछे से एक बाइक और ई-रिक्शा ने टक्कर मारी। बाइक सवार सतीश और महेश तथा ई-रिक्शा चालक दिनेश को मामूली चोटें आई है। घायलों को हेडगेवार अस्पताल ले जाया गया था। बस चालक सतीश के खिलाफ सड़क दुर्घटना का मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। सतीश को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों में 2.5 प्रतिशत की कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

राजधानी में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों में सितंबर 2025 तक पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 2.5 प्रतिशत की कमी आई है। जबकि घातक सड़क दुर्घटनाओं में 2.9 प्रतिशत की गिरावट आई।

दिल्ली यातायात पुलिस द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गयी। पुलिस ने इस निरंतर गिरावट का श्रेय लगातार और व्यवस्थित प्रयासों को दिया, जिसमें डेटा-आधारित, साक्ष्य-आधारित हस्तक्षेप और सड़क अवसंरचना में सुधार शामिल थे। पुलिस आंकड़ों के अनुसार सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों की संख्या पिछले वर्ष 1,178 से घटकर 1,149 रही। जबकि इसी अवधि के दौरान घातक दुर्घटनाओं की संख्या 1,148 से घटकर 1,115 रह गई। दिल्ली यातायात पुलिस ने सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को कम करने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाया है, जिसमें दुर्घटना के आंकड़ों का विश्लेषण, जोखिम कारकों की पहचान और इंजीनियरिंग बदलाव की सिफारिश करना शामिल है।




विशेष पुलिस आयुक्त (यातायात) अजय चौधरी के अनुसार सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों में लगातार कमी जोखिम कारकों को लक्षित करने और उच्च जोखिम वाले स्थानों पर जीवन रक्षक उपायों की सिफारिश करने का प्रत्यक्ष परिणाम है। दिल्ली यातायात पुलिस सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है। पुलिस ने बताया कि उसका दुर्घटना शोध प्रकोष्ठ घातक दुर्घटनाओं का विश्लेषण करता है और 'ब्लैकस्पॉट', यानी बार-बार होने वाली दुर्घटनाओं के संभावित स्थानों की पहचान करता है। इसके बाद ट्रैफिक पुलिस इंजीनियरिंग प्रकोष्ठ इन स्थलों का दौरा करके डिजाइन में सुधार और अन्य सुरक्षा उपाय सुझाता है। दिल्ली सड़क दुर्घटना रिपोर्ट, जिसे पहले दिल्ली में दुर्घटना रिपोर्ट कहा जाता था का नाम बदलकर अब इसे 'क्रैश' रिपोर्ट किया गया है। यह बदलाव वैश्विक दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करने के लिए किया गया है, जिसमें यह माना जाता है कि इस प्रकार की घटनाएं अनिवार्य रूप से घटित होने वाली नहीं हैं बल्कि इन्हें रोका जा सकता है।

### घातक दुर्घटनाएं भी कम हुई

इस वर्ष यातायात पुलिस ने शहर भर में 143 उच्च जोखिम वाले स्थानों की पहचान की और सुरक्षित सड़क डिजाइन, बेहतर संकेत और सड़क मरम्मत की सिफारिश की। इसने स्कूलों, कॉलेजों और अस्पतालों के निकट 30 से अधिक स्थानों पर गति नियंत्रण के उपाय भी प्रस्तावित किए हैं, जिनमें नए स्पीड ब्रेकर और सुरक्षित पैदल यात्री पार पथ शामिल हैं। सड़क सुरक्षा विशेषज्ञों के सहयोग से 3,600 से अधिक यातायात कर्मियों को गति प्रबंधन और डेटा-आधारित प्रवर्तन तकनीकों में प्रशिक्षित किया गया है।

## त्रिनगर में 14 वर्षीय किशोर ने पंखे से लटका दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर पश्चिम दिल्ली के त्रिनगर इलाके में 14 वर्षीय एक किशोर का शव उसके घर में पंखे से लटका हुआ पाया गया। पुलिस को उसके फोन पर एक वीडियो मिला जिसमें घटना रिकॉर्ड की गई थी और वे इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या लड़का रील रिकॉर्ड करने का प्रयास कर रहा था और यह एक दुर्घटना थी या उसने जानबूझकर अपनी जान ले ली।

पुलिस के अनुसार यह घटना रविवार को सामने आई। केशवपुरम पुलिस को दीप चंद बंधु अस्पताल (डीसीबीएच) से सूचना मिली थी। पुलिस अस्पताल पहुंची तो पता चला कि लड़का अपने घर में पखे से लटका हुआ पाया गया था। वह कक्षा नौ का छात्र था। पुलिस ने बताया कि अस्पताल में लड़के को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस के अनुसार लड़का अपने माता-पिता और बड़ी बहन के साथ रहता था। पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच में पता चला कि लड़के ने पर्दे का इस्तेमाल करके पंखे से लटककर फांसी लगाई थी। उसने अपना मोबाइल फोन भी कुछ दूरी पर रखकर पूरी घटना का वीडियो बनाया। अभी तक किसी भी तरह की गड़बड़ी की बात सामने नहीं आई है।

अपराध टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और मृतक के मोबाइल फोन समेत अन्य साक्ष्य फोरेंसिक जांच के लिए जब्त किए। शव को बीजेआरएम अस्पताल में रखा गया था, जिसे पोस्टमार्टम के बाद परिवार को सौंप दिया गया। पुलिस ने कहा कि जांचकर्ता कई पहलुओं पर जांच कर रहे हैं, जिसमें यह संभावना भी शामिल है कि कहीं लड़का सोशल मीडिया के लिए वीडियो तो शूट करते समय हादसे का शिकार नहीं हुआ।


**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।**

मु.न. 294 दिनांक 09.10.2025 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना शहर सोनीपत जिला सोनीपत

**गुमशुदा की पहचान**

नाम - श्यामो देवी।
पति का नाम - रनेश सिंह।
पता - वासी हाउस न0.2625, सेक्टर-23 जिला सोनीपत हरियाणा।
उम्र 70 वर्ष ।
कद 5 फुट ।
हुलियाः रंग गेंहुआ, गोल चेहरा, सफेद बाल, काली आँखे, सामान्य शरीर है।
पहनावाः- गुलाबी रंग की साडी व पैरों में चप्पल पहने हुए हैं।



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 08.10.2025 को श्यामो देवी पत्नी रमेश सिंह वासी हाउस न0.2625, सेक्टर-23 जिला सोनीपत अपनी मर्जी से घर से बिना बताए कहीं चली गयी हैं। अब तक वापिस नहीं आयी हैं। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना शहर सोनीपत में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती है तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करे।

प्रबन्धक थाना शहर सोनीपत-7419410532
अनुसंधानकर्ता मो0 न0-9812402660
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेखअधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत

पीआरडीएच-1084/11/4015/2026/39471/88/7 दि. 14.10.2025


## हत्या, लूट और अपहरण के मामलों में फरार अपराधी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच की नॉदर्न रेंज ने हत्या, लूट और अपहरण के मामलों में फरार अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को दो मामलों में अदालत द्वारा भगौड़ा अपराधी भी घोषित किया हुआ था। इसके खिलाफ हत्या का मामला शाहीन बाग और हथियार के बल पर लूट का मामला नरेला इंडस्ट्रियल एरिया थाने में दर्ज था। डीसीपी पंकज कुमार के अनुसार एसीपी नरेंद्र बेनीवाल के पर्यवेक्षण एवं इंस्पेक्टर संदीप स्वामी के नेतृत्व में वांछित आरोपी प्रिंस चौहान (30) निवासी भलस्वा डेयरी, स्थायी पता गांव पबसरा, थाना कुंडली, जिला सोनीपत, हरियाणा को गिरफ्तार किया है। इसके खिलाफ भलस्वा डेयरी थाने में हत्या का मामला दर्ज था। आरोपी घटना के बाद से ही फरार चल रहा था। पुलिस के अनुसार 15 अक्टूबर को शिकायतकर्ता नासिर पहलवान अपने घर के पास खड़ा था। उसी समय शकील वहां अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगा। नासिर ने उसे वहां से जाने को कहा। कुछ देर बाद शकील अपने साथ प्रिंस चौहान, वकील और अन्य लोगों को लेकर आया और शिकायतकर्ता व उसके परिजनों पर गोलियां चला दी। इस फायरिंग में शाहरुख उर्फ आसिफ और नौशाद गंभीर रूप से घायल हुए। घायल नौशाद की बाद में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। जांच के दौरान जुबैर, अंकित उर्फ विक्की, शकील और शिवम उर्फ शुभम को गिरफ्तार कर लिया गया था, जबकि आरोपी प्रिंस चौहान फरार था।


**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | यमुनानगर में तेजली स्टेडियम में स्पोर्ट्स हॉस्टल (फुटबाल स्पोर्ट्स अकेडमी) की चारदिवारी की 5' 11.5'' ऊंची और 9' मोटी स्टेगर्ड चारदिवारी का निर्माण। | 13.10.2025 20.10.2025 | 10.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1732237834 pwd-eepd-yamunanagar@hry.nic.in |
| 2 | जिला परिषद सोनीपत | गांव छतेरा, भादुरपुर में उप स्वास्थ्य केन्द्र + 4 कार्य। | बंद होने की तिथि 16.10.2025 | 235.17 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeengzp.snp@gmail.com |
| 3 | कृषि एवं किसान कल्याण, रोहतक | गांव आसन, ब्लॉक व जिला रोहतक में सब-सर्फेस ड्रेनेज टेक्नोलॉजी के माध्यम से वाटर लॉग्ड और सैलाइन सोइल का रिक्लेमेशन। | 10.10.2025 24.10.2025 | ईएमडी 7.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466723261 asco.rtk2015@gmail.com |
| 4 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय सोनीपत | केसीजीएमसी, करनाल में डीजल जनरेटर (डीजी) सैट्स समेत वैद्युत, अग्निशमन सेवाओं के व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) हेतु ई-निविदा के सम्बन्ध में। | 16.10.2025 31.10.2025 | ईएमडी 5.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8295340665 director.kcghc-hry@gov.in |
| 5 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय सोनीपत | केसीजीएमसी, करनाल में 36 अदद लिफ्टों के व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) हेतु ई-निविदा के सम्बन्ध में। | 16.10.2025 31.10.2025 | ईएमडी 1.94 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8295340665 director.kcghc-hry@gov.in |
| 6 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव पातुवास में बीसी चौपाल का निर्माण (स्कीम-डी प्लान 2025-26) + 2 कार्य। | 09.10.2025 17.10.2025 | 15.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8168502876 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज पुण्डरी | गांव मोहना में गोगा मेडी से टीका पुत्र फतेह सिंह के मकान तक गली का निर्माण + 1 कार्य। | 13.10.2025 21.10.2025 | 5.85 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398020009 sdoprpundri@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/140/39482/I/88/7 दि. 14.10.25




## ‘दिल्ली सरकार की यह घोषणा दिल्ली के लोगों के लिए दीपावली का है उपहार’

# पानी के बिलों पर लेट पेमेंट सरचार्ज 100 प्रतिशत तक माफ : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने मंगलवार को पानी के लंबित बिलों व अनधिकृत पेयजल व सीवर के कनेक्शनों पर राहत देते हुए 100 प्रतिशत तक सरचार्ज माफ कर दिया है। इस बात की घोषणा मंगलवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सचिवालय में आयोजित एक कार्यक्रम में की। इस अवसर पर दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह और दिल्ली जल बोर्ड के सीईओ कौशल राज शर्मा मौजूद रहे। मुख्यमंत्री के अनुसार अगर लोग अपने पानी के पुराने बिलों को अगले वर्ष 31 जनवरी तक जमा करा देंगे तो उन्हें लेट पेमेंट चार्ज पर 100 प्रतिशत की छूट मिलेगी। इसके अलावा अवैध कनेक्शनों पर भी लगने वाली पेनल्टी पर भारी छूट दी जा रही है। मुख्यमंत्री का कहना है कि सरकार की इस योजना के तहत लगभग 11000 करोड़ रुपये सरचार्ज माफ किया जाएगा। वहीं जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि दिल्ली के लोगों को यह दीपावली का उपहार है। हमने यह कदम जनहित में उठाया है। हमारी सरकार चाहती है कि जल बोर्ड की कार्यप्रणाली को बेहतर व प्रभावी बनाया जाए।



### 31 जनवरी 2026 तक बकाया पानी का बिल भरने पर मिलेगी सरचार्ज में छूट

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता कहा कि जल उपभोग के बिल दो माह की अवधि के शुल्क पर आधारित होते हैं और यदि कोई उपभोक्ता यह शुल्क समय से जमा नहीं करता, तो उस पर लेट पेमेंट सरचार्ज लगाया जाता है जो चक्रवृद्धि ब्याज की दर से बढ़ता है। यह बाद में लोगों की परेशानी का कारण बन जाता है और उनका कनेक्शन भी काट दिया जाता है। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए लेट पेमेंट सरचार्ज माफी योजना लागू की गई है। इस योजना के अंतर्गत अगर लोग अपने लंबित बिलों की राशि को 31 जनवरी 2026 तक जमा कर देंगे तो उनका लेट पेमेंट सरचार्ज 100 माफ कर दिया जाएगा। यह भुगतान एकमुश्त या किश्तों में किया जा सकेगा। उसके बाद 1 फरवरी 2026 से 31 मार्च 2026 तक योजना के तहत 70 प्रतिशत लेट पेमेंट सरचार्ज माफी दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि सभी उपभोक्ता इस योजना का लाभ उठाते हैं तो लगभग 11 हजार करोड़ रुपये का लेट पेमेंट सरचार्ज माफ किया जाएगा।

### जनहित में लिया गया फैसला : प्रवेश

इस अवसर पर जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने हमने यह कदम जनहित में उठाया है, ताकि लोगों को वैध कनेक्शन मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार के इस निर्णय से जल बोर्ड को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा, लेकिन इससे आम जन को लाभ होगा। हमारी सरकार ने दिल्ली वालों को दीपावली का उपहार दिया है। प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि हम जल बोर्ड के सिस्टम को पूरी तरह दुरुस्त और प्रभावी बनाना चाहते हैं। हम पानी के उपभोक्ताओं में भी बढ़ोतरी करने के लिए ठोस उपाय कर रहे हैं। इसके अलावा जनता को और सुविधाएं देने के लिए हम सीवर सिस्टम को मजबूत बना रहे हैं। इसके अलावा यमुना नदी को निर्मल व स्वच्छ बनाने के लिए भी बड़ी योजनाएं लागू की जा रही हैं।

### अब घरेलू पानी का कनेक्शन 25 हजार की जगह एक हजार रुपए में होगा नियमित

रेखा गुप्ता ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं अनाधिकृत रूप से जल या सीवर कनेक्शन चालू कर रखे हैं। उनके लिए हमारी सरकार अनाधिकृत जल तथा सीवर कनेक्शन नियमितीकरण योजना लेकर आई है। इसमें 31 जनवरी 2026 तक घरेलू उपभोक्ता अपने अनधिकृत पानी और सीवर के कनेक्शन 25 हजार रुपये के स्थान पर केवल एक हजार रुपये में नियमित करा सकते हैं। वहीं गैर-घरेलू कनेक्शन वाले उपभोक्ता 61 हजार रुपये के स्थान पर केवल पांच हजार रुपये अपने कनेक्शन नियमित करा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना में छूट केवल पेनल्टी राशि पर लागू होगी जबकि सामान्य जल-सीवर कनेक्शन शुल्क और इन्फ्रास्ट्रक्चर चार्ज नियमों के अनुसार देने होंगे। उन्होंने कहा कि यह भी इस तरह की अंतिम योजना होगी और इसके बाद यदि कोई उपभोक्ता अपना कनेक्शन नियमित नहीं करवाता है तो उसका कनेक्शन काट दिया जाएगा।

*निगम की सदन बैठक में प्रस्ताव पारित*

## 2000 से 2002 तक के सभी कच्चे कर्मियों को किया जाएगा पक्का



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- महापौर ने की नौ सदस्यीय समिति के गठन की घोषणा
- आप पार्षदों ने लगाया ‘वेतन चोर कुर्सी छोड़’ का नारा

दिल्ली नगर निगम की सदन बैठक में मंगलवार को 2000 से 2002 तक के करीब तीन हजार कच्चे कर्मियों को पक्का करने का प्रस्ताव पारित किया गया। सदन की बैठक जनस्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत हड़ताली एमटीएस कर्मियों की लंबित मांगों को लेकर जोरदार हंगामे के बीच संपन्न हुई। नेता विपक्ष अंकुश नारंग के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी (आप) के पार्षदों ने काली पट्टी बांधकर सदन में ‘वेतन चोर कुर्सी छोड़’ और ‘एमसीडी एमटीएस कर्मचारी जिंदाबाद’ जैसे नारे लगाते हुए जमकर प्रदर्शन किया। बैठक की शुरुआत स्वर्गीय विजय कुमार मल्होत्रा के लिए शोक प्रस्ताव से हुई, जिसे सत्तारूढ़ दल, कांग्रेस और इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी के पार्षदों ने मिलकर पढ़ा।

इसके बाद निगम आयुक्त ने एक माह की घटनाओं का विवरण पेश किया। जैसे ही महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने सदन में कार्यवाही आगे बढ़ाई, उन्होंने सिविक सेंटर पर पिछले दो सप्ताह से जारी एमटीएस कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल का जिक्र किया और घोषणा करते हुए कहा कि कर्मियों की मांगों के समाधान के लिए एक 9 सदस्यीय समिति गठित की जाएगी। महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि जन स्वास्थ्य विभाग के ‘एमटीएस कर्मियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए एक समिति बनाई जा रही है, जिसमें सत्ता पक्ष, विपक्ष और एमटीएस कर्मियों में से दो प्रतिनिधि शामिल होंगे और अगले 24 घंटे में मांगों को हल करने का आश्वासन दिया गया। बता दें कि महापौर की घोषणा के बाद नेता सदन प्रवेश वाही ने त्योहारी सीजन की तैयारियों पर चर्चा शुरू की, लेकिन इसी दौरान सदन में आए आप पार्षदों ने नारेबाजी शुरू कर दी, जिससे सदन की कार्यवाही दस मिनट के लिए बाधित हो गई।

## दिल्ली से अयोध्या, कटरा और उदयपुर के लिए जल्द शुरू होगी एसी बस सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



अयोध्या, कटरा या उदयपुर की यात्रा अब और अधिक सुगम और सस्ती होने वाली है, क्योंकि दिल्ली सरकार इन स्थानों तक आरामदायक लंबी दूरी की यात्रा प्रदान करने के लिए 50 एसी बसें शुरू करने की योजना बना रही है। एक अधिकारी ने बताया कि जल्द ही शुरू होने वाली बसों को विशेष रूप से मध्यम से लंबी दूरी के मार्गों के लिए डिजाइन किया गया है। उम्मीद है कि इसका पहला चरण आगामी महीनों में शुरू होगा। इसकी शुरुआत सीमित संख्या में बसों से होगी और फिर बाद में इसे बढ़ाया जाएगा।

अधिकारी ने नए वोल्वो बेड़े के लंबे मार्ग के बारे में कहा कि लंबे मार्ग चार्जिंग बुनियादी ढांचे के मामले में चुनौतियां पेश करते हैं, इसलिए फिलहाल योजना ऐसी दूरी के भीतर परिचालन करने की है, जिसका प्रबंधन आसानी से किया जा सके। अधिकारी ने कहा कि परिवहन विभाग अयोध्या (लखनऊ के रास्ते 656 किमी), कटरा (684 किमी) और उदयपुर (660 किमी) जैसे प्रमुख स्थलों के लिए 50 प्रीमियम वोल्वो बसों की शुरुआत के साथ लंबी दूरी की यात्रा में बदलने के लिए कमर कस रहा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में और अधिक स्थानों को जोड़े जाने की संभावना है। परिवहन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यात्रियों की सुविधा और सामर्थ्य इस परियोजना के केंद्र में है।

हालांकि किराये का सटीक विवरण अभी तक तय नहीं हुआ है, लेकिन अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि किराया निजी बस संचालकों द्वारा वसूले जाने वाले किराये से काफी कम होगा। अधिकारी ने बताया कि चार्जिंग संबंधी बाधाओं के कारण मौजूदा अंतरराज्यीय इलेक्ट्रिक बसें फिलहाल 245 से 250 किलोमीटर के रूट तक ही सीमित हैं।

## दिल्ली देहात की सड़कों और नालों का काम समयबद्ध तरीके से हो पूरा : प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने ‘गवर्नमेंट ऑन व्हील्स’ पहल को आगे बढ़ाते हुए मंगलवार को दिल्ली देहात के कई इलाकों में सड़कों और नालों के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने चल रहे कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। प्रवेश ने अधिकारियों को इन कार्यों को समयबद्ध पूरा करने तथा विभागों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण का आरंभ धौला कुआं मेट्रो स्टेशन से हुआ, जहां मंत्री प्रवेश ने पीडब्ल्यूडी, दिल्ली जल बोर्ड और अन्य नागरिक एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। इसके बाद दल ने नजफगढ़, नांगलोई, मुंडका, कराला और मंगोलपुरी क्षेत्रों का दौरा किया। यह मार्ग कई प्रमुख सड़कों और जल निकासी परियोजनाओं को कवर करता है, जिनमें नजफगढ़ (यूईआर-दो मार्ग से), नांगलोई–नजफगढ़ रोड, रोहतक रोड (मुंडका), रानी खेड़ा अंडरपास, घेवर रोड और कराला–कंझावला रोड से लेकर मंगोलपुरी तक के हिस्से शामिल थे। निरीक्षण के दौरान मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने कहा हमारी सरकार दिल्ली के बाहरी इलाकों में वर्षों से लंबित सड़कों और जल निकासी से जुड़ी समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। मुंडका रोड अब एनएचएआई को हस्तांतरित कर दी गई है और इसके साथ एक व्यवस्थित ड्रेनेज सिस्टम भी तैयार किया जा रहा है।

### बवाना से औचंदी बॉर्डर की ओर जाने वाले रोड का हो सीमांकन, चौड़ीकरण एवं डिवाइडर निर्माण कार्य



नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के समाज कल्याण विभाग मंत्री एवं उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के प्रभारी रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने मंगलवार को बेहतर और सुरक्षित यातायात के लिए पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह को बवाना से होकर गुजरने वाली प्रमुख सड़कों के डिमार्केशन और चौड़ीकरण हेतु पत्र लिखकर, इसके त्वरित कार्यान्वयन हेतु निर्देश देने का आग्रह किया। समाज कल्याण मंत्री ने उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के विकास के लिए बवाना से औचंदी बॉर्डर रोड के सीमांकन, चौड़ीकरण एवं डिवाइडर निर्माण, डीएसआईआईडीसी कट से राजीव गाँधी स्टेडियम तक फ्लाईओवर निर्माण और मंगोलपुरी चौक से कंझावला तक फ्लाईओवर निर्माण की जरुरत बताई। समाज कल्याण विभाग मंत्री ने कहा कि बवाना से औचंदी बॉर्डर की ओर जाने वाले रोड प्रमुख मार्ग है। इस पर उद्योगों से जुड़े भारी वाहन गुजरते हैं। साथ ही रिहायशी कॉलोनियों से औद्योगिक क्षेत्रों में भी बड़ी संख्या में कर्मचारियों व अन्य लोगों का नियमित आवागमन होता है। वर्तमान में यह सड़क कई जगहों पर संकरी और असमान है, जिससे हैवी ट्रैफिक के कारण जाम लगता है, दुर्घटनाएं होती हैं और आमजन के लिए यातायात बाधित होता रहता है।

### चांदनी चौक की बदहाली को लेकर भाजपा ने किया प्रदर्शन

नई दिल्ली। चांदनी चौक के बदहाली को लेकर मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के ‘आप’ विधायक के विरूद्ध मोरी गेट के पास धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया। मोरी गेट से प्रदर्शन कर शीशगंज गुरुद्वारा के सामने विधायक कार्यालय की ओर जा रहे भाजपा कार्यकर्ताओं को दिल्ली पुलिस ने बलपूर्वक क्लॉथ मार्केट, फतेहपुरी के समीप रोक दिया। धरने का नेतृत्व जिलाध्यक्ष पूर्व पार्षद अरविंद गर्ग ने किया। इस मौके पर पूर्व पार्षद अरविंद गर्ग ने कहा कि वर्तमान आप विधायक एवं उनके पिता 1998 से चांदनी चौक का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, अधिकांश समय सत्ता में रहे हैं पर आज 27 साल बाद भी चांदनी चौक के नागरिक एवं व्यापारी सभी आधारभूत सुविधाओं के लिए परेशान हैं।

### कांग्रेस के हस्ताक्षर अभियान से डरी भाजपा सरकार : यादव

नई दिल्ली। वोट चोरी मामले में कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान को रोकने के लिए भाजपा अब सरकारी तंत्र और पुलिस का सहारा ले रही है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने मंगलवार को भाजपा पर यह आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि जन नायक राहुल गांधी द्वारा भाजपा की वोट चोरी का सार्वजनिक खुलासा करने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा की वोट चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान को दिल्ली भर में सफलता मिल रही है और इस सफलता से भाजपा डरती दिखाई दे रही है। बताया गया कि देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में नजफगढ़ जिला में वोट चोरी के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान में हिस्सा लेने वाले कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने जबरन हिरासत में ले लिया और देवेन्द्र यादव सहित सैंकड़ों कार्यकर्ताओं को जाफरपुर थाने ले गई जिन्हें बाद में छोड़ दिया गया। यादव ने कहा कि नजफगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान को आगे बढ़ा रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इशारे पर जिस तरह पुलिस ने हिरासत में लिया गया उससे राहुल गांधी के बब्बर शेर डरने वाले नहीं हैं।

### डीयू के प्रो. गजेन्द्र सिंह को मिला डॉ. भीमराव अम्बेडकर राष्ट्रीय पुरस्कार

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के चीफ विजिलेंस ऑफिसर (सीवीओ) प्रो. गजेन्द्र सिंह को डॉ. भीमराव अम्बेडकर राष्ट्रीय पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया है। डीयू प्रशासन ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए डॉ. बी. आर. अम्बेडकर स्पोर्ट्स फाउंडेशन ने उन्हें यह पुरस्कार 14 अक्टूबर को नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित वार्षिक समारोह में प्रदान किया है। उच्च शिक्षा व मानवता के प्रति उनकी कई वर्षों की सेवा के लिए शिक्षा श्रेणी में उन्हें यह राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया है।

## रेखा गुप्ता ने यात्रियों से संवाद कर सुनीं समस्याएं

# सीएम ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन की व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर बनाए गए आधुनिक सुविधा केंद्र और फुट ओवर ब्रिज देश भर के लोगों की यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाएगा। यह बात मंगलवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नई रेलवे स्टेशन की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के दौरान कही।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने रेल अधिकारियों से स्टेशन पर संभावित यात्रियों की संख्या और उनके प्रबंधन की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने स्टेशन के सभी प्लेटफार्मों पर सुरक्षा समेत अन्य उपायों की भी समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने यात्रियों से संवाद भी किया, उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान किसी भी यात्री को असुविधा न हो, इसके लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। मुख्यमंत्री ने स्टेशन पर बने यात्री सुविधा केंद्र का भी निरीक्षण किया, जहां यात्रियों के लिए विशेष सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री के साथ इस निरीक्षण दौरे में सांसद मनोज तिवारी भी थे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार मिलकर यह सुनिश्चित कर रही हैं कि किसी भी यात्री की यात्रा में कोई बाधा न आए। यह एक ऐसी सरकार है जो हर समय, 24 घंटे जनता की सेवा में खड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ज के नेतृत्व में देशभर के यात्रियों के लिए विशेष ट्रेनें शुरू की गई है, ताकि सभी नागरिक अपने परिवारों के साथ त्योहार खुशहाल तरीके से मना सकें। उन्होंने कहा कि यह पहल सरकार की ‘जनसुविधा, जनसुरक्षा और जनसंस्कृति’ के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। मुख्यमंत्री ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए बने यात्री सुविधा केंद्र प्रधानमंत्री की पहल का परिणाम है, जिसका उद्देश्य त्योहारों के दौरान यात्रियों को सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक यात्रा का अनुभव प्रदान करना है।

उन्होंने कहा कि त्योहारों के इस शुभ अवसर पर दिल्लीवासियों के लिए तैयार किया गया यह आधुनिक सुविधा केंद्र मात्र तीन महीने में तैयार किया गया है। यह केंद्र एक ही छत के नीचे प्रतिदिन हजारों यात्रियों को ठहरने, टिकट प्राप्त करने, विश्राम करने और आवश्यक सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराएगा।

## ‘छठ घाटों की तैयारियों के लिए सिंगल विंडो से मिलेगी अनुमति’

### छठ पूजा की तैयारियों को लेकर मिश्रा ने की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



कांवड़ यात्रा, गणेशोत्सव, दुर्गा पूजा और रामलीला आयोजनों की तरह छठ पूजा की तैयारियों के लिए भी सिंगल विंडो से आवश्यक अनुमति और एनओसी मिलेगी। इसके लिए प्रत्येक नगर निगम जोन में नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे जो व्यवस्थाओं के समन्वय और निगरानी का कार्य करेंगे।

इस बात की जानकारी दिल्ली के कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा ने मंगलवार को दिल्ली सचिवालय में ‘छठ पूजा 2025’ को लेकर एक उच्च-स्तरीय बैठक करने के बाद दी। बैठक में समिति से जुड़े विधायक चंदन कुमार चौधरी के अलावा विभाग की सचिव और एमसीडी, डीडीए, राजस्व विभाग, दिल्ली जल बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी, दिल्ली के सभी जिलाधिकारी और सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के अधिकारी उपथित रहे।

मंत्री मिश्रा ने बताया कि एमसीडी को निर्देश दिया गया है कि घाटों की नियमित सफाई के लिए पर्याप्त सफाई कर्मचारी तैनात किए जाएं। बैठक के दौरान मंत्री मिश्रा ने बताया कि इस वर्ष दिल्ली में लगभग एक हजार से ज्यादा स्थानों पर छठ पर्व मनाया जाएगा जो अब तक का सबसे व्यापक आयोजन होगा।

**खबर संक्षेप**

### सक्रिय लुटेरा मुठभेड़ में घायल, गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** थाना इन्दिरापुरम पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान एक चेन लुटेरे को गिरफ्तार किया है।



उसके कब्जे से 1 अवैध तमंचा, 1 खोखा कारतूस, 1 जिन्दा कारतूस व घटना में प्रयुक्त 1 मोटर साइकिल बरामद हुए हैं। लुटेरा पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया।थाना इन्दिरापुरम देर रात्रि बजे 5/6 की पुलिया पर चैंकिंग कर रही थी तभी आरोपी को पुलिस टीम ने रुकने का इशारा किया परंतु वह नहीं रुका।

### वाहन चोर काबू, मोटरसाइकिल बरामद

**फरीदाबाद।** वाहन चोरी करने के मामले में क्राइम ब्रांच भूपानी ने चोर को काबू कर मोटरसाईकिल को बरामद किया है।आकाश निवासी ने थाना कोतवाली में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि 11 सितंबर को उसने उसकी बाइक नीलम बाटा रोड के सामने खड़ी थी। जहां से व्यक्ति ने चोरी कर लिया। जिस शिकायत पर थाना कोतवाली में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।



### बेटी के सामने पत्नी की गोली मारकर हत्या

**गाजियाबाद।** दिल्ली से सटे गाजियाबाद में मंगलवार की पारिवारिक विवाद के चलते एक युवक ने अपनी पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी और फरार हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जाँच पड़ताल शुरू कर दी है। वारदात के समय उसकी 11 वर्षीय पुत्री दूसरे कमरे में सोई हुई थी। आरोपी को पुलिस ने हाल ही में गैंगेस्टर एक्ट में निरुद्ध किया था।



### टास्क के माध्यम से एक लाख की ठगी, काबू

**फरीदाबाद।** टेलिग्राम टास्क के माध्यम से 1,35,300 की ठगी के मामले में साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। एक महिला ने बताया कि उसने इंस्टाग्राम पर वर्क फ्रॉम होम का विज्ञापन देखा। सारी डिटेल सारी डिटेल भरने के बाद 200 रुपए वेलकम बोनस दिया गया। पहले 6 टास्क के लिए 1000 रुपए देने के लिए कहा गया जिसके बाद 1500 रुपए वापिस दिया गया।



### नवोदय विद्यालय में आपदा प्रबंधन अभ्यास

**फरीदाबाद।** उपायुक्त विक्रम सिंह ने निर्देशानुसार पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालयए मोठूका में आज आपदा प्रबंधन की मॉक ड्रिल आयोजित की गई। मॉक ड्रिल का नेतृत्व चीफ वार्डन, सिविल डिफेंस एवं आपदा प्रबंधन विषय विशेषज्ञ डॉ एम.पी. सिंह ने किया।

# वीर शहीदों की बदौलत हम विकसित भारत का सपना संजो रहे

शौर्य चक्र विजेता शहीद देवेंद्र सिंह भाटी की 25वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें हरियाणा सरकार के मंत्री राजेश नागर ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उन्होंने शहीद के परिजनों से भी मुलाकात की और देवेंद्र भाटी के सर्वोच्च बलिदान पर देश को फख्र होने की बात कही।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बल्लभगढ़

गांव कौराली में शौर्य चक्र विजेता शहीद देवेंद्र सिंह भाटी की 25वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें हरियाणा सरकार के मंत्री राजेश नागर ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उन्होंने शहीद के परिजनों से भी मुलाकात की और देवेंद्र भाटी के सर्वोच्च बलिदान पर देश को फख्र होने की बात कही।

इस अवसर पर राजेश नागर ने कहा कि शहीदों की बदौलत ही आज हम विकसित भारत का सपना संजो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब यह कहते हैं कि हम 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बना लेंगे, तो इसके पीछे अनगिनत शहीदों के उच्चतम बलिदान भी शामिल हैं, जिनकी वजह से भारत एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में हमारे सामने है।

**खास बातें**

- शहीदों की बदौलत हम विकसित भारत का सपना संजो रहे हैं
- मंत्री नागर ने शौर्य चक्र विजेता शहीद देवेंद्र सिंह भाटी की 25वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए

### देश की आन-बान-शान को बचाए रखने की जिम्मेदारी हम सब पर



नागर ने कहा कि शहीद देवेंद्र सिंह भाटी पर पूरे क्षेत्र, राज्य और देश को गर्व है। उन्होंने अपने जीवन का उच्चतम बलिदान दिया जिसके लिए सेना ने उन्हें शौर्य चक्र से सम्मानित किया है। आज जब हम उनकी 25वीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहे हैं तो हमें यह याद रखना है कि इस देश की आन-बान-शान को बचाए-बनाए रखने की जिम्मेदारी अब हमारे ऊपर है। उन्होंने कहा कि गांव में शहीद देवेंद्र सिंह के नाम पर स्थापित सीनियर सेकेंडरी स्कूल और वीर भूमि को देखकर बड़े हो रहे बच्चे निश्चित तौर पर देशभक्ति के जज्बे से भरते होंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि अमर शहीदों की धरती वीरों से कभी खाली नहीं रहेगी।

### अति अत्याधुनिक हथियारों से लैस सेना

मंत्री ने कहा कि यह ऐसा समय नहीं है कि कोई राजनीतिक बात की जाएए लेकिन यह तथ्य है कि भारत की सेना पीछे के एक दशक के मुकाबले अति आधुनिक हथियारों से लैस है। आज की नरेंद्र मोदी सरकार देश की सैन्य प्रणाली को मजबूत बनाने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही है, जिससे देश की सुरक्षा पुख्ता हो रही है। इससे पहले सभी ने हवन में आहुतियां डालीं और शाहिद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए।

## भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

# आत्मनिर्भर भारत व स्वदेशी को अपनाकर ही हम 2047 तक विकसित राष्ट्र बनेंगे

भारतीय जनता युवा मोर्चा, हरियाणा की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक मंगलवार भारतीय जनता पार्टी फरीदाबाद जिला कार्यालय अटल कमल फरीदाबाद में बड़े उत्साह और अनुशासन के साथ संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा युवा मोर्चा हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा उर्फ योगी ने की। पं. दीनदयाल उपाध्याय जी का मानना था कि आर्थिक व्यवस्था स्वदेशी पर आधारित होनी चाहिए और आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा की केन्द्र सरकार और नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार इसी मंत्र पर चलते हुए स्वदेशी को बढ़ावा दे रही है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि स्वदेशी अपनाना ही सच्ची देशभक्ति है। जब हम स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देंगे तो न केवल देश की अर्थव्यवस्था मज़बूत होगी बल्कि रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। स्वदेशी आत्मनिर्भर भारत की नींव है और स्वदेशी अपनाकर 2047 तक हम विकसित राष्ट्र बनेंगे। पं. दीनदयाल उपाध्याय जी का मानना था कि आर्थिक व्यवस्था स्वदेशी पर आधारित होनी चाहिए और आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा की केन्द्र सरकार और नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार इसी मंत्र पर चलते हुए स्वदेशी को बढ़ावा दे रही है। मेक इन इंडिया से लेकर स्टार्टअप इंडिया, वोकल फॉर लोकल से लेकर आत्मनिर्भर भारत तक हर पहल का लक्ष्य यही है कि हम विदेशी निर्भरता कम करें और स्वदेशी उत्पादन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएं।

### वोकल फॉर लोकल आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान




हरियाणा के खाद्य मंत्री राजेश नागर और हरियाणा के खेल एवं युवा मंत्री और युवा मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री गौरव गौतम ने भी युवाओं को वोकल फॉर लोकल आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। युवा मोर्चा

प्रदेश अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा (योगी) ने कहा कि युवा मोर्चा हर घर में स्वदेशी का मंत्र गूंजाने और प्रधानमंत्री मोदी के वोकल फॉर लोकल अभियान को जनांदोलन बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री योगेंद्र शर्मा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी के मंत्र को सशक्त बनाने का संकल्प करवाया तथा यह निर्णय लिया गया कि आगामी महीनों में पूरे प्रदेश में युवा मोर्चा द्वारा स्वदेशी अभियान, रोजगार जागरूकता शिविर और आत्मनिर्भरता पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर युवा मोर्चा संगठन के विभिन्न पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए और आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। बैठक के दौरान सभी वक्ताओं ने संगठन सशक्तिकरण, युवा नेतृत्व के विकास तथा केंद्र सरकार की लोक हितकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने पर विस्तृत चर्चा की। बैठक का संचालन कुशलतापूर्वक प्रदेश युवा मोर्चा टीम द्वारा किया गया तथा समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## झूठा एग्रीमेंट कर जाल में फंसाया

# बी फॉर्मेसी के छात्र की रेल से कटने पर चार युवकों पर केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

पटौदी एरिया में रेल से कटने पर बी फॉर्मेसी के छात्र की मौत के मामले में पुलिस ने चार युवकों पर केस दर्ज किया है। आरोपियों ने युवक की जमीन हड़पने के इरादे से फर्जी एग्रीमेंट बनाकर युवक को रुपए के लेनदेन के जाल में फंसाया था। जिससे मजबूर होकर युवक ने सुसाइड कर लिया। मृतक युवक के घर जब एग्रीमेंट को लेकर समन पहुंचा तो परिजनों को पूरी जालसाजी का पता चला। जीआरपी मामले में जांच कर रही है।

जीआरपी को दी शिकायत में झज्जर के गांव पटौदा निवासी सुशीला देवी ने कहा कि उसके 27 वर्षीय पुत्र कुलदीप 27 सितम्बर 2024 को घर से बाहर गया था। उसने रेल से कटकर खुदकुशी कर ली। दूसरे दिन उसकी लाश पटौदी रेलवे लाईन पर मिली।

कुलदीप की झज्जर के तुंबाहेड़ी गांव निवासी रिंकू और विक्की से अच्छी दोस्ती थी, वह अक्सर इन दोनों के साथ ही रहता था। वहीं घर के इकलौते बेटे की मौत के बाद परिवार सदमे में था। ऐसे में जुलाई



2025 में कुलदीप के घर सम्मन पहुंचा तो सुशीला को वकील के माध्यम से पता चला कि रिंकू ने अपने की गांव के सोनू के साथ मिलकर कुलदीप की जमीन हड़पने के लिए फर्जी एग्रीमेंट बनवाया था। जिस पर तुंबाहेडी के ही विक्की व सोमवीर गवाह बने थे। सुशीला का कहना है कि उसके बेटे कुलदीप ने ऐसा कोई एग्रीमेंट नहीं किया था। वह कोसली में बी फार्मा का छात्र था। छानबीन में सामने आया कि इन लोगों ने साजबाज होकर कुलदीप के अकाउंट में लाखों रुपए डलवाकर अन्य अकाउंट में ट्रांसफर कराए थे।

इसके बाद इन लोगों ने कुलदीप को फंसाते हुए उससे जमीन हड़पने की योजना बनाई और उस पर दबाव बनायाा था। जिसके चलते उसने रेल से कटकर खुदकुशी कर ली। जीआरपी ने कुलदीप की मां की शिकायत पर चारों युवकों पर केस दर्ज कर छानबीन कर रही है।

# लड़ाई झगड़े में पुलिस चौकी पर्वतीय कॉलोनी की टीम ने 3 लोगों को किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पुलिस चौकी पर्वतीय कॉलोनी की टीम ने एक लड़ाई झगड़े के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आशु निवासी पर्वतीय कॉलोनी फरीदाबाद ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि गली के कुछ लड़के रोजाना गली के नुक्कड़ पर खड़े हो जाते हैं और आपस में गली गलौच करते।

1 अक्टूबर को उसके छोटे भाई अमित ने उनको गाली गलौच करने पर टोक दिया। जिसके कुछ देर बाद वो लड़के उनके घर पर आए और अमित को गली में खींच कर ले गए और उसके साथ लाठी डंडों से मारपीट की। जिस शिकायत पर थाना सारन में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने आगे बताया कि पुलिस चौकी पर्वतीय कॉलोनी की टीम ने कार्रवाई करते हुए भरत सिंह, नरेन्द्र कुमार व पवन कुमार निवासी पर्वतीय कालोनी फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है।

पूछताछ में सामने आया कि तीनों आरोपी गली में खड़े थे और आपस में गाली गलौच कर रहे थे जिस पर अमित ने उनको टोक दिया। इस पर आवेश में आकर ये पीड़ित के घर गए और उसको घर से बाहर निकालकर उसके साथ मारपीट की। आरोपियों को अदालत में पेश कर नियमानुसार कार्रवाई की गई।

## महिला थाना बल्लभगढ़ में

# मेट्रो अस्पताल की टीम ने किया मेंटल हेल्थ प्रोग्राम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के दिशा-निर्देशानुसार 14 अक्टूबर को महिला थाना बल्लभगढ़ फरीदाबाद में मेंटल हेल्थ प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन मेट्रो हॉस्पिटल फरीदाबाद की टीम द्वारा किया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कार्यक्रम में डॉ. स्वाति हॉस्पिटल स्टाफ पुनीत शर्मा एवं अनुज तोमर ने उपस्थित पुलिस कर्मियों को मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। डॉ. स्वाति ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही जरूरी है। तनाव, चिंता या अवसाद जैसी स्थितियों में खुलकर बात करना और विशेषज्ञ की सलाह लेना आवश्यक है।

मेट्रो हॉस्पिटल टीम ने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से बताया कि कैसे नियमित ध्यान, सकारात्मक सोच और समय का सही प्रबंधन व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता है। इस अवसर पर महिला थाना बल्लभगढ़ की प्रभारी निरीक्षक सुनीता एवं स्टाफ ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। उपस्थित सभी कर्मियों को तनाव प्रबंधन एवं कार्यस्थल पर मानसिक संतुलन बनाए रखने के उपाय बताए गए ताकि परिवार मानसिक स्वास्थ्य का बेहतर ख्याल रख सकें।

कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस कर्मियों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था, ताकि वे स्वयं तथा अपने परिवार के मानसिक स्वास्थ्य का बेहतर ख्याल रख सकें। पुलिस विभाग की ओर से मेट्रो हॉस्पिटल की टीम का धन्यवाद करते हुए भविष्य में जागरूकता कार्यक्रम बात कही गई।

## गाजियाबाद में संभव दिवस का आयोजन

# आयुक्त विक्रमादित्य सिंह ने सुनी जन समस्याएं, समाधान के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने हमेशा की तरह संभव जनसुनवाई में जन समस्याओं को सुना। उन्होंने मौके पर ही अलग-अलग विभाग के अधिकारियों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। संभव में कुल 13 शिकायतें निर्माण विभाग से संबंधित प्राप्त हुए, जिसमें तीन शिकायती पत्र सड़क मरम्मत तथा पुलिया मरम्मत को लेकर प्राप्त हुए।

नगर आयुक्त ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय में मंगलवार को संभव दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें सभी समस्त विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे जिनके साथ आगंतुकों की समस्याओं को सुना गया तथा कार्रवाई के लिए मौके पर ही टीम भेज कर समाधान के निर्देश दिए गए। जिसके क्रम में गोविंदपुरम तथा पांडव नगर कवि नगर निर्माण विभाग की टीम पहुंची और सड़क



मरम्मत का कार्य प्रारंभ कराया गया। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग से एक संदर्भ, उद्यान विभाग से एक संदर्भ, प्रकाश विभाग से दो संदर्भ, संपत्ति विभाग से एक संदर्भ टैक्स विभाग से तीन संदर्भ, जलकल विभाग से संबंधित शिकायते प्राप्त हुई है।

संभव जनसुनवाई के दौरान मौके पर अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव, संयुक्त नगर आयुक्त ओमप्रकाश, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद, प्रभारी उद्यान डॉ. अनुज उपस्थित रहे।

## भारतीय वैश्य ग्लोबल फाउंडेशन ने सीएम को लिखा पत्र

# विधायक चौधरी बाबूलाल के पुत्र के खिलाफ़ कार्रवाई की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

भारतीय वैश्य ग्लोबल फाउंडेशन ने विधायक चौधरी बाबूलाल के पुत्र द्वारा वैश्य समाज के प्रति की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों की निंदा की है। फाउंडेशन ने इसको लेकर एक पत्र मुख्यमंत्री को लिखा है तथा बाबूलाल के खिलाफ कारवाई की मांग की है।

फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय मित्तल जिलाध्यक्ष देवेंद्र हितकारी व प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र मित्तल ने इस पत्र में कहा है कि फाउंडेशन चौधरी बाबूलाल के पुत्र द्वारा वैश्य समाज के प्रति की गई अशोभनीय, आपत्तिजनक और अपमानजनक टिप्पणियों की तीव्र निंदा करता है। यह केवल एक समाज का अपमान नहीं है, बल्कि राष्ट्र की अर्थव्यवस्था के मुख्य स्तंभ वैश्य समाज का गंभीर अपमान भी है।

हाल ही में आगरा व फतेहपुर सीकरी में वायरल हुए ऑडियो में विधायक पुत्र ने स्पष्ट रूप से कहा कि "मैं बनिया जाति को अच्छे से जानता हूं। सबसे अधिक डिफाल्टर बनिया ही होते हैं" इस प्रकार की जातिगत टिप्पणियां न केवल समाज की भावना को आहत करती हैं बल्कि लोकतांत्रिक और सामाजिक मूल्यों के लिए भी खतरा हैं। वैश्य समाज देश की अर्थव्यवस्था का लगभग 70 प्रतिशत कर भार वहन करता है और व्यापार, उद्योग तथा सेवा के माध्यम से भारत के विकास में निरंतर योगदान करता है। किसी को भी समाज के प्रति अपमानजनक भाषा प्रयोग करने का अधिकार नहीं है।

पूर्व में भी मंत्री को इसी तरह की टिप्पणी के चलते सार्वजनिक रूप से क्षमा मांगनी पड़ी थी।

# अवैध रूप से पटाखे बेचने के मामलें में काबू

**फरीदाबाद।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पटाखे की बिक्री प्रतिबंधित है। जिस संबंध में फरीदाबाद पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में थाना ओल्ड फरीदाबाद की टीम ने अवैध पटाखे बेचने के एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लगभग 64 किलोग्राम पटाखे बरामद किए। सूचना के आधार पर पुलिस ने शिवम शर्मा को गिरफ्तार किया है। आरोपी की बसेलवा कॉलोनी स्थित दुकान से करीब 64 किलोग्राम पटाखे बरामद किये गये हैं। पूछताछ में सामने आया कि शिवम शर्मा ने अपनी दुकान में दिवाली पर बेचने के लिए पटाखे रखे हुए थे।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम सोनीपत | 1069–कल्याण नगर, ज्ञान नगर और राजेन्द्र नगर वार्ड 11 एम.सी. सोनीपत में डीआई सहित पुरानी एसी पाइप लाइन को बिछाने / बदलने के लिए आकलन + 17 कार्य। | बंद होने की तिथि 21.10.2025 | रु.1070.21 लाख | https:\\etenders.hry.nic.in | 1302260100 ee2mcs@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/39441/I/88/7 दि. 14.10.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में हांसी में ज्यूडीशियल कॉम्पलैक्स में 2 अदद लिफ्टों का प्रावधान (सिविल एवं इलैक्ट्रिकल कार्य) (इलैक्ट्रिकल कार्य का प्रावधान केवल) + 6 कार्य। | 10.10.2025 23.10.2025 | 19.87 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम जिले में गुरूग्राम फरीदाबाद रोड (एमडीआर-137) से गांव कादरपुर वाया बेहरामपुर कि.मी. 0.00 से 7.55 तक रोड के मजबूतीकरण का प्रावधान (रोड आईडी 10218, 10219 और 3044) (कार्य कार्यक्रम 2025-26)। | बंद होने की तिथि 16.10.2025 | 119.60 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | फरीदाबाद जिले में आईटीआई एनआईटी-V फरीदाबाद के लैंडस्केपिंग कार्य का विकास। | 09.10.2025 20.10.2025 | 12.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9717214202 zilesinghhort@gmail.com |
| 4 | लोनिवि भ व प सिरसा | सिरसा जिले में नाथूसरी चौपटा में चौ. देवीलाल राजकीय बहुतकनीकी के परिसर में वर्कशॉप और लैबोरेट्री ब्लॉक में रैम्प के लम्बित कार्य और रोड पार्किंग के निर्माण हेतु डीएनआईटी। (जीएसटी के बिना)। | 10.10.2025 17.10.2025 | 55.07 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01666-222959 pwd-eepd2-sirsa@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प सोनीपत | सोनीपत जिले में सोनीपत में सुभाष स्टेडियम में फैसिलिटेशन सेंटर के निर्माण हेतु बकाया कार्य। | 10.10.2025 21.10.2025 | 153.81 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 6 | महिला एवं बाल विकास विभाग पंचकूला | सक्षम आंगनवाड़ी हेतु ईसीसीई किट की खरीद के लिए ई-निविदा सूचना। विज्ञापन के मामले में विज्ञापन प्रकाशन के लिए एक आग्रह एतद द्वारा संलग्न किया गया है। | बंद होने की तिथि 28.10.2025 | 2 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416654430 dd1.wcd@gmail.com |
| 7 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, नारनौल | कि.मी. 25.275 से 32.000 तक नोलपुर डिस्टी. की आंतरिक गाद सफाई + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 16.10.2025 | 4.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8168502876 xenprcharkhidadri@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2026/160/39457/I/88/7 दि. 14.10.25

## खबर संक्षेप

### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मौ. तौकीर की पेशी



**बरेली।** यहां बवाल के मामले में मौलाना तौकीर रजा की मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए सीजेएम अलका पांडेय की कोर्ट में पेशी हुई। तौकीर रजा फर्रुखाबाद की फतेहगढ़ जेल में बंद है। वहीं से वह वर्चुअल माध्यम से जुड़ा। बरेली पुलिस ने उसे बवाल का मुख्य आरोपी बताया है। कोर्ट ने मौलाना तौकीर की 14 दिन की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी है। 28 अक्तूबर को अगली सुनवाई होगी।

# यात्री सुविधा के लिए यूपी के गोंडा जिले में रेलवे विभाग 15 किमी तक बनाएगा बाईपास लाइन

## इस परियोजना के लिए जारी किया गया बजट

उत्तर प्रदेश के गोंडा में रेलवे विभाग 15 किलोमीटर लंबी बाईपास लाइन का निर्माण करेगा। इस परियोजना के लिए बजट जारी कर दिया गया है। इस बाईपास लाइन के बनने से ट्रेनों का आवागमन आसान हो जाएगा और क्षेत्र के विकास में मदद मिलेगी। रेलवे विभाग जल्द ही निर्माण कार्य शुरू करने की योजना बना रहा है।

एजेंसी ▶▶ गोंडा

देवीपाटन मंडल के लोगों के लिए खुशखबरी की खबर है। रेलवे विभाग जल्द ही झिलाही से टिकरी रेलवे स्टेशनों के बीच करीब 15 किलोमीटर तक की वाई आकर का बाईपास लाइन बनाएगी। इसके लिए रेलवे बोर्ड ने इस रूट का रेलवे ट्रैफिक सर्वे (कम खर्च में अधिक पैसेजर मिलने वाले स्थानों को चिन्हित करना) करने के लिए दो लाख रुपये का बजट जारी कर दिया है। इसके जरिए इस मार्ग पर ट्रेन चलाने की स्थिति का आकलन करके रेलवे बोर्ड को रिपोर्ट भेजा जाएगा।

पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन ने गोंडा रेलवे में विकल्प मार्ग बनाने के लिए झिलाही से टिकरी के बीच करीब 15 किलोमीटर वाई आकार में बाईपास लाइन बनाएगी। इससे गोंडा से मनकापुर आने-जाने वाली सभी यात्री ट्रेनों व मालगाड़ी के इंजन बदलने की प्रक्रिया से छुटकारा मिल जाएगा। करीब 45 मिनट का समय भी बचेगा। यह नहीं जो ट्रेनें गोंडा से मनकापुर होकर अयोध्या जाती थी।

### गोंडा से टिकरी होकर अयोध्या धाम के लिए संचालित होगी ट्रेन



वह गोंडा से टिकरी होकर अयोध्या धाम के लिए संचालित होगी । इससे करीब 40 मिनट का समय बचेगा। इसके साथ ही गोंडा से सीधे प्रयागराज व वाराणसी के लिए ट्रेनों का संचालन शुरू होगी। यह मार्ग बन जाने से ट्रेनों की संख्याओं में बढ़ोतरी तो होगी। इसके साथ ही मनकापुर व उससे आगे के रेलमार्ग में कोई समस्या आने पर, इस विकल्प मार्ग से ट्रेनों का आसानी संचालित होगी। जिससे यात्रियों को कम समय में अधिक दूरी सफर करने का लाभ मिलेगा। सहायक मंडल अभियंता (निर्माण) संजय श्रीवास्तव ने कहा जल्द ही कार्य प्रारंभ हो जाएगा।

## पेज एक का शेष

### 46 विधायकों को मिला...

सिन्हा का भी टिकट कटा है। इनकी जगह संजय गुप्ता को मौका मिला है। संजय पार्टी में प्रदेश महामंत्री भी रह चुके हैं। बीजेपी ने दो एमएलसी को टिकट दिया है। इसमें उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को तारापुर एवं स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय को सिवान से प्रत्याशी बनाया है। मंगल पांडेय तीसरी बार एमएलसी हैं। बतौर एमएलसी मंगल का कार्यकाल अभी लगभग चार वर्ष से अधिक शेष है। वहीं, सम्राट चौधरी का कार्यकाल बतौर एमएलसी आठ महीने बचा हुआ है। सम्राट चौधरी तारापुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे, जबकि विजय कुमार सिन्हा लखीसराय विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार होंगे। मंगल पांडेय सिवान विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे, जबकि रेणु देवी बेतिया विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार होंगी। इसके अतिरिक्त दो पूर्व एमएलसी को भी पार्टी ने टिकट देकर मैदान में उतार दिया है। इसमें बीजेपी के पूर्व राष्ट्रीय मंत्री रजनीश कुमार को तेघरा एवं रीगा से वैद्यनाथ प्रसाद को प्रत्याशी बनाया है। बीजेपी ने जिन तीन दिग्गज विधायकों इस बार उम्मीदवार नहीं बनाया है उनमें वरिष्ठ बीजेपी नेता एवं पूर्व कृषि मंत्री अमरेंद्र प्रताप सिंह सिंह, विधानसभा के निवर्तमान अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, कुम्हरार के विधायक अरुण सिन्हा शामिल हैं। आरा से बीजेपी ने संजय सिंह 'टाइगर' को चुनावी मैदान में उतारा है। पटना साहिब से रत्नेश कुशवाहा को टिकट दिया है। वहीं, कुम्हरार से संजय गुप्ता को टिकट दिया है। नरपतगंज से इस बार बीजेपी ने यहां से विधायक रहे जय प्रकाश यादव का टिकट काटकर पूर्व विधायक देवंती यादव को टिकट दिया है। बीजेपी ने इन सीटिंग विधायकों को भी बेटिकट किया उनमें रिगा मोतीलाल, रामसूरत राय, रामप्रीत पासवान, स्वर्णा सिंह गौड़ा, डॉ. निक्की हेम्ब्रम, मिथिलेश कुमार शामिल हैं। 2020 के चुनाव में हारी छह सीटों पर बीजेपी ने प्रत्याशी बदल दी है। इसमें सिवान, दानापुर, बिक्रम, अरवल, औरंगाबाद एवं गुरुआ सम्मिलित है, लेकिन किशनगंज सीट पर पार्टी इस नियम का पालन नहीं किया है। किशनगंज से तीसरी बार स्वीटी सिंह को मैदान में उतारा है। पहली सूची में कई निवर्तमान मंत्री, पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं मंत्री के नाम सम्मिलित हैं। इस सूची में ओबीसी उम्मीदवारों को सबसे अधिक टिकट मिले हैं। इसके अतिरिक्त, 15 राजपूत और 11 भूमिहार उम्मीदवारों को भी शामिल किया गया है। भाजपा ने सामाजिक समीकरणों को ध्यान में रखते हुए सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व देने का प्रयास किया है।

### भारत वैश्विक विकास....

में वैश्विक विकास के पैटर्न में बदलाव आ रहा है, विशेष रूप से चीन की विकास दर में लगातार गिरावट आ रही है। वॉशिंगटन डीसी में आईएमएफ और विश्व बैंक की वार्षिक बैठक में बोलते हुए जार्जीवा ने भारत को दुनिया के विकास का एक प्रमुख इंजन बताया। भारत के आर्थिक लचीलेपन का जॉर्जीवा ने चार कारण बताए। उन्होंने कहा कि बेहतर नीतिगत और बुनियादी बातों, निजी क्षेत्र के बढ़िया प्रदर्शन, शुरुआती समय में टैरिफ का आशंका से कम प्रभाव और सहायक वित्तीय स्थितियों से देश आर्थिक मोर्चे पर सशक्त बना है। हालांकि, जॉर्जीवा ने कहा कि टैरिफ का पूरा असर अभी सामने आना बाकी है।

### अमेरिका में महंगाई ...

उत्पादकता बढ़ाने पर ध्यान दें। उन्होंने एशियाई अर्थव्यवस्थाओं से लंबे समय में सकल घरेलू उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए आंतरिक व्यापार बढ़ाने की भी अपील की।

### भारत बना रहा मंगोलिया...

लेकर अपना समर्थन प्रदान किया है। बैठक के बाद दिए संयुक्त प्रेस वक्तव्य में पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देशों के संबंध केवल राजनयिक नहीं हैं। हम मंगोलिया के विकास में एक दृढ़ और विश्वसनीय साझेदार भी हैं। भारत की 1.7 बिलियन डॉलर की लाइन ऑफ क्रेडिट (एलओसी) से बन रही तेल रिफाइनरी परियोजना मंगोलिया की ऊर्जा सुरक्षा को नई मजबूती प्रदान करेगी। ये भारत की दुनिया में सबसे बड़ी विकास भागीदारी परियोजना है। जिसके तहत ढाई हजार से ज्यादा भारतीय मंगोलिया के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। मंगोलिया के राष्ट्रपति ने परियोजना में भारत के योगदान के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया। बैठक के दौरान भारत-मंगोलिया के राजनयिक संबंधों की 70वीं वर्षगांठ की स्मृति में एक संयुक्त डाक टिकट भी जारी किया गया। गौरतलब है कि बीते सोमवार से मंगोलिया के राष्ट्रपति उखना भारत की पहली चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं। उनके साथ कई वरिष्ठ मंत्रियों, सांसदों सहित एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी भारत आया है। 14 अक्टूबर को पीएम के साथ वार्ता से पहले उन्होंने राजघाट पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की थी।

**मंगोलियाई लोगों को मिलेगा फ्री ई-वीजा :** उन्होंने ये भी कहा, हमारे संबंध प्राचीन सभ्यताओं के बीच विश्वास और मैत्री की ठोस नींव पर टिके हुए हैं। साझा सांस्कृतिक विरासत, लोकतांत्रिक मूल्यों और विकास के लिए संयुक्त प्रतिबद्धता इन्हें सींचती है। भारत-मंगोलिया की सीमाएं भले ही आपस में लगी हुई नहीं हैं। लेकिन भारत के लिए मंगोलिया हमेशा से ही एक पड़ोसी देश के रूप में रहा है और इसी के तहत आम-जन के बीच संबंधों को बढ़ावा देते हुए हमने निर्णय लिया है कि मंगोलिया के नागरिकों को निशुल्क ई-वीजा दिया जाएगा। इसके अलावा भारत हर साल मंगोलिया से युवा सांस्कृतिक राजदूतों की देश यात्रा का भी प्रबंध करेगा। घोषित परियोजनाएं आम लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएंगी। इसके अलावा हमारे प्रयास मंगोलिया के लोगों की आवश्यकताओं के हिसाब से भविष्य में भी जारी रहेंगे।

**मंगोलिया जाएंगे बुद्ध के पवित्र अवशेष :** दोनों देशों के संबंधों में आत्मीय और आध्यात्मिक बंधन है। जिनकी वास्तविक गहराई, व्यापकता लोगों के बीच संबंधों में नजर आती है। पीएम ने दोनों देशों के बौद्ध धर्म के सूत्र में बंधे हुए रहने का उल्लेख करते हुए कहा कि इसी के चलते हमें आध्यात्मिक सगा भाई कहा जाता है। इस परंपरा को और अधिक प्रगाढ़ बनाने और ऐतिहासिक संबंधों को मजबूती देने के लिए कई अहम निर्णय लिए हैं। जिसके तहत अगले साल 2026 में भगवान बुद्ध के दो महान शिष्यों सारिपुत्र और मौद्गल्या-यन द्वारा उनके कपिलवस्तु में मौजूद पवित्र अवशेषों को भारत से मंगोलिया भेजा जाएगा।

### हिंद-प्रशांत क्षेत्र...

दोनों देश एक खुले हुए, स्वतंत्र, समावेशी और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र का समर्थन करते हैं। साथ ही वैश्विक दक्षिण की आवाज को सशक्त बनाने के लिए भी एकजुटता से कार्य कर रहे हैं।

### मंगोलिया के राष्ट्रपति...

करते हुए इसमें नए क्षेत्रों को शामिल करेंगे। बताते चलें कि रक्षा मंत्री से मुलाकात से पहले राष्ट्रपति उखना की हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक हुई। इसके अलावा उन्होंने संसद भवन परिसर का भी दौरा किया और वहां पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की।

### एलओसी पर मारे...

ये हमले सात मई की सुबह के शुरुआती घंटों में किए गए थे। इन स्ट्राइक में 100 से ज्यादा आतंकवादियों को मार गिराया गया। इसके अलावा, बहावलपुर में भी ऐसे ही हमले किए गए। उन्होंने वहां की पहले और बाद की सैटेलाइट तस्वीरें दिखाईं, जिनमें साफ देखा जा सकता है कि रॉकेट और मिसाइलें कहां जाकर लगीं। लेफ्टिन जनरल घई ने कहा कि इन इलाकों में आतंकियों और पाकिस्तानी सेना के बीच का खुला गठजोड़ साफ दिखाई दिया। यह इतनी स्पष्टता से दिखा कि हमें भी हैरानी हुई कि उन्होंने कोई एहतियात नहीं बरती। तस्वीरें खुद सारी कहानी बयान कर रही हैं।

**यूएन प्रतिबंधित आतंकी मारा गया :** उन्होंने बताया कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित एक आतंकी को मारे गए आतंकियों की जनाजे की नमाज पढ़ाते हुए देखा गया। इतना ही नहीं, पाकिस्तान सेना की चार कोर के जीओसी (जनरल ऑफिसर कमांडिंग) और कई अन्य बड़े अधिकारी भी इस जनाजे में शामिल हुए थे। डीजीएमओ ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद की समस्या 1980 के दशक के अंत में शुरू हुई थी। तबसे अब तक 28 हजार से ज्यादा आतंकी घटनाएं हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि 1990 के दशक से अब तक अल्पसंख्यक समुदाय के एक लाख से अधिक लोगों को घाटी छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा, जिनमें करीब 60 हजार परिवार शामिल हैं। इस पूरे दौर में 15,000 से अधिक निर्दोष नागरिकों और 3,000 से ज्यादा सुरक्षा बलों के जवानों की जान जा चुकी है। उन्होंने आगे कहा कि 2016 में हमारे जवानों पर बर्बर हमला हुआ, उनके शिविर जलाए गए, जिसके जवाब में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास कार्रवाई की गई। 2019 में हमने एलओसी पार एक सटीक हवाई हमला किया, जिसे केवल उसी क्षेत्र तक सीमित रखा गया। लेकिन इस बार जो घटनाएं हुईं, उनकी तीव्रता और व्यापकता ऐसी थी कि जवाब भी उसी स्तर पर देना जरूरी हो गया।

**पूरी तरह प्रायोजित था पहलगाम हमला:** राजीव घई ने बताया कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में जो आतंकी हमला हुआ, वह पूरी तरह प्रायोजित था और बेहद क्रूरता से अंजाम दिया गया। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकियों ने एलओसी पार से आकर 26 निर्दोष पर्यटकों को मार डाला। आतंकियों ने उन्हें उनकी पहचान कर, धर्म पूछ कर, उनके परिवार और प्रियजनों के सामने गोली मारी। उन्होंने कहा कि इस हमले के बाद कुछ आतंकी संगठनों ने तुरंत इसे 'गर्व' बताकर इसकी जिम्मेदारी ली। कश्मीर रेजिस्टेंस फ्रंट (केआरएफ) ने शुरुआत में हमले की जिम्मेदारी ली, लेकिन जब उसे पता लगा कि मामला उसके काबू से बाहर चला गया है, तो उसने तुरंत अपना बयान वापस ले लिया।

### पंजाब में गेहूं...

गुरमीत सिंह खुडियां भी उपस्थित थे। चौहान ने कहा कि देश का खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाना, उत्पादन लागत कम करना और किसान की आय बढ़ाना हमारा मुख्य लक्ष्य है। गेहूं और चावल की खेती के मामले में हम पूरी तरह आत्मनिर्भर हैं, लेकिन कृषि में विविधता लाना बेहद जरूरी है। गेहूं और धान के बाद तीसरी सबसे बड़ी फसल मक्का है, जिसका उपयोग भोजन के अलावा कई अन्य कार्यों में भी किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि धान का मुकाबला केवल मक्का ही कर सकता है, जिससे पानी की भी बचत होगी और किसानों को अधिक लाभ मिलेगा। इस दृष्टि से मक्का अनुसंधान संस्थान बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यहाँ किए जा रहे अनुसंधान मक्का के उत्पादन को बढ़ाने में काफी मददगार साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पंजाब में फसल के नुकसान की भरपाई के लिए गेहूं के बीज की मुफ्त आपूर्ति के लिए 74 करोड़ रुपये जारी किए हैं और सरसों सहित अन्य बीजों के लिए धनराशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत 11.09 लाख किसानों के खातों में 222 करोड़ रुपये अग्रिम रूप से हस्तांतरित किए जा चुके हैं। बागवानी क्षेत्र में हुए नुकसान की भरपाई के लिए भी एमआईडीएच योजना के माध्यम से सहायता भेजी जाएगी। शिवराज ने कहा कि केंद्र सरकार पंजाब की मदद के लिए हमेशा तैयार है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री पंजाब में बाढ़ से हुए नुकसान को लेकर चिंतित हैं और उन्होंने पंजाब को 1600 करोड़ रुपये का पैकेज दिया है ताकि बाढ़ प्रभावित परिवारों का जीवन पटरी पर लौट सके। केंद्रीय मंत्री ने पंजाब में बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हुए 36,703 घरों के पुनर्निर्माण के लिए प्रति परिवार 1 लाख 60 हजार रुपये स्वीकृत किए हैं।

### राष्ट्रीय एकता दिवस पर...

निकोबार द्वीप समूह, जम्मू-कश्मीर, पुडुचेरी, छत्तीसगढ़, गुजरात, महाराष्ट्र, मणिपुर, और उत्तराखंड। इनमें से विशेष आकर्षण रहेगी छत्तीसगढ़ की झांकी, जिसे राज्य के जनसंपर्क विभाग के निर्देशन और आयुक्त, जनसंपर्क के मार्गदर्शन में तैयार किया गया है। छत्तीसगढ़ की झांकी इस वर्ष अपनी समृद्ध आदिवासी कला और संस्कृति, बस्तर क्षेत्र में हो रहे नए विकास परिवर्तनों, और नक्सल उन्मूलन के बाद उभरती नई पहचान को प्रदर्शित करेगी। झांकी का प्रमुख आकर्षण बस्तर की पारंपरिक धातु कला, ढोकरा शिल्प कला,आदिवासी पेंटिंग, और जनजातीय नृत्य के जीवंत दृश्य होंगे। साथ ही इसमें यह संदेश भी दिया जाएगा कि बस्तर की जिस भूमि ने कभी संघर्ष और असमानता देखी, आज वही क्षेत्र विकास, शिक्षा, और शांति के नए युग में प्रवेश कर चुका है। छत्तीसगढ़ की झांकी बस्तर क्षेत्र की समृद्ध कला, लोक नृत्य, पारंपरिक वाद्य संगीत, और आधुनिक विकास की झलक को एक साथ प्रस्तुत करेगी। यह झांकी दर्शाएगी कि कैसे एक समय संघर्षग्रस्त इलाका आज शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे और उद्योगों के माध्यम से शांति और समृद्धि की नई पहचान बना रहा है। राज्य सरकार की पुनर्वास और विकास नीति ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में स्थायी परिवर्तन की दिशा में नई ऊर्जा का संचार किया है। राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित इस भव्य परेड में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह स्वयं उपस्थित रहेंगे और झांकियों का अवलोकन करेंगे। इस आयोजन का उद्देश्य देश की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक गौरव को प्रदर्शित करना है।

### दीपावली से पहले प्रदूषण...

के तहत जारी सिटिजन चार्टर का पालन करें और प्रदूषण कम करने में सहयोग दें।

**आगे की निगरानी :** सब-कमेटी ने कहा है कि वह वायु गुणवत्ता की स्थिति पर लगातार नज़र रखेगी और हालात के आधार पर आगे और कड़े फैसले भी लिए जाएंगे।

**ग्रैप- वन में इन गतिविधियों से बचें**
कचरा जलाना – खुले में कूड़ा-करकट, पत्तियां या ठोस अपशिष्ट जलाना सख्त मना
निर्माण एवं ध्वस्तीकरण गतिविधियां
सड़क किनारे निर्माण सामग्री खुले में रखने पर रोक।
निर्माण स्थल पर धूल उड़ने से रोकने के लिए ग्रीन नेट, पानी का छिड़काव और ढकने की व्यवस्था जरूरी
**सड़क धूल नियंत्रण**
सड़कों पर मैकेनिकल स्वीपिंग और पानी का छिड़काव
खुले में मिट्टी और मलबा डालने पर रोक
वाहन प्रदूषण नियंत्रण
पीयूसी सर्टिफिकेट अनिवार्य।
सरकारी विभागों को निजी वाहनों के बजाय सार्वजनिक परिवहन या कार-पूलिंग अपनाने की सलाह
**औद्योगिक गतिविधियां**
केवल स्वच्छ ईंधन (पीएनजी, सीएनजी आदि) पर चलने वाले उद्योग ही चालू रहेंगे
कोयला और अन्य प्रदूषणकारी ईंधनों का उपयोग वर्जित

### भारत में बने...

मानना है कि अब समय आ गया है कि भारत में दवा बनाने की प्रक्रिया पर सख्त नियंत्रण रखा जाए और हर बैच की कड़ी जांच की जाए।

### पीएम मोदी ने कहा-..

है। केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कहा कि यह डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर हमारे 'इंडिया एआई मिशन' के लक्ष्यों को पूरा करने में बहुत आगे तक जाएगा। यह सेवाएं हमारी डिजिटल अर्थव्यवस्था में एक नई श्रेणी के रूप में उभर रही हैं। मंत्री ने उद्योग जगत से यह भी आग्रह किया कि वे आईटी पेशेवरों को बड़े पैमाने पर री-स्किल और अप-स्किल करने में मदद करें।

### गूगल और अडाणी...

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू भी शामिल थे। गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात करके बहुत अच्छा लगा, हमने विशाखापत्तनम में पहले गूगल एआई सेंटर के लिए अपनी योजनाओं को साझा किया जो एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।

## पटाखा लेकर जाते समय हुआ विस्फोट, 2 की मौत

**लखनऊ।** जिले में में मंगलवार को हादसा हो गया। पटाखा लेकर जा रहे दो बाइक सवारों की विस्फोट के बाद मौत हो गई। हादसे में एक गाय की भी जान चली गई।



आनन-फानन में पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने में जुटी है। मरने वाले दोनों युवक आपस में रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। घटना गोसाईगंज के मलौली गांव की है। जानकारी के अनुसार दो युवक शादी के लिए आतिशबाजी लेने के लिए गए थे।

## झारखंड में उग्रवादी संगठन के 3 लोग अरेस्ट

**लातेहार।** झारखंड के लातेहार जिले की बालूमाथ पुलिस को आज बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने नक्सली संगठन के तीनों उग्रवादियों को पकड़ा है। तीनों टीएसपीसी नक्सली ग्रुप के सदस्य थे। तीनों के पास से हथियार और कारतूस भी बरामद किए गए हैं। एसडीपीओ विनोद रवानी ने बताया कि एसपी को मिली सूचना के आधार पर गिरफ्तारी की कार्रवाई की गई।

### योगी सरकार ने दिवाली से पहले दिया तोहफा

# 15 लाख राज्य कर्मचारियों को मिलेगा बंपर बोनस



एजेंसी ▶▶ लखनऊ


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपावली के शुभ अवसर पर राज्य कर्मचारियों को बड़ा उपहार देते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बोनस देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह निर्णय कर्मचारियों के परिश्रम और निष्ठा के प्रति राज्य सरकार की सराहना का प्रतीक है। प्रदेश की प्रगति में सरकारी कर्मचारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, और सरकार हर स्तर पर उनके कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

### मैट्रिक्स लेवल-8 के कर्मचारियों को मिलेगा लाभ

राज्य सरकार द्वारा अनुमन्य बोनस के दायरे में वे पूर्णकालिक अराजपत्रित कार्मिक शामिल हैं जिनके पद का वेतन मैट्रिक्स लेवल-8 (47,600- 1,51,100 रुपए) तक है (सादृश्य ग्रेड वेतन 4,800 तक रुपए)। इसमें राज्य कर्मचारी, राज्य निधि से सहायता प्राप्त शिक्षण एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं के कर्मचारी, स्थानीय निकायों और जिला पंचायतों के कर्मचारी, राजकीय विभागों के कार्यप्रभारित एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी सम्मिलित हैं।

### सरकार हर स्तर पर कर्मचारी कल्याण के लिए प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री के निर्देश पर वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, राज्य सरकार के कर्मचारियों को उत्पादकता असम्बद्ध बोनस अनुमन्य किया गया है। यह बोनस मासिक परिलब्धियों की अधिकतम सीमा 7,000 रुपए के आधार पर 30 दिनों की परिलब्धियों का आगणन करते हुए दिया जाएगा, जिससे प्रत्येक पात्र कर्मचारी को 6,908 रुपए का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपावली से पहले यह आर्थिक लाभ कर्मचारियों के परिवारों के लिए आनंद और उत्साह लेकर आएगा तथा शासन-प्रशासन में नई ऊर्जा का संचार करेगा। इस निर्णय से राज्य सरकार के लगभग 14 लाख 82 हजार कर्मचारी लाभान्वित होंगे, जिस पर कुल व्ययभार लगभग 1,022 करोड़ आएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि पात्र कर्मचारियों को बोनस का भुगतान समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किया जाए ताकि सभी परिवार इस पर्व को उल्लासपूर्वक मना सकें।





# दुश्मनों का सामना करते नजर आए अगस्त्य

**मुंबई।** मंगलवार को अरुण खेत्रपाल की जयंती पर फिल्म निर्माताओं ने परमवीर चक्र विजेता अधिकारी अरुण खेत्रपाल की कहानी से प्रेरित फिल्म 'इक्कीस' के एक्टर की झलक दिखाकर फैंस को खुश कर दिया है। श्रीराम राघवन द्वारा निर्देशित फिल्म 'इक्कीस' में अगस्त्य नंदा का लुक सामने आया है। एक पोस्टर में अगस्त्य नंदा हाथ में बंदूक लिए युद्ध में दुश्मनों का सामना करते नजर आ रहे हैं। इस पोस्टर के साथ निर्माताओं ने फिल्म की शूटिंग को लेकर अहम जानकारी देते हुए कैप्शन में लिखा, 'अरुण खेत्रपाल की जयंती पर, 'इक्कीस' की शूटिंग पूरी हो गई है, एक ऐसी कहानी जो हमेशा हमारे दिलों में रहेगी।

लाइफ Style

# श्रीलीला



## एजेंट मिर्ची के रोल में पोस्टर हुआ रिलीज

एजेंसी ▶▶ मुंबई

श्रीलीला जल्द ही एक फिल्म में एजेंट मिर्ची के किरदार में नजर आएंगी। श्रीलीला की इस फिल्म में उनके साथ बॉबी देओल नजर आएंगे। हालांकि, फिल्म के नाम की घोषणा अभी तक नहीं हुई है। फिल्म से श्रीलीला के लुक को फैंस बेहद पसंद कर रहे हैं।

श्रीलीला ने मंगलवार को अपनी आगामी फिल्म से 'एजेंट मिर्ची' के रूप में अपना पहला लुक जारी किया है। फिल्म के बारे में अभी ज्यादा जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन नए पोस्टर से लगता है कि यह एक्शन से भरी मजेदार फिल्म होगी। श्रीलीला ने इंस्टाग्राम पर अपना धांसू लुक शेयर किया और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'रेडी, स्टेडी, फायर... मिर्ची लगाने वाली है। 19 अक्टूबर #आग लगा दे।' श्रीलीला की पोस्ट कुछ ही मिनटों में वायरल हो गई। फैंस ने उनकी तारीफ की। एक फैन ने कहा, 'सिंड्रेला अब लेडी जेम्स बॉन्ड बन गई', एक और फैन ने लिखा, 'लीला ऑन फायर एक्शन'। श्रीलीला के लुक से पहले इसी फिल्म से बॉबी देओल का एक पोस्टर जारी किया गया था। बॉबी मोटे काले चश्मे और लंबे बालों में नए अंदाज में दिखे। वे बैंगनी शर्ट और कोट पहने नजर आए। पोस्टर में हेलीकॉप्टर दिखाया गाय, बाकी के पोस्टर में लाल और आग जैसी थीम दिखाई दी। यह श्रीलीला के पोस्टर से मेल खाती है। श्रीलीला के पास कई प्रोजेक्ट्स हैं। अगली फिल्म 'मास जथारा' रवि तेजा के साथ है, जो 31 अक्टूबर को रिलीज होगी। पवन कल्याण के साथ 'उस्ताद भगत सिंह' पुलिस एक्शन ड्रामा है।

## हॉलीवुड मसाला




# एफ1 : द मूवी ओटीटी पर होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड सुपरस्टार ब्रैड पिट की धमाकेदार सुपरहिट फिल्म 'एफ1 : द मूवी' ने बॉक्स ऑफिस पर दुनियाभर में धूम मचाई। अकेले भारत में इस फिल्म ने 105.34 करोड़ का नेट कलेक्शन किया।अब, हम एप्पल टीवी की बेजोड़ ग्लोबल रीच के जरिए से इस रोमांचक, सिनेमाई सफर को दुनियाभर के प्रशंसकों तक डिजिटल स्ट्रीम करने के लिए बेहद उत्साहित हैं।' यह फिल्म एप्पल टीवी पर 12 दिसंबर को रिलीज होगी।




# नए कॉमेडी शो के साथ वापस आ रहे

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता रोवन एटकिंसन अपनी जबरदस्त कॉमेडी के लिए जाने जाते हैं। वह उन चुनिंदा अभिनेताओं में शुमार किए जाते हैं, जो बिना कुछ कहे ही अपने अभिनय से लोगों को हंसा सकते हैं। उन्हें उनके चर्चित किरदार मिस्टर बीम के लिए भी जाना जाता है। वह जल्द ही एक नए शो के साथ आ रहे हैं। मशहूर अभिनेता रोवन एटकिंसन नेटफ्लिक्स पर जल्द ही अपने कॉमेडी शो 'मैन वर्सेस बेबी' के साथ वापस आ रहे हैं। यह सीरीज इस साल 11 दिसंबर को ओटीटी पर स्ट्रीम होगी। सीरीज के चार एपिसोड होंगे। नेटफ्लिक्स ने एक्स पर इस सीरीज का ऐलान करते हुए कई तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि रोवन एटकिंसन एक बच्चे के साथ नजर आ रहे हैं। एक तस्वीर में वह दो बच्चों के साथ हैं और दोनों को दूध पिला रहे हैं।



# अपने संघर्ष की तुलना शाहरुख से की

**मुंबई।** कंगना रनौत बेबाकी से अपनी बातों को रखने के लिए बॉलीवुड में जानी जाती हैं। इस वजह से कई बार वह कंट्रोवर्सी का शिकार भी हुईं। पिछले दिनों एक्ट्रेस ने एक इवेंट में शाहरुख खान और अपने स्ट्रगल की तुलना की। अपने स्ट्रगल को वह ज्यादा मुश्किल बताती हैं। पिछले हफ्ते नई दिल्ली में हुए एक इवेंट में कंगना रनौत ने अपने करियर को लेकर बातचीत की। वह कहती हैं, 'मुझे इतनी सक्सेस क्यों मिली? शायद ही कोई और होगा जो गांव से आकर मेनस्ट्रीम में इतनी सक्सेस हासिल कर पाया हो। आप शाहरुख खान की बात करें, वे दिल्ली से हैं, कॉन्वेंट में पढ़े हैं। लेकिन मैं एक ऐसे गांव (भांबला) से हूं, जिसके बारे में किसी ने सुना भी नहीं होगा।'कंगना रनौत का जन्म 23 मार्च 1986 को हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के एक छोटे से कस्बे भांबला में हुआ। मां एक स्कूल टीचर थीं।



# 'संक्रांतिकी' के हिंदी रीमेक में आएंगे नजर

**मुंबई।** तेलुगु सिनेमा के सुपरस्टार वेंकटेश दग्गुबाती की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'संक्रांतिकी वस्तुनम' अब हिंदी में बनने जा रही है। इस फिल्म ने साउथ बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था और अक्षय कुमार इसे नए अंदाज में बड़े पर्दे पर लेकर आने वाले हैं। वेंकटेश की इस जबरदस्त एक्शन-कॉमेडी फिल्म का हिंदी रीमेक बनाने की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। इस फिल्म को निर्देशित किया था अनिल रविपुडी ने और यह साल की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तेलुगु फिल्म साबित हुई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म ने दुनिया भर में 250 से 300 करोड़ रुपए की कमाई की थी। रिपोर्ट की मानें तो अक्षय कुमार ने इस रीमेक के लिए अपनी हामी भर दी है। अक्षय को तेलुगु फिल्म का कॉन्सेप्ट और स्क्रीनप्ले इतना पसंद आया कि उन्होंने तुरंत इसके हिंदी रीमेक का फैसला कर लिया।

## टीवी मसाला




# केबीसी में ऋषभ ने बिग बी को गिफ्ट की लुंगी

**नई दिल्ली।** लोकप्रिय क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति 17' का नया एपिसोड फैंस के लिए यादगार पल लेकर आने वाला है। इस बार हॉट सीट पर पहुंचे हैं कन्नड़ सिनेमा के सुपरस्टार एक्टर-डायरेक्टर ऋषभ शेट्टी, जो इन दिनों अपनी फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' से बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रहे हैं। मेकर्स ने एक प्रोमो जारी किया है जिसमें ऋषभबिग बी से एक खास रिक्वेस्ट करते नजर आ रहे हैं। प्रोमो वीडियो में ऋषभ शेट्टी ने मुस्कुराते हुए बिग बी से कहा, 'सर, आपका 'अग्निपथ' वाला डायलॉग सुनने का बहुत मन है।' अमिताभ बच्चन ने भी अपने ही अंदाज में उनकी यह रिक्वेस्ट पूरी की। उन्होंने अपनी फिल्म के किरदार विजय दीनानाथ चौहान के जैसे ही कहा- 'ऋषभ शेट्टी सर, ग्यारहवां प्रश्न आपके स्क्रीन पर डालते हैं। सात लाख पचास हजार रुपए में से पचास हजार आपके, सात लाख हमारे!' यह सुनते ही सेट पर मौजूद हर कोई तालियां बजाने लगा। इसके अलावा मेकर्स ने एक और प्रोमो जारी किया है जिसमें बिग बी ऋषभ शेट्टी को मंच पर आमंत्रित करते हैं। इस दौरान ऋषभ लुगी पहने हुए नजर आ रहे हैं। साथ ही उन्होंने अमिताभ को भी लुंगी गिफ्ट की है। ऋषभ द्वारा इस गिफ्ट को स्वीकार करने के बाद बिग बी ने कहा कि वो जरूर इस तोहफे को पहनेंगे। इसके बाद अमिताभ का मजाकिया अंदाज भी नजर आया। उन्होंने कहा- 'अगर ये थोड़ा भी इधर से उधर हो गया तो मामला इंटरनेशनल हो जाता है।'

## जीशान ने अमाल को कहा धोखेबाज

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 से पिछले हफ्ते एविक्ट हो गए जीशान कादरी अब घर में बिताए वक्त, और बाकी खिलाड़ियों के बारे में खुलकर बात कर रहे हैं।



जीशान कादरी की बिग बॉस हाउस में तान्या, नीलम, अमाल, शहबाज और मालती से अच्छी दोस्ती हो गई थी। घर में ज्यादातर वक्त रणनीति बनाते, या दूसरों को शांत करते नजर आते जीशान ने बाहर आने पर तान्या और अमाल के बारे में अपनी राय खुलकर जाहिर की है। जीशान कादरी ने कहा कि वह अमाल मलिक को असल में अपना सच्चा दोस्त नहीं मानते हैं, क्योंकि उन्होंने कई बार उन्हें धोखा दिया है। जीशान कादरी ने कहा, 'अमाल ने कई बार मुझे धोखा दिया है। मैंने बाहर निकल कर कई क्लिप देखीं जहां वो नेहल को बोल रहा है कि हम अलग ग्रुप बनाएंगे, और कह रहा है 'जीशान जी का हो गया।' तो मुंह पर बोलता ना, इतनी आजादी तो दी थी मैंने उसे। उसने मुंह पर बोला? इसे ही धोखा कहते हैं, यह तकलीफ देता है।' जीशान ने कहा कि वह अमाल को छोटे भाई की तरह देख रहे थे, इसलिए जो कुछ खोया वो उन्होंने (अमाल ने) खोया है, मैंने कुछ नहीं खोया।

# बहुत एक्टिव रहने वाला काम है एक्टिंग : काजोल



**मुंबई।** काजोल ने अपने टॉक शो 'टू मच' में पिछले दिनों कहा था कि एक्टर्स 9 से 5 की नौकरी करने वालों से ज्यादा मेहनत करते हैं। यह बात सोशल मीडिया यूजर्स को रास नहीं आई, काजोल को इस बात के लिए ट्रोल किया गया। काजोल ने फिर इस बात को लेकर बयान दिया है, साथ ही अपनी पुरानी बातों को सही साबित करने के लिए कुछ बातों का जिक्र किया है। एक इंटरव्यू में काजोल कहती हैं, 'एक्टिंग बहुत एक्टिव रहने वाला काम है। जब हम शूटिंग पर होते हैं तो पूरा ध्यान उसी काम पर होता है। मैंने 35 से 40 दिनों तक सीरीज 'द ट्रायल 2' के लिए लगातार शूटिंग की। इस दौरान एक्सरसाइज पर, डाइट पर ध्यान दिया। हमारे लुक में जरा सा चेंज भी पूरे प्रोसेस को खराब कर सकता है। इस वजह से हम पर बहुत दबाव होता है।'काजोल आगे कहती हैं, 'जब आप 9 से 5 की नौकरी करते हैं, तो टी ब्रेक ले सकते हैं, थोड़ा आराम कर सकते हैं। हम ऐसा नहीं कर सकते हैं। हम कैसे बैठते हैं? कैसे मुस्कुराते हैं? इन बातों पर भी नजर रखी जाती है। हम एक केतली की तरह हैं, जो हमेशा उबलती रहती है। हमें हमेशा अलर्ट रहना होता है, हम अक्सर टेंशन में रहते हैं और हम ऐसे ही जीते हैं।'काजोल की अपकमिंग फिल्म की बात करें तो वह 'महारागिनी' में नजर आएंगी।

# रश्मिका ने फिर फ्लॉन्ट की सगाई की अंगूठी

**मुंबई।** रश्मिका मंदाना और साउथ एक्टर विजय देवरकोंडा ने सगाई कर ली है। लेकिन, सगाई की तस्वीरें, फंक्शन बिल्कुल प्राइवेट रखे गए। विजय की टीम ने जरूर जानकारी दी कि शादी फरवरी में होगी। हाल ही में एयरपोर्ट पर रश्मिका मंदाना नजर आईं। जहां वह अपनी सगाई की अंगूठी को फ्लॉन्ट करती दिखीं। फैंस ने रश्मिका की वायरल वीडियो, लुक पर रिएक्शन भी दिए हैं।

रश्मिका का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है, जिसमें वह एयरपोर्ट पर नजर आ रही हैं। एयरपोर्ट पर वह सिंपल सूट-सलवार में दिखाई दीं, उनके बाल भी गीले नजर आए। जब पैपराजी ने फोटो के लिए कहा तो वह देरी का इशारा करती दिखीं। इस दौरान उनके हाथ में सगाई की अंगूठी नजर आईं। पिछले दिनों भी एक इंस्टाग्राम पेज पर रश्मिका ने एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें उनकी सगाई की अंगूठी नजर आ रही थीं। लेकिन, अब तक अपनी सगाई को लेकर रश्मिका ने कोई बयान नहीं दिया है। जल्द ही रश्मिका की बॉलीवुड फिल्म 'थामा' रिलीज होगी। इसमें आयुष्मान खुराना है। इस फिल्म का ट्रेलर और रश्मिका का लुक पिछले दिनों काफी चर्चा में रहा। इसके अलावा वह एक साउथ इंडियन फिलम 'गर्लफ्रेंड' में भी नजर आने वाली हैं।



## हॉरर से लेकर थ्रिलर तक, कॉमेडी से लेकर रोमांस तक

# इस हफ्ते ओटीटी पर होगी एंटरटेनमेंट की बरसात

*नई दिल्ली। त्योहारों के मौसम की शुरुआत हो चुकी है और इसके साथ ही ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर मनोरंजन की भरपूर सौगात लेकर कई नई फिल्में और वेब सीरीज रिलीज होने जा रही हैं। इस हफ्ते दर्शकों के लिए हर जोनर की कहानियां पेश होंगी- हॉरर, थ्रिलर, ड्रामा और एक्शन से भरी। 'फाइनल डेस्टिनेशन 6: ब्लडलाइन्स' से लेकर 'भगवत चैप्टर वन: राक्षस' तक, इस हफ्ते का ओटीटी प्लेटर बेहद खास है।*

**हाउ टू ट्रेन योर ड्रैगन :** ड्रैगन की जादुई दुनिया को नए रूप में दिखाने वाली यह लाइव-एक्शन फिल्म उसी नाम की मशहूर एनिमेटेड मूवी का रीमेक है। शानदार विजुअल्स और भावनाओं से भरी यह कहानी एक बार फिर बच्चों और बड़ों सभी को पसंद आएगी। यह फिल्म 13 अक्टूबर को जियोहॉटस्टार पर रिलीज गई है।

**द नेबरहुड सीजन-8 :** मशहूर कॉमेडी शो 'द नेबरहुड'अब अपने आठवें और आखिरी सीजन के साथ दर्शकों से विदा ले रहा है। इस शो में पड़ोसियों के बीच के मजेदार रिश्तों और छोटे-छोटे सामाजिक मुद्दों को हल्के-फुल्के अंदाज में दिखाया गया है। नया सीजन 14 अक्टूबर जियोहॉटस्टार पर प्रसारित हुआ।



**फाइनल डेस्टिनेशन 6: ब्लडलाइन्स :** हॉरर फिल्मों के प्रशंसकों के लिए यह हफ्ता खास है। फाइनल डेस्टिनेशन सीरीज की छठी कड़ी 'ब्लडलाइन्स' 16 अक्टूबर को रिलीज होगी। इस फिल्म में मौत से भागते किरदारों की कहानी पहले से भी ज्यादा डर और रहस्य से भरी है। इसे जैक लिपोव्स्की और एडम स्टीन ने निर्देशित किया है और फिल्म जियोहॉटस्टार पर देखी जा सकेगी।



**द डिप्लोमैट सीजन-3 :** राजनीतिक साजिशों और कूटनीति की दुनिया पर आधारित यह लोकप्रिय वेब सीरीज फिर लौट रही है। इसमें एक अमेरिकी राजनयिक की कहानी दिखाई गई है जिसे ब्रिटेन में नियुक्त किया जाता है और वहां वह अंतरराष्ट्रीय संकटों में उलझ जाती है। सीरीज का तीसरा सीजन 16 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगा।

**भगवत चैप्टर वन: राक्षस :** भारतीय दर्शकों के लिए इस हफ्ते की सबसे बड़ी ओटीटी रिलीज मानी जा रही है- भगवत चैप्टर वन: राक्षस। यह एक अपराध-थ्रिलर फिल्म है जिसमें अरशद वारसी इंस्पेक्टर विश्वास भगवत की भूमिका में हैं, जबकि जितेंद्र कुमार प्रोफेसर समीर बने हैं। फिल्म का निर्देशन अक्षय शेर ने किया है। यह कहानी एक बड़े वेश्यावृत्ति रैकेट और उससे जुड़े रहस्यों पर आधारित है। यह फिल्म 17 अक्टूबर को जी5 पर रिलीज होगी।

**किष्किंधापुरी :** तेलुगु भाषा की यह हॉरर-थ्रिलर फिल्म दर्शकों को रहस्य और डर की नई दुनिया में ले जाएगी। कौशिक पेगल्लापाटी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में बेल्लमकोंडा साई श्रीनिवास और अनुपमा परमेस्वरन मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 17 अक्टूबर को जी5 पर स्ट्रीम होगी।

**आई नो व्हाट यू डिड लास्ट समर :** 1998 की सुपरहिट स्लेशर फ्रैंचाइज़ की अगली कड़ी अब नए रूप में लौट रही है। इसमें पुरानी घटनाओं के राज और खून-खराबे से भरी कहानी दर्शकों को एक बार फिर सिहरने पर मजबूर करेगी। यह फिल्म 18 अक्टूबर को रिलीज़ होगी।

# गीता स्थली में देश-विदेश से आने वाले पर्यटक इलेक्ट्रिक बसों में करेंगे सफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गीता स्थली कुरुक्षेत्र में इलेक्ट्रिक सिटी बस सेवा शुरू की है। अब देश विदेश से आने वाले पर्यटक व स्थानीय नागरिक इन इलेक्ट्रिक बसों में सफर कर सकेंगे। इस शहर में 10 बसें चलाई गई है और दीपावली तक यात्री इलेक्ट्रिक बसों में निशुल्क सफर कर सकेंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मंगलवार को गीता स्थली ज्योतिसर में हरियाणा राज्य परिवहन विभाग की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा राज्य परिवहन विभाग की तरफ से पर्यावरण अनुकूल 10 इलेक्ट्रिकबसों को हरी झंडी देकर रवाना किया।




## धर्म नगरी में प्रदूषण कम करने में मदद मिलेगी

### मुख्यमंत्री ने किया बस में सफर

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, हरियाणा राज्य परिवहन विभाग के महानिदेशक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के द्वितीय गेट तक बस में सफर किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इलेक्ट्रिक बस सेवा के लिए नागरिकों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए पत्रकारों से बातचीत की और कहा कि दीपावली तक कुरुक्षेत्र शहर की 10 इलेक्ट्रिक बसों में यात्री निःशुल्क सफर कर सकेंगे। यह इलेक्ट्रिक बसें अलग अलग रूट पर चलाई जाएंगी। इस इलेक्ट्रिक बस सेवा से देश विदेश से आने वाले पर्यटकों को भी फायदा मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव, सूर्य ग्रहण मेला, सोमवती अमावस्या के साथ-साथ अन्य मेलों में बस सेवा का यात्री फायदा उठा सकेंगे। उन्होंने कहा कि शून्य उत्सर्जन सार्वजनिक परिवहन शुरू करने के उद्देश्य से राज्य परिवहन हरियाणा ने भारत सरकार के राष्ट्रीय इलेक्ट्रिक मोबिलिटी मिशन 2020 के अंतर्गत राष्ट्रीय इलेक्ट्रिक मोबिलिटी मिशन को प्राप्त करने के लिए हरियाणा और उसके आस-पास के राज्य में पर्यावरण अनुकूल इलेक्ट्रिक बस सेवा चलाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि सरकार सार्वजनिक परिवहन बस सेवा प्रदान करने के लिए 10 नगर निगमों, पंचकूला, अम्बाला, यमुनानगर, करनाल, पानीपत,सोनीपत व अन्य शहरों में बसें चलाई जा रही है।

---

## सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमियों के सम्मेलन को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया संबोधित

गांव, कस्बे और शहर हर जगह लघु उद्योग लाखों लोगों को दे रहे रोजगार, बना रहे स्वावलंबी

# स्वदेशी व आत्मनिर्भर भारत की दिवाली का हो रहा इस सम्मेलन से जबरदस्त आगाज

## वर्तमान में प्रदेश में 6 हजार से अधिक रजिस्टर्ड स्टार्ट-अप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज भारत की लगभग 80 करोड़ से अधिक आबादी किसी न किसी रूप में एमएसएमई से जुड़ी हुई है। यह विशाल आंकड़ा है। आप करोड़ों परिवारों की आशा, आत्मसम्मान और स्वावलंबन का आधार हैं। भारत के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग कई देशों की जनसंख्या को रोजगार देने की क्षमता रखते हैं, बड़ी संख्या में रोजगार सृजन एमएसएमई के माध्यम से होता है। एमएसएमई पूरे देश का उदर पोषण कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को भोपाल के एक निजी होटल में आयोजित सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमियों के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आप सभी रोजगार के सबसे बड़े निर्माता हैं। गांव, कस्बे और शहर हर जगह लघु उद्योग लाखों लोगों को रोजगार दे रहे हैं, स्वावलंबी बना रहे हैं। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत की दिवाली इस सम्मेलन से शुरू हो रही है। उन्होंने सभी उद्यमियों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी भारत और मध्यप्रदेश को आत्मनिर्भरता से रौशन कीजिये, हमारी सरकार सदैव आपके साथ हैं। मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बालाघाट और टीकमगढ़ जिले के लघु उद्यमियों से चर्चा कर उन्हें प्रोत्साहित किया। साथ ही सम्मेलन स्थल में मौजूद भोपाल जिले के उद्योगपतियों और नव उद्यमियों से भी आत्मीय संवाद किया।

### प्रतिमाह 10 हजार रुपए की सहायता का प्रावधान किया



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नए स्टार्टअप को प्रोत्साहन के लिए मप्र स्टार्टअप पॉलिसी-2025 के तहत हमने एक साल तक प्रतिमाह 10 हजार रुपए की सहायता का प्रावधान किया है। हमारी नीतियों और सहयोग से वर्तमान में प्रदेश में 4 लाख से अधिक विनिर्माण इकाई एमएसएमई रजिस्टर्ड हैं। हम एमएसएमई की स्थापना के लिए सभी सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध करा रहे हैं। वर्तमान में प्रदेश में 6 हजार से अधिक रजिस्टर्ड स्टार्ट-अप हैं, इनमें से 47 प्रतिशत स्टार्ट-अप की मालकिन हमारी बहनें हैं। प्रदेश के 102 इंक्यूबेशन सेंटर युवाओं को आइडिया आगे बढ़ाने का मौका दे रहे हैं।

### निवेश बढ़ाने गुवाहाटी तक में की इंवेस्टमेंट समिट



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में निवेश बढ़ाने के लिए गुवाहाटी तक में इन्वेस्टमेंट समिट की है। इस वर्ष उद्यमियों को 1080 भूखंड आवंटित किए गए हैं। प्रदेश सरकार ने हर ब्लॉक में औद्योगिक इकाई स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए हर स्तर पर संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। स्टार्टअप अप्रूव होने पर राज्य सरकार एक वर्ष के लिए 10 हजार रुपए प्रतिमाह की सहायता प्रदान कर रही है, जिससे एक नया आइडिया जमीन पर आकार ले सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार वर्ष 2025 को उद्योग एवं रोजगार वर्ष के रूप में मना रही है।

### लोक अनुष्ठान और सांस्कृतिक परंपराओं के अनुसार मनाएं गोवर्धन पर्व : डॉ यादव

- आयोजन में गो-शालाओं और पशुपालकों को बनाएं सहभागी
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गोवर्धन पर्व संबंधी बैठक में दिए निर्देश

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में 21 अक्टूबर को गोवर्धन पर्व लोक अनुष्ठान और सांस्कृतिक परंपराओं के अनुसार मनाया जाए। आयोजन में गौशालाओं तथा पशुपालकों को विशेष रूप से सहभागी बनाया जाए। साथ ही गोवर्धन पर्व पर पशुपालन तथा दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में विशेष उपलब्धियां दर्ज करने और नवाचार करने वाले उद्यमियों को सम्मानित भी किया जाए। डॉ यादव गोवर्धन पर्व आयोजन के संबंध में सोमवार को मंत्रालय में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

#### गोवर्धन पर्व का होगा सामुदायिक आयोजन

बैठक में बताया गया कि प्रदेश की गौ-शालाओं में गोवर्धन पर्व का सामुदायिक आयोजन होगा। गोवर्धन पर्व का मुख्य आयोजन रवीन्द्र भवन भोपाल में किया जाएगा, जिसमें गोवर्धन पूजन, परिक्रमा, अन्नकूट भोग मुख्य होगा। इस अवसर पर पशुचारक समुदायों की कला, बरेदी और ठाट्या नृत्य आदि का प्रस्तुतीकरण होगा। कार्यक्रम में जैविक उत्पादक, दुग्ध उत्पाद, गोबर आधारित शिल्प के स्टॉल लगाए जाएंगे, साथ ही पशुपालन, कृषि, सहकारिता विभाग की योजनाओं की जानकारी देने के लिए विशेष व्यवस्था होगी। ग्रामीण आजीविका के लिए दुग्ध उत्पादन और वृंदावन ग्राम योजना के विस्तार के लिए भी गतिविधियों का संचालन होगा। गोवर्धन पर्व पर सभी जिलों में गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

---

## ग्राम ताड़पाला थाना क्षेत्र में छिपाकर रखे थे विस्फोटक

# सुरक्षा बलों को सफलता, विस्फोटक सामग्री का जखीरा बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर



जिले उसूर इलाके में सुरक्षाबलों को एक बड़ी सफलता मिली है। ग्राम ताड़पाला थाना क्षेत्र के केजीएच फूटहिल्स इलाके में नक्सलियों द्वारा छुपाकर रखे गए भारी मात्रा में विस्फोटक और बीजीएल बनाने की सामग्री बरामद की गई है। साथ में 5 प्रेशर आईईडी बरामद कर उसे नष्ट किया गया है।

पुलिस के मुताबिक, 13 अक्तूबर को उसूर थाना क्षेत्र के ताड़पाला बेस कैंप से निकली कोबरा 206, केरिपु 229, 153 और 196 बटालियन की संयुक्त टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। दोपहर करीब तीन बजे चलाए गए सर्च अभियान के दौरान यह विस्फोटक सामग्री बरामद की गई। बरामद सामग्री में 51 नग जिंदा बीजीएल, 100 बंडल एचटी एल्युमिनियम तार, 50 नग स्टील पाइप (बीजीएल निर्माण हेतु), भारी मात्रा में बिजली के तार, 20 नग लोहे की शीट (बीजीएल निर्माण हेतु), 40 नग लोहे की प्लेट (बीजीएल निर्माण हेतु) इतना ही नहीं, सर्चिंग के दौरान नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए लगाए गए पांच प्रेशर आईईडी भी बरामद किए गए।, जिन्हें बीडी टीम द्वारा सुरक्षित तरीके से नष्ट कर दिया गया। सुरक्षा बलों की सतर्कता और सूझबूझ से नक्सलियों की एक बड़ी साजिश को समय रहते विफल कर दिया गया। बरामद सामग्री से साफ जाहिर होता है कि नक्सली सुरक्षाबलों को गंभीर क्षति पहुंचाने की योजना बना रहे थे। हालांकि, सुरक्षाबलों की त्वरित कार्रवाई ने उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया। क्षेत्र में लगातार गस्त सर्चिंग की कार्रवाई जारी है।

## मुखबिरी का शक, भाजपा कार्यकर्ता की हत्या

**बीजापुर।** जिले के इलमिडी थाना क्षेत्र में नक्सलियों ने एक बार फिर दहशत फैलाते हुए एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया है।



नक्सलियों ने भाजपा कार्यकर्ता सत्यम पुनेम की गला घोंटकर हत्या कर दी। मृतक के शव के पास से नक्सलियों का एक पर्चा भी बरामद हुआ है। घटना के बाद इलाके में दहशत का व्याप्त है। जानकारी के मुताबिक, मृतक सत्यम पुनेम उसूर ब्लाक के ग्राम मुजलाकांकेर का निवासी है। बीते दो दशकों से भाजपा संगठन से जुड़े हुए थे।

---

# बीपीएमएस का 32 वां निःशुल्क नेत्र व चिकित्सा शिविर आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

श्री श्याम बाबा जी की असीम अनुकम्पा से भिवानी परिवार मैत्री संघ द्वारा 32वां निःशुल्क आंखों का मोतियाबिंद ऑपरेशन (लैंस प्रत्यारोपण वाला) एवं मेडिकल कैम्प बुधवार 15 अक्टूबर को प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर, भिवानी में आयोजित किया जाएगा। भिवानी परिवार मैत्री संघ (बीपीएमएस) के अध्यक्ष एवं अंतर्राष्ट्रीय कवि राजेश चेतन ने बताया कि उत्तर भारत की इस प्रमुख सामाजिक संस्था की ओर से अब तक लगाए गए 31 निःशुल्क शिविरों में भिवानी, चरखी दादरी, जींद, रोहतक, दिल्ली व सीमावर्ती अनेक अन्य शहरों के हजारों मरीज स्वास्थ्य लाभ ले चुके हैं। बीपीएमएस में जनसेवा, जरूरतमंदों की मदद एवं मरीजों की निःशुल्क सेवा का अखंड क्रम चलता है। छोटी काशी के परोपकारी नागरिक हर अवसर पर समाज सेवा के लिए तत्पर-तैयार रहते हैं। छोटी काशी, दानवीर नागरिक और भिवानी परिवार मैत्री संघ, तीनों मिलकर ऐसा संगम बन चुके जो हर गरीब, जरूरतमंद व अस्वस्थ व्यक्ति को संकट के भंवर से दूर रखता है। राजेश चेतन ने बताया कि गुरुग्राम के दक्ष विशेषज्ञ नेत्र रोगियों की जांच करने के बाद लैंस आपरेशन करते हैं। दिल्ली के प्रसिद्ध राजीव गांधी कैंसर अस्पताल के दक्ष चिकित्सक भिवानी में हर माह के तीसरे बुधवार को मरीजों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच (कैंसर स्क्रीनिंग) करते हैं।

---

## परपा, बोधाघाट और कोड़ेनार थाना क्षेत्र की घटनाएं

# अलग-अलग स्थानों पर संदिग्ध हालात में ट्रेक पर मिले तीन शव

एक की शिनाख्त हुई, शेष की पहचान के प्रयास शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बीते तीन दिनों में तीन युवकों ने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बाद पुलिस ने जहां एक युवक की शिनाख्त कर ली थी। वहीं दो की अबतक पहचान नहीं हो पाई है। बताया जा रहा है पहली घटना परपा थाना क्षेत्र की है, जहां तीन दिन पहले एक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली।

घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस को शव को पीएम के लिए मेकाज तो ले आई, लेकिन अब तक युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई। वहीं पुलिस को मृतक के पास से कोई भी दस्तावेज या फिर फोन बरामद न होने के कारण उसकी पहचान नहीं हो पाई है। वहीं एक अन्य घटना बोधघाट थाना क्षेत्र की है, जहां निर्मल विद्यालय के पीछे रहने वाले नवजीत हलधर 35 वर्ष ने पारिवारिक कारणों के चलते लामनी और करकापाल के बीच रेलवे ट्रैक के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली, घटना के बाद पुलिस ने शव का पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया। वहीं तीसरी घटना कोड़ेनार थाना क्षेत्र की है, जहां एक 55 वर्षीय बुजुर्ग ने अज्ञात कारणों के चलते आत्महत्या कर ली, घटना के बाद आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी, सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भिजवाने के साथ ही मृतक के परिजनों की तलाश में जुट गए हैं।

---

## मुख्यमंत्री ने मंत्रालय में की उच्च शिक्षा गतिविधियों की समीक्षा

# विश्वविद्यालयों में पढ़ाए जाएं अधिक से अधिक रोजगारपरक, बहुउद्देश्यीय कोर्सेसः मुख्यमंत्री

**अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विवि में अगले सत्र से शुरू करें कृषि संकाय**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



सीएम ने कहा है कि मप्र के सभी यूनिवर्सिटी कैंपस एवं अन्य उच्च शिक्षण संस्थान विश्वस्तरीय बनाए जाएं। सिर्फ सैद्धांतिक ज्ञान नहीं, सभी विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में रोजगारपरक एवं बहुउद्देश्यीय विषय एवं कोर्सेस शुरू किए जाएं। सीएम उच्च शिक्षा विभाग और प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में रोजगारपरक नवीन विषय प्रारंभ करने के संबंध में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में उच्च शिक्षा, आयुष, तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, पशुपालन एवं डेयरी विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा अनुपम राजन, प्रमुख सचिव पशुपालन उमाकांत उमराव, प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा संदीप यादव, प्रमुख सचिव खेल एवं युवक कल्याण मनीष सिंह सहित प्रदेश के सभी विवि के कुलगुरू, उच्च शिक्षाविद् एवं विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### विमानन क्षेत्र के पाठ्यक्रम शुरू किए जाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी विवि में अगले सत्र से कृषि संकाय और सम्राट विक्रमादित्य विवि, उज्जैन में बीटेक में डेयरी टेक्नॉलाजी का पाठ्यक्रम शुरू किया गया है। विद्यार्थियों में इन कोर्सेस का प्रचार करें जिससे अधिक से अधिक विद्यार्थी इस विषय की पढ़ाई के लिए आगे आएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विमानन क्षेत्र में बड़ा स्कोप है, इसलिए विश्वविद्यालयों में इसके पाठ्यक्रम शुरू किए जाएं। महर्षि पाणिनी संस्कृत एवं वैदिक विवि, उज्जैन में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति का भी समग्र अध्ययन कराया जाए। इसके लिए इस विश्वविद्यालय को आयुर्वेदिक विवि बनाने पर भी गंभीरता से विचार कर निर्णय के लिए रखा जाए। उन्होंने कहा कि पाणिनी विवि को आयुर्वेद विवि बनाने से इस विश्वविद्यालय का परिधि क्षेत्र बढ़ेगा और प्रदेश के करीब 50 से अधिक आयुर्वेदिक महाविद्यालय इसके दायरे में आ जाएंगे।

### भर्तियों को टाइम-फ्रेम में लाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि विश्वविद्यालयों में सभी प्रकार की भर्तियों को टाईम-फ्रेम में लाएं और जल्द से जल्द सभी प्रकार की भर्तियां एवं नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर ली जाएं। इस पर अपर मुख्य सचिव ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में रिक्त पदों की पूर्ति के लिए विज्ञापन जारी कर दिए गए हैं।

---

## बच्चों का हौसला बढ़ाया

# फरुखनगर में शिक्षा का दीप जलाकर दी शुभकामनाएं




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम।

गुरुग्राम के ब्लॉक फरुखनगर के ताज नगर गांव में मंगलवार को एक कार्यक्रम का आयोजन कि गया। इसमें सरकारी माध्यमिक विद्यालय से विद्यार्थी व जीवन कौशल की अध्यापिका अनीता, स्कूल स्टाफ और मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन की स्कूल स्पोर्ट ऑफिसर सुनीता, समुदाय से यूथ कम्युनिटी लीडर रिंकू और दीपिका ने एडोलिसेंट रिसोर्स सेंटर में दिवाली के उपलक्ष में शिक्षा का दीप जलाया। इस मौके पर सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दी गई। विद्यार्थियों द्वारा ग्रीटिंग भेंट किए गए। यह सेंटर सामुदायिक आधारित सेंटर है जो कि समुदाय की ही नौजवान लड़की रिंकू और दीपिका चल रही है। पंचायत भी इसमें अपनी भागीदारी निभा रही है। गांव का स्कूल स्टाफ सभी बच्चों का हौसला बढ़ाता है।

---

## मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा, मप्र सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध

# भावांतर योजना से किसानों को मिले अधिकतम लाभ, प्रचार तेज़ करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महिला व बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। भावांतर योजना के माध्यम से किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाकर उन्हें आर्थिक सुरक्षा प्रदान की जा रही है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे प्रत्येक स्तर पर यह सुनिश्चित करें कि किसानों को कोई परेशानी न हो और योजना का लाभ उन्हें पारदर्शी एवं सरल प्रक्रिया के तहत प्राप्त हो।

भावांतर भुगतान योजना की प्रगति की समीक्षा आज महिला एवं बाल विकास मंत्री और मंदसौर-नीमच जिले की प्रभारी मंत्री निर्मला भूरिया की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की। बैठक में मंदसौर और नीमच जिलों के जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने हिस्सा लिया। भूरिया ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को योजना का लाभ सुचारु रूप से और समय पर मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त करना है और सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि कोई भी पात्र किसान इससे वंचित न रहे। उन्होंने मंडियों एवं उपमंडियों में हेल्प डेस्क स्थापित करने, पर्याप्त मात्रा में पंजीयन केंद्र संचालित करने और प्रचार-प्रसार के माध्यम से योजना की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

### 256 पंजीयन केंद्रों के माध्यम से प्रक्रिया जारी



मंदसौर जिले में अब तक 16,385 किसानों का पंजीयन हो चुका है। 256 पंजीयन केंद्रों के माध्यम से यह प्रक्रिया लगातार जारी है। इनमें से 68 केंद्र सहकारी समितियों में संचालित हैं। जिला प्रशासन ने खरीदी प्रक्रिया के लिए मंडियों में पेयजल, छांव, तकनीकी सहायता, रियल टाइम स्टॉक मॉनिटरिंग और मॉडल रेट निगरानी की प्रभावी व्यवस्था की है। पंजीयन कार्य 3 से 17 अक्टूबर तक चलेगा, जबकि खरीदी प्रक्रिया 24 अक्टूबर से 15 जनवरी 2026 तक प्रस्तावित है।

### योजना के तहत पंजीयन कार्य तेज़ी से चल रहा है

नीमच जिले में भी योजना के अंतर्गत पंजीयन कार्य तेज़ी से चल रहा है। अब तक 7,000 से अधिक किसानों का पंजीयन हो चुका है और जिले में 71 पंजीयन केंद्र कार्यरत हैं। इनमें से 68 सहकारी समितियों में एवं 3 मार्केटिंग सोसायटी में संचालित हैं। मंडियों में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं और प्रचार के लिए पोस्टर, बैनर, पंपलेट के साथ कृषि गोष्ठियों का भी आयोजन किया जा रहा है।

## चिंतन

# आम आदमी के पहुंच से बाहर जा रही पीली धातु

दुनियाभर की महिलाओं को सोना बहुत प्रिय है। भारतीय महिलाओं के लिए तो सोना एक धातु मात्र न होकर धन, प्रतिष्ठा और सांस्कृतिक विरासत का प्रतिबिंब है। हालांकि नए चलन ने इसके विकल्प पेश किए हैं, फिर भी सोने का आकर्षण बरकरार है। सोना आकर्षण एक समृद्ध विरासत, निवेश मूल्य कऔर पीढ़ियों से दिलों को छूने वाली भावनाओं में गहराई से निहित है। सोने के आभूषण केवल सजावट से कहीं आगे जाते हैं; ये रीति-रिवाजों और मूल्यों का जीवंत प्रमाण हैं, जिन्होंने महिलाओं की पीढ़ियों को परिष्कृत किया है। सोने में चमकती हुई सतह के परे, सांस्कृतिक विरासतों से गहरा जुड़ाव, अतीत और वर्तमान के बीच एक ठोस कड़ी छिपी होती है। हर चमक और हर नाज़ुक विवरण में, सोने के आभूषण महिला की यात्रा का सार समेटे हुए होते हैं। सोने के आभूषण उपहार में देने और प्राप्त करने के पीछे एक भावनात्मक लगाव दिखाई देता है, जो स्थायी यादें और जुड़ाव बनाता है। यह भावनात्मक निवेश का भी प्रतीकात्मक पैमाना बन जाता है जहां प्रेम, उत्सव और महत्व की कहानियों का सार प्रत्येक आभूषण में अंकित होता है। प्रत्येक आभूषण प्रेम, उत्सव और गहन महत्व से भरी कहानियों का भार ढोने वाला बन जाता है, लेकिन अब सोना आम महिलाओं की पहुंच से दूर जा रहा है। सोने के दाम लगातार नई ऊंचाई छू रहे हैं। 14 अक्टूबर को पुष्य नक्षत्र के मौके पर सोने की कीमत सवा लाख के पार पहुंच गई है। 10 ग्राम 24 कैरेट सोने के दाम 1,997 रुपये बढ़कर 1,26,152 रुपये हो गए हैं। इससे पहले सोमवार को ये 1,24,155 पर था। वहीं, चांदी की कीमत 2,775 बढ़कर 1,78,100 रुपये प्रति किलो के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है। सोमवार को ये 1,75,325 रुपये पर थी। ऐसा माना जा रहा है कि देश में फेस्टिव सीजन, इंडस्ट्रियल डिमांड और ग्लोबल स्तर पर सप्लाई कम और मांग बढ़ने की वजह से चांदी की कीमत में लगातार बढ़त देखने को मिल रही है। केवल इसी साल पर ही नजर दौड़ाए तो सोने के दाम 49,990 रुपये बढ़े हैं। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपये का था, जो अब 1,26,152 रुपये हो गया है। चांदी का भाव भी इस दौरान 92,083 रुपये बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपये थी, जो अब 1,78,100 रुपये प्रति किलो हो गई है। माना जाता है कि दिवाली-धनतेरस पर सोना खरीदना शुभ माना जाता है। इसीलिए माना जा रहा है कि अगले कुछ दिन सोने के दाम नई छलांग लगाने वाले हैं। अब तक आई तेजी के पीछे का कारण यही है कि मिडिल ईस्ट में उथल-पुथल और ट्रेड वॉर की चिंताओं के कारण निवेशक सोना खरीद रहे हैं। अमेरिका की नीतियों को लेकर अनिश्चितता है। निवेशकों को लग रहा है कि ऐसे समय में शेयर बाजार में निवेश परेशानी का कारण बन सकता है। इसीलिए वे सुरक्षित निवेश कहे जाने वाले सोने पर पैसा लगा रहे हैं। उत्पादन कम और खरीदार ज्यादा होने के कारण ही सोने के दाम लगातार नई इबारत लिख रहे हैं। रही सही कसर दुनियाभर के बैंकों ने पूरी कर दी है। बड़े बैंक डॉलर पर निर्भरता कम करना चाहते हैं। इसलिए वे अपने खजाने में सोने का हिस्सा लगातार बढ़ाते जा रहे हैं। ये भी एक कारण है कि केवल इसी साल में ही सोने के दाम 60 प्रतिशत के आसपास तक बढ़ चुके हैं। कारण जो भी हो, सच यही है कि सोना आम आदमी के पहुंच से बहुत दूर जा चुका है। अगर हालात यही रहे तो महिलाओं में भी इस पीली धातु के प्रति आकर्षण कम होना तय है।

## जयंती विशेष

श्वेता गोयल



# मिसाइल मैन डा. कलाम ने दी सपनों को उड़ान

भारत के इतिहास में कुछ ही व्यक्तित्व ऐसे हुए हैं, जिन्होंने विज्ञान, शिक्षा, नेतृत्व और मानवीयता के हर क्षेत्र में अपने अमिट पदचिह्न छोड़े हों। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, जिन्हें 'मिसाइलमैन' और 'जनता के राष्ट्रपति' के रूप में जाना जाता है, उन विरल महान विभूतियों में से एक थे। उनका जीवन इस बात का उदाहरण है कि किस प्रकार सीमित साधनों से प्रारंभ हुआ एक व्यक्ति अपनी प्रतिभा, परिश्रम, ईमानदारी और दृष्टि से राष्ट्र का मार्गदर्शक बन सकता है। उनकी सादगी, मितव्ययिता, निष्ठा और कर्मशीलता ने न केवल वैज्ञानिकों और राजनेताओं को, बल्कि करोड़ों सामान्य भारतीयों को भी गहराई से प्रभावित किया। तमिलनाडु के रामेश्वरम में 15 अक्टूबर 1931 को एक साधारण नाविक परिवार में जन्मे अब्दुल कलाम बचपन से ही जिज्ञासु, परिश्रमी और आत्मविश्वासी थे। गरीबी और कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने शिक्षा को अपने जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य बनाया। उन्होंने बचपन में समाचारपत्र बेचकर परिवार को सहारा दिया परंतु उनके मन में सदैव विज्ञान के प्रति गहरी रुचि थी। यह वही जिज्ञासु बालक था, जिसने समुद्र तट पर उड़ते पक्षियों को देखकर उड़ान का सपना देखा और वही सपना बाद में भारत की मिसाइल और अंतरिक्ष परियोजनाओं में वास्तविकता का रूप ले सका। मद्रास इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी से एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद कलाम ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और बाद में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) में कार्य किया। इसरो में उन्होंने सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल प्रोजेक्ट में प्रमुख भूमिका निभाई, जिसने भारत को 1980 में 'रोहिणी उपग्रह' के सफल प्रक्षेपण के साथ अंतरिक्ष शक्ति के रूप में स्थापित किया। बाद में डीआरडीओ में लौटकर उन्होंने 'इंटीग्रेटेड गाइडेड मिसाइल डेवलपमेंट प्रोग्राम' की अगुवाई की, जिसके तहत पृथ्वी, त्रिशूल, आकाश, नाग और अग्नि जैसी मिसाइलें विकसित हुईं। इस उपलब्धि ने उन्हें भारत का 'मिसाइलमैन' बना दिया। परमाणु शक्ति सम्पन्न भारत का सपना साकार करने में भी डॉ. कलाम की भूमिका अत्यंत निर्णायक रही। 1998 में पोखरण परमाणु परीक्षण के दौरान उन्होंने रणनीतिक और तकनीकी दोनों स्तरों पर देश का नेतृत्व किया। यह परीक्षण भारत की वैज्ञानिक क्षमता और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बन गया। कलाम केवल मिसाइल या परमाणु शक्ति के प्रतीक नहीं थे, वे एक ऐसे वैज्ञानिक थे, जिन्होंने अपने कार्य को राष्ट्रनिर्माण का साधन बनाया। डा. कलाम विज्ञान को केवल प्रयोगशाला तक सीमित नहीं रखते थे बल्कि उसे समाज की बेहतरी और राष्ट्रीय चरित्र के निर्माण से जोड़ते थे। उनका मानना था कि विज्ञान केवल खोज का साधन नहीं, आत्मनिर्भरता और नैतिकता का आधार है। वे सदैव कहते थे कि भारत के युवाओं के पास अपार क्षमता है; बस उन्हें अपने सपनों को हकीकत में बदलने का साहस होना चाहिए। उनका प्रसिद्ध वाक्य 'सपना वह नहीं, जो आप सोते समय देखते हैं, सपना वह है, जो आपको सोने नहीं देता' आज भी हर युवा के हृदय में प्रेरणा जगाता है। वे युवाओं से कहते थे, 'अलग सोचने की हिम्मत रखो, आविष्कार करने की हिम्मत रखो, असंभव को संभव बनाने की हिम्मत रखो।' जब वे 2002 में भारत के 11वें राष्ट्रपति बने, तब पूरा देश गौरवान्वित हुआ क्योंकि यह पहली बार था, जब कोई वैज्ञानिक राष्ट्रपति पद तक पहुंचा। राष्ट्रपति बनने के बाद भी उनकी सादगी में कोई बदलाव नहीं आया। वे केवल दो सूटकेस लेकर राष्ट्रपति भवन पहुंचे, एक में उनके कपड़े और दूसरे में उनकी पुस्तकें। उन्होंने कभी विलासिता को जीवन का हिस्सा नहीं बनने दिया। अपने पांच वर्ष के कार्यकाल में उन्होंने मात्र दो छुट्टियां ली, एक पिता के निधन पर और दूसरी माता के देहांत पर। उनका जीवन अनुशासन और आत्मसंयम की पराकाष्ठा था। डा. कलाम की बौद्धिक दृष्टि केवल विज्ञान तक सीमित नहीं थी। वे एक गहरे चिंतक, शिक्षाविद् और लेखक भी थे। उन्होंने 30 से अधिक पुस्तकें लिखीं। उन्होंने जिस शिक्षित, आत्मनिर्भर, नैतिक और वैज्ञानिक सोच वाले भारत का सपना देखा था, वह केवल तकनीकी उपलब्धियों से नहीं, मानवीयता के उन मूल्यों से बनेगा, जिन्हें उन्होंने अपने जीवन में जिया। आज भले ही भौतिक रूप से वे हमारे बीच नहीं हैं पर उनकी आत्मा आज भी हर युवा के सपनों में, हर वैज्ञानिक की प्रयोगशाला में, हर शिक्षक की कक्षा में और हर भारतीय के दिल में जीवित है। डा. कलाम केवल भारत के राष्ट्रपति या वैज्ञानिक नहीं थे बल्कि भारत की आत्मा के प्रतिनिधि थे, जिन्होंने हमें सिखाया कि ज्ञान, विनम्रता और मानवता जब एक साथ चलते हैं तो राष्ट्र अमर हो जाता है।

( लेखिका शिक्षण क्षेत्र में सक्रिय हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# सादगी, समर्पण और संघर्ष का त्रिवेणी संगम हैं डॉ. रमन सिंह



विशेष

अरुण कुमार बिसेन

भारतीय राजनीति के उस विशाल आकाश में, जहां सत्ता की चमक अक्सर सेवा की सादगी को ढक लेती है, वहाँ कुछ नाम ऐसे भी हैं जो पदों की गरिमा से नहीं, बल्कि अपने चरित्र की सुगंध से पहचाने जाते हैं। डॉ. रमन सिंह ऐसा ही एक नाम है जो राजनीति में सादगी, समर्पण और संघर्ष का त्रिवेणी संगम हैं। डॉ रमन एक ऐसा नाम जो छत्तीसगढ़ की माटी में इस तरह रचा-बसा है जैसे धान के खेतों में फैली हरियाली हो। स्टेथोस्कोप थामने वाले हाथों ने जब राज्य की बागडोर संभाली, तो उन्होंने साबित किया कि राजनीति भी एक इलाज है शोषितों, वंचितों, पीड़ितों की पीड़ा दूर करने का, अव्यवस्था व अराजकता की बीमारियों का। छत्तीसगढ़ के 5000 दिन से अधिक मुख्यमंत्री रहने वाले डॉ रमन सिंह का पूरा जीवन एक प्रेरणा है। उनके जीवन का सफर किसी फिल्म की स्क्रिप्ट सा लगता है, क्योंकि पार्षद से मुख्यमंत्री बनने का सफर यूं तो आसान नहीं होता लेकिन उनके जनसेवा के जुनून ने इस सफर को परिश्रम की पराकाष्ठा और प्रयत्नों की परिसीमा से संभव कर दिया।

राजनांदगांव के कवर्धा (ठाठापुर) की उस पावन धरती पर, जहां सादगी और संस्कार हवा में घुले थे, 15 अक्टूबर 1952 को एक ऐसे बालक ने जन्म लिया जो आगे चलकर लाखों दिलों की धड़कन बनेगा डॉ. रमन सिंह। साधारण परिवार में जन्मे रमन का बचपन मिट्टी की उस खुशबू में बीता जिसमें संस्कार, परिश्रम और सेवा घुली थी। शायद उन्होंने कभी सोचा भी नहीं होगा कि एक दिन वे छत्तीसगढ़ के भाग्य-विधाता बनेंगे।पर जीवन की शुरुआत से ही उनमें थी अदम्य जिजीविषा, सेवा का संस्कार और जनता के दर्द को समझने की वह संवेदनशीलता जो किताबों से नहीं, जीवन से सीखी जाती है। MBBS का सपना उम्र की सीमा ने रोक दिया, पर उन्होंने इसे रुकावट नहीं, अवसर समझा। BAMS में प्रवेश लिया, डॉक्टर बने और जीवन को सेवा का मार्ग बना लिया।मरीजों की सेवा करते हुए भी उनकी दृष्टि समाज की बड़ी बीमारियों गरीबी, असमानता और विकास की कमी पर थी। कवर्धा में उन्होंने अपना क्लिनिक खोला, पर एक दिन कुछ ऐसा देखा जिसने उनकी पूरी जीवन दिशा बदल दी।

कई गरीब ऐसे थे, जिनके पास मामूली फीस देने तक के पैसे नहीं थे। बीमारी उनके दरवाजे पर दस्तक देती थी, लेकिन इलाज के दरवाजे उनके लिए बंद थे। डॉ. रमन का हृदय पिघल गया। उन्होंने एक फैसला लिया जो उनकी जिंदगी की पहली बड़ी सेवा यात्रा बन गई शनिवार को मुफ्त इलाज। हर शनिवार उनका क्लिनिक गरीबों, आदिवासियों और जरूरतमंदों से भर जाता। कोई पैसा नहीं, कोई भेदभाव नहीं, बस इलाज और इंसानियत। डॉ. रमन की इस निःस्वार्थ सेवा को देख, वहां के गरीब आदिवासियों ने उनका नाम रख दिया 'शनिचरी डॉक्टर'। यह उपाधि किसी विश्वविद्यालय ने नहीं दी थी, यह उन्हें मिली थी उन आंखों से जिनमें आभार के आंसू थे, उन हाथों से जो दुआओं में उठते थे।



समय था 1999 का तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष, भाजपा कुशाभाऊ ठाकरे ने डॉ. रमन सिंह को राजनांदगांव से लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए कहा। लेकिन यह कोई सामान्य चुनाव नहीं था यह एक युद्ध था। सामने कांग्रेस के दिग्गज नेता मोतीलाल वोरा थे, जिन्हें चुनाव से पहले ही लोग विजयी मान चुके थे। राजनीतिक जानकार कह रहे थे कि डॉ रमन सिंह का जीतना असंभव है। लेकिन सामने थे डॉक्टर रमन, जिन्हें हर मर्ज का इलाज आता था, जिन्होंने कभी हार नहीं मानी थी। उस चुनाव में उन्होंने अथक परिश्रम किया। सुबह से रात तक, गांव-गांव, घर-घर। उनके पैरों में छाले पड़ गए, लेकिन इरादे डगमगाए नहीं। जब परिणाम आए तो हर कोई सन्न रह गया। डॉक्टर रमन सिंह ने 26 हजार वोटों से जीत दर्ज की यह केवल एक चुनावी जीत नहीं थी, यह विश्वास की जीत थी, समर्पण की जीत थी। और इसका इनाम भी उन्हें मिला वे केंद्र में राज्य मंत्री बनाए गए।

छत्तीसगढ़ भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनना उनके जीवन का एक निर्णायक मोड़ था। उस समय प्रदेश में कांग्रेस का वर्चस्व था, जोगी सरकार के खिलाफ जनता में असंतोष तो था, लेकिन विकल्प की तलाश भी थी। भाजपा के कार्यकर्ताओं के मन में हताशा थी, संगठन बिखरा हुआ था। डॉ. रमन सिंह ने संगठन को एक नया जीवन दिया। उन्होंने प्रदेश के कोने-कोने में जाकर कार्यकर्ताओं से संवाद किया, उनके मन में जमी हताशा को उम्मीद में बदला, उनकी टूटी हुई कमर को फिर से सीधा किया। उनकी वाणी में जादू था मृदु, लेकिन प्रभावशाली; सरल, लेकिन गहरी। और फिर आया वह ऐतिहासिक क्षण 2003 का विधानसभा चुनाव। लोगों को भरोसा कम था, अपने लोग ही दबी जुबान से कहते थे कि सरकार नहीं बनेगी। राजनीतिक विश्लेषक कांग्रेस की जीत के आंकड़े गिना रहे थे। लेकिन डॉ. रमन सिंह को अपनी जनता पर, अपने कार्यकर्ताओं पर, और सबसे बढ़कर अपने संकल्प पर विश्वास था। जब परिणाम आए, तो छत्तीसगढ़ की जनता ने स्पष्ट संदेश दिया। डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में भाजपा ने शानदार जीत दर्ज की।

7 दिसंबर 2003 यह तारीख छत्तीसगढ़ के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में लिखी गई। जिस दिन वे मुख्यमंत्री की शपथ लेने गए, उस दिन उनकी आंखों में आंसू थे जिम्मेदारी के, संकल्प के, और जनता के विश्वास के। उन आंसूओं में छत्तीसगढ़ के सपने तैर रहे थे, उन आंसूओं में एक नए युग का आगमन था। फिर सेवा और समर्पण का यह कारवां 2008 और 2013 में भी जीत के साथ आगे बढ़ता गया। तीन बार लगातार मुख्यमंत्री बनना, यह केवल राजनीतिक सफलता नहीं, जनता के अटूट विश्वास का प्रमाण था।

डॉ. रमन सिंह का 15 साल का मुख्यमंत्रित्व काल केवल शासन नहीं थायह एक मिशन था, एक यज्ञ था छत्तीसगढ़ के कायाकल्प का। उनकी सोच साफ थीविकास सबके लिए हो, हर वर्ग तक पहुंचे, और धरातल पर दिखे। 2003 में जब उन्होंने शपथ ली तब छत्तीसगढ़ के हालात बहुत बेहतर नहीं थे। मध्यप्रदेश से अलग हुए मात्र 3 साल हुए थे, प्रदेश अभी संभल ही रहा था। ऊपर से कांग्रेस सरकार के 3 साल के भ्रष्टाचार और अपराध ने इसे और गर्त में ला दिया था। डॉ. रमन ने इसे चुनौती के रूप में लिया और छत्तीसगढ़ को एक नई पहचान देने का संकल्प लिया।

छत्तीसगढ़ को 'धान का कटोरा' कहा जाता है, लेकिन विडंबना यह थी कि किसानों की हालत दयनीय थी। बस्तर जैसे क्षेत्रों में भूख से मौत जैसी दुखद घटनाएं होती थीं। कुपोषण से बच्चे मर रहे थे, माताओं की आँखों में आँसू थे। यह दृश्य डॉ. रमन के लिए असहनीय था। एक चिकित्सक के रूप में, एक इंसान के रूप में, और मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने संकल्प लिया 'छत्तीसगढ़ में कोई भी बच्चा भूखे पेट नहीं सोएगा।' 2008 में उन्होंने एक ऐसी योजना शुरू की जो छत्तीसगढ़ की पहचान बन गई, जो देश भर में चर्चा का विषय बनीगरीबों को मात्र 2 रुपये प्रति किलो की दर पर चावल उपलब्ध कराना। यह केवल एक सरकारी योजना नहीं थी यह उनकी संवेदनशीलता का प्रमाण था, यह उनके हृदय की आवाज़ थी। बाद में इसे और सुलभ बनाते हुए अंत्योदय कार्ड धारकों को 1 रुपये और BPL परिवारों को 2 रुपये प्रति किलो चावल दिया जाने लगा।

जब एक गरीब माँ अपने बच्चों को पेट भर भोजन करा पाती है, जब एक मजदूर को यह चिंता नहीं रहती कि रात को क्या खाएगा, जब एक बुजुर्ग के चेहरे पर संतोष की मुस्कान आती हैतो उनकी आंखों में जो आभार होता है, वही डॉ. रमन सिंह की असली उपलब्धि है। लोगों ने उन्हें एक नया नाम दिया 'चाउर वाले बाबा' (चावल वाले बाबा)। शनिचरी डॉक्टर अब चाउर वाले बाबा बन गए थे। यह उपाधि किसी पुरस्कार समारोह में नहीं मिली थी, यह मिली थी उन लाखों परिवारों की दुआओं से जिनके घरों में चूल्हा जलने लगा था। उनकी सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) और अन्य खाद्य सुरक्षा योजनाओं ने उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रियता दिलाई। देश के अन्य राज्यों ने छत्तीसगढ़ मॉडल को अपनाना शुरू किया। लेकिन डॉ रमन के लिए यह कोई राजनीतिक उपलब्धि नहीं थीयह उनके जीवन के उस संकल्प की पूर्ति थी जो उन्होंने शनिचरी डॉक्टर के रूप में देखा था।

आज जब डॉ. रमन सिंह अपने जीवन के 73वें वर्ष में हैं, तब भी उनका उत्साह कम नहीं हुआ। उनकी आँखों में अब भी वही चमक है, हृदय में वही धड़कन हैछत्तीसगढ़ के विकास की, जनता की भलाई की। समय ने उनके बालों को सफेद कर दिया है, लेकिन उनके इरादे अब भी पहाड़ों जितने मजबूत हैं।उनका जीवन हमें सिखाता है कि राजनीति केवल सत्ता का खेल नहीं है। यह जनसेवा का एक माध्यम है, समाज परिवर्तन का एक हथियार है। यह सिखाता है कि सच्ची ताकत पद में नहीं, चरित्र में होती है। यह बताता है कि जब आप ईमानदारी से काम करते हैं, जब आप जनता के दुख-दर्द को अपना समझते हैं, तो जनता आपको कभी भूलती नहीं। सत्ता आती-जाती है, लेकिन प्रेम और सम्मान हमेशा के लिए रह जाता है। छत्तीसगढ़ के इतिहास में डॉ. रमन सिंह का नाम स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगाउनका विलक्षण व्यक्तित्व जिसने राजनीति को सेवा का पर्याय बनाया, जिसने विकास को जनता तक पहुँचाया, और जिसने साबित किया कि सादगी और संवेदनशीलता ही सच्ची महानता की निशानी है। वे शनिचरी डॉक्टर से शुरू हुए, चाउर वाले बाबा बने, और आज भी जन-जन के दिलों में बसे हैं।

*लेखक - विशेष सचिव, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ विधानसभा*

# मन पतंग, श्वास डोर!



संकलित

## दर्शन

केवल एक स्वस्थ कली ही खिल सकती है। उसी प्रकार केवल एक स्वस्थ व्यक्ति ही सफल हो सकता है। तो स्वस्थ होना क्या है? यदि आपके भीतर कड़ापन, बेचैनी या असंतोष है, तो आप स्वस्थ नहीं हैं। यदि मन अस्थिर और अशांत है, तो आप मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं हैं। यदि भावनाएं असंतुलित हैं, तो आप भावनात्मक रूप से स्वस्थ नहीं हैं। पूर्ण स्वास्थ्य की स्थिति प्राप्त करने के लिए मन को शांत, स्थिर और भावनाओं को कोमल रखना आवश्यक है। पूर्ण स्वास्थ्य हमारे भीतर से बाहर और बाहर से भीतर निरंतर प्रवाहित होना चाहिए। संस्कृत में स्व या आत्मा में स्थित होने को स्वास्थ्य कहते हैं। हमारे ग्रंथों में कहा गया है कि हमारा अस्तित्व के पांच कोश (परत) होते हैं। पहला है पर्यावरण, अर्थात हमारे चारों ओर का वायुमंडल- यह हमारा मूल आवरण है। दूसरा है भौतिक शरीर। तीसरा है प्राणमय कोश, अर्थात जीवन ऊर्जा। चौथा है मनोमय कोश, जिसमें विचार, भावनाएं और कल्पनाएं होती हैं। पांचवां है विज्ञानमय या अंतर्ज्ञानमय कोश, जिसमें सहज अनुभूति और गहरी समझ होती है- यह अत्यंत सूक्ष्म और प्रभावशाली है। जब कोई रोग उत्पन्न होता है, तो वह पहले विचार रूप में आता है, फिर ध्वनि रूप में, फिर प्रकाश रूप में आभामंडल में प्रकट होता है, और अंततः शरीर में दिखाई देता है।

# पांच मिनट का जीवन



संकलित

## प्रेरणा

एक बार एक व्यक्ति को रास्ते में यमराज मिल गए वो व्यक्ति उन्हें पहचान नहीं सका। यमराज ने पीने के लिए व्यक्ति से पानी मांगा, बिना एक क्षण गंवाए उसने पानी पिला दिया। पानी पीने के बाद यमराज ने बताया कि वो उसके प्राण लेने आए हैं लेकिन चूंकि तुमने मेरी प्यास बुझाई है इसलिए मैं तुम्हें अपनी किस्मत बदलने का एक मौका देता हूं। यह कहकर यमराज ने एक डायरी देकर उस आदमी से कहा कि तुम्हारे पास 5 मिनट का समय है। इसमें तुम जो भी लिखोगे वही हो जाएगा लेकिन ध्यान रहे केवल 5 मिनट। उस व्यक्ति ने डायरी खोलकर देखा तो उसने देखा कि पहले पेज पर लिखा था कि उसके पड़ोसी की लॉटरी निकलने वाली है और वह करोड़पति बनने वाला है। उसने वहां लिख दिया कि उसके पड़ोसी की लॉटरी न निकले। अगले पेज पर लिखा था कि उसका एक दोस्त चुनाव जीतकर मंत्री बनने वाला है, तो उसने लिख दिया कि उसका दोस्त चुनाव हार जाए। इस तरह, वह पेज पलटता रहा और अंत में उसे अपना पेज दिखाई दिया। जैसे ही उसने कुछ लिखने के लिए अपना पेन उठाया यमराज ने उस व्यक्ति के हाथ से डायरी ले ली और कहा वत्स तुम्हारा पांच मिनट का समय पूरा हुआ, अब कुछ नहीं हो सकता। तुमने अपने पूरे 5 मिनट का समय दूसरों का बुरा करने में व्यतीत कर दिया और अपना जीवन खतरे में डाल दिया, अंततः तुम्हारा अंत निश्चित है। यह सुनकर वह व्यक्ति बहुत पछताया लेकिन सुनहरा मौका उसके हाथ से निकल चुका था।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### खराब सड़कों पर बढ़ता ट्रॉफिक

इन दिनों राजनानी में त्योहारों के चलते लोग खरीददारी करने आ रहे हैं। बाजार में भारी संख्या में दुकानों पर भीड़ देखने को मिल रही है, तो दूसरी और सड़कों की खराब हालत के कारण शहर में ट्रैफिक जाम का लगना आम हो गया है। शहर की मुख्य सड़क हो या मेन बाजार इन पर अब घंटों जाम लग रहा है। जिसके कारण लोगों को पैदल चलने में भी दिक्कत हो रही है। इसका सबसे बड़ा कारण सड़कों पर बनने वाले बड़े-बड़े गड्ढे हैं। जो किसी बड़ी दुर्घटना को न्योता दे रहे हैं। मेरा प्रशासन से आग्रह है कि सड़कों की मरम्मत के साथ इस पर दुकान लगाकर बैठने वालों पर उचित कार्रवाई की जाए ताकि हादसों की संभावना कम हो और लोग सुरक्षित रहें।

*- मनोज कुशवाहा, रायपुर*

## विचार

# वामपंथ की लड़ाई अब धराशायी होने जा रही

नक्सली उन्मूलन के लड़ाई में 6 करोड़ के इनामी नक्सल नेता भूपति का आत्मसमर्पण एक महत्वपूर्ण मोड़ है। एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। निश्चित ही वामपंथ की सशस्त्र लड़ाई का मॉडल अब धराशाई होने जा रहा है। भूपति के मारे जाने या गिरफ्तार किए जाने से ज्यादा महत्वपूर्ण उसका आत्मसमर्पण है। भूपति के आत्मसर्पण से सशस्त्र लड़ाई का जो वैचारिक आधार बनाया गया था उसका खोखला पन उजागर होगा। लड़ते लड़ते मर जाने की अपेक्षा आत्मसमर्पण यह सिद्ध करता है कि या तो नक्सलियों के शीर्षस्थ नेतृत्व में भी अपने विचार धारा के प्रति निष्ठा कमजोर थी या वास्तव में तो यह मानना चाहिए कि अपने आप में यह विचार ही कमजोर है।

नक्सल के खिलाफ इस निर्णायक लड़ाई का जब विश्लेषण करेंगे तो हम पाएंगे कि सफलता के इस स्तर तक आने में छत्तीसगढ़ का महत्वपूर्ण योगदान है। 2007से 2017 तक छत्तीसगढ़ में यह लड़ाई तत्कालीन राजनीतिक नेतृत्व और सुरक्षा बलों ने विशेषकर राज्य की पुलिस ने बहुत जीवटता से लड़ी।यह वह काल था जब वास्तव में देश में नक्सलियों से केवल छत्तीसगढ़ सरकार लड़ाई लड़ रही थी। उन दिनों में प्रदेश शासन को बहुत बड़े बड़े आघात सहना पड़े ,पर कभी भी राज्य सरकार का संकल्प कमजोर नहीं पड़ा।हर घटना से सरकार ओर सुरक्षा बलों ने कुछ ना कुछ सीखा।

इन आघातों ने उन्हें रणनीतिक दृष्टि से मजबूत किया। 2023 में छत्तीसगढ़ में पुनः भाजपा सरकार का आना और केंद्र में भी भाजपा सरकार का होना नक्सलवाद के खात्मे के लिए महत्वपूर्ण संयोग बना। सन 2024 और 2025 में नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई की दिशा ही बदल गई।इन दो वर्षों में नक्सलियों को कई बड़े आघात झेलना पड़े ओर उनकी कमर टूट गई।

मैं पुनः दोहराना चाहता हूं कि भूपति के आत्मसर्पण ने विचार के स्तर पर नक्सलवाद की जड़े हिला दी हैं। नक्सलवाद की हार यह वास्तव में लोकतंत्र की जीत है।

भारत के गृह मंत्री अमित शाह की दृढ़ता और कुशल रणनीति , छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का नेतृत्व ,छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा का युवकोचित सक्रियता ओर सहभागिता तथा छत्तीसगढ़ के पुलिस के रणनीतिकार अधिकारी निश्चित ही बधाई के पात्र हैं ।इसके साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री डा रमन सिंह का योगदान भी इस लड़ाई के इतिहास में अवश्य रेखांकित होगा।

*- विवेक सक्सेना*

## करंट अफेयर

# 13 अक्टूबर आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस घोषित

संयुक्त राष्ट्र ने दिसंबर 1989 में, 13 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस घोषित किया। उस समय, इसका उद्देश्य आपदा जोखिम न्यूनीकरण को दुनिया भर में रोज़मर्रा की सोच का हिस्सा बनाना था। आज यह लक्ष्य पहले से कहीं अधिक जरूरी हो गया है, क्योंकि आपदाएं पहले की तुलना में अधिक तीव्रता और आवृत्ति से आ रही हैं। हालांकि इस दिशा में काफी प्रगति हुई है, लेकिन अब भी आपदा जोखिम और उनके प्रभावों को कम करने के लिए बहुत कुछ किया जाना बाकी है। विशेषज्ञों का कहना है कि आपदाओं को लेकर हमारी सोच और बातचीत का तरीका भी कई बार दीर्घकालिक संकटों को नजरअंदाज कर देता है। तात्कालिक घटनाओं जैसे भूकंप, तूफान और जंगल की आग पर ज्यादा ध्यान दिया जाता है, जबकि जलवायु परिवर्तन जैसे धीमी गति से बढ़ने वाले संकटों पर कम। ईश्वरीय दंड से मानवीय जिम्मेदारी तक इतिहास में आपदाओं को अक्सर ईश्वर का दंड या आस्था की परीक्षा के रूप में देखा गया। प्राचीन ग्रंथों जैसे 'गिलगमेश' महाकाव्य, इस्लामिक परंपराएं, बौद्ध और हिंदू धर्मों में भी प्राकृतिक आपदाओं को आध्यात्मिक या धार्मिक दृष्टिकोण से समझा गया।



## ऑफ बीट

# तैरते सौर पैनल होंगे भविष्य की ऊर्जा के स्त्रोत

भूमध्य रेखा के पास शांत समुद्रों में तैरते सौर पैनलों की विशाल श्रृंखला दक्षिण पूर्व एशिया और पश्चिम अफ्रीका में घनी आबादी वाले देशों को प्रभावी ढंग से असीमित सौर ऊर्जा प्रदान कर सकती है। हमारे नए शोध से पता चलता है कि अकेले इंडोनेशिया में अपतटीय सौर ऊर्जा एक वर्ष में लगभग 35,000 टेरावाट-घंटे (टीडब्ल्यूएच) सौर ऊर्जा उत्पन्न कर सकती है, जो वर्तमान वैश्विक बिजली उत्पादन (प्रति वर्ष 30,000 टीडब्ल्यूएच) के समान है। वैसे दुनिया के अधिकांश महासागर तूफानों का अनुभव करते हैं, लेकिन भूमध्य रेखा पर कुछ क्षेत्र अपेक्षाकृत ठहरे हुए और शांत हैं। इसलिए अपेक्षाकृत सस्ती इंजीनियरिंग संरचनाएं अपतटीय फ्लोटिंग सौर पैनलों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त हो सकती हैं। हमारे उच्च-रिज़ॉल्यूशन वाले वैश्विक ताप मानचित्र दिखाते हैं कि नाइजीरिया के पास इंडोनेशियाई द्वीपसमूह और भूमध्यरेखीय पश्चिम अफ्रीका में अपतटीय तैरते सौर पैनलों के लिए सबसे बड़ी संभावना है। सदी के मध्य तक सौर ऊर्जा नियम वर्तमान रुझानों को देखते हुए लगता है वैश्विक अर्थव्यवस्था 2050 तक बड़े पैमाने पर डीकार्बोनाइज्ड और विद्युतीकृत हो जाएगी, जो बड़ी मात्रा में सौर और पवन ऊर्जा द्वारा समर्थित होगी।



लालू प्रसाद पर अदालत के आदेश के बाद और तेजस्वी पर भी आंच के बाद कांग्रेस ने अपना विचार बदला

# महागठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर मतभेद फिलहाल नहीं खत्म हो सका, तो कांग्रेस ने सूची तैयार करने को कह दिया

**टूट के कगार पर महागठबंधन**

## कांग्रेस ने किया सभी सीटों पर लड़ने का ऐलान टेंशन में तेजस्वी ने वापस ले लिए बांटे सिंबल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली /पटना



चुनाव से ठीक पहले विपक्षी महागठबंधन के भीतर सीट शेयरिंग को लेकर मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं। कांग्रेस ने अब आरजेडी पर दबाव बनाते हुए अपने नेताओं से राज्य की सभी 243 सीटों पर संभावित उम्मीदवारों की सूची तैयार करने को कहा है। साफ है कि पार्टी इस बार किसी भी तरह के समझौते के मूड में नहीं है, और वह सीटों की क्वालिटी पर समझौता नहीं करना चाहती, बल्कि उन सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है जहां उसका संगठन मजबूत है। कांग्रेस के इस 'बड़े ऐलान' के बाद आरजेडी में हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला।

**सहमति बनाने के प्रयास जारी**

### कांग्रेस ने 76 नामों में से 35 नामों पर मंथन किया



महागठबंधन में सहयोगी दलों खासकर कांग्रेस को लेकर फंसा सीटों का मामला करीब-करीब सुलझ गया है। संभावना है बुधवार को महागठबंधन सीटों की घोषणा कर देगा। मंगलवार को कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक में पार्टी के उम्मीदवारों के नामों पर अंतिम रूप से सहमति बनाई गई। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के अलावा महासचिव केसी वेणुगोपाल, अजय माकन, इमरान प्रतापगढ़ी के साथ अन्य वरिष्ठ नेता और बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम व प्रभारी कृष्णा अल्लावारू के अलावा अन्य वरिष्ठ नेता शामिल रहे। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक में शामिल हुए। सूत्रों ने बताया कि बैठक में पार्टी ने पैनल में शामिल 76 नामों में से 35 से अधिक नामों पर विचार-मंथन किया।

### लालू ने चिन्ह वितरित किए और तेजस्वी ने वापस लिए

लालू यादव ने टिकट के कई दावेदारों को स्वयं चुनाव लड़ने के लिए सिंबल वितरित कर दिए। इससे लगा कि आरजेडी ने एकतरफा फैसला ले लिया है। दिल्ली से तेजस्वी यादव के पटना लौटते ही स्थिति नाटकीय रूप से बदल गई। कहा जा रहा है कि तेजस्वी के निर्देश पर, सिंबल पा चुके सभी नेताओं को तुरंत आधी रात को राबड़ी आवास पर वापस बुलाया गया और उन्हें दिए गए चुनाव चिह्न वापस ले लिए गए।

**चुनाव आयोग ने दिए निर्देश**

### सियासी विज्ञापनों-प्रत्याशियों के सोशल मीडिया अकाउंट्स का सत्यापन कराएं

चुनाव आयोग ने बिहार विधानसभा के आम चुनाव और जम्मू-कश्मीर समेत छह राज्यों की आठ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी है। इसी बीच आयोग ने राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों के लिए नए दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं। चुनाव आयोग ने 9 अक्टूबर को आदेश दिए हैं कि सभी राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दल, साथ ही चुनाव में भाग लेने वाले प्रत्याशी, किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया या सोशल मीडिया पर प्रचार करने से पहले मीडिया सर्टिफिकेशन और मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) से अपने राजनीतिक विज्ञापनों का पूर्व-सत्यापन कराएं।

**विज्ञापन और सोशल खातों का पूर्व-सत्यापन**

चुनाव आयोग के निर्देश के अनुसार, किसी भी राजनीतिक विज्ञापन को इंटरनेट या सोशल मीडिया पर जारी करने से पहले एमसीएमसी की मंजूरी लेना अनिवार्य होगा। बता दें कि सभी राज्य और जिले में एमसीएमसी बनाई गई है जो विज्ञापनों की जांच करेगी और दिशानिर्देशों के अनुसार पूर्व-सत्यापन करेगी।

**जीतन राम की हम पार्टी ने जारी की प्रत्याशियों की सूची**

## मांझी ने गया जी की 4 सीटों पर उम्मीदवारी की घोषणा की

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। बिहार विधानसभा चुनाव के लिए जीतन राम मांझी ने अपनी छह उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। गया जी जिले के टिकारी विधानसभा सीट से वर्तमान विधायक अनिल कुमार को फिर से मौका दिया गया है। बाराचट्टी से ज्योति देवी को उतारा गया है, जो 2020 के विधानसभा चुनाव में भी जीत हासिल कर चुकी हैं। ज्योति देवी केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की समधन हैं। वहीं, इमामगंज से दीपा कुमारी को भी फिर मौका मिला है। गया जी जिले के अतरी विधानसभा सीट से टिकट पाने वाले रोमित कुमार लंदन से एमबीए हैं। गया जी, बोधगया और नवादा में ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल चलाते हैं। सिकंदरा से टिकट प्रफुल्ल कुमार को दिया गया है।



### एनडीए के दो प्रत्याशियों के खिलाफ उतारेंगे अपने प्रत्याशी

मांझी ने कहा कि उनका (नीतीश कुमार) गुस्सा जायज है। मैं उनके गुस्से से सहमत हूं। जब फैसला हो चुका है, तो फिर जेडीयू को आवंटित सीटों पर कोई और अपना उम्मीदवार क्यों उतार रहा है? मैं भी उनसे सहमति जताते हुए बोधगया और मखदूमपुर सीट पर अपने उम्मीदवार उतारूंगा। नीतीश कुमार द्वारा उठाए गए कदम से सहमति जताते हुए, मैं भी इन दो सीटों पर अपने उम्मीदवार दे रहा हूं। सूची तैयार है। एनडीए बहुमत से जीत हासिल करेगा।

### जेडीयू सांसद मंडल का इस्तीफा



बिहार विधानसभा चुनाव के गहमागहमी के बीच जनता दल यूनाइटेड (जदयू) को एक बड़ा झटका लगा है। भागलपुर के मौजूदा सांसद अजय मंडल ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपने त्यागपत्र में पार्टी संगठन पर गंभीर आरोप लगाते हुए खुद को उपेक्षित महसूस करने की बात कही है।

### दादाजी का कर रहे थे अंतिम संस्कार और मिला टिकट

राजनगर से भाजपा ने रामप्रीत पासवान का टिकट काटकर सुजीत पासवान को टिकट दिया है। सुजीत पासवान कभी भी कोई भी चुनाव नहीं लड़े है। सुजीत पासवान को अपने दादाजी के निधन पर दाह संस्कार की प्रक्रिया में थे, तभी उन्हें टिकट मिलने की घोषणा हुई है।

### सचिव को धमकी देने वाले भाई वीरेंद्र को आरजेडी ने बनाया प्रत्याशी

आरेजेडी ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची में एक चौंकाने वाला नाम शामिल किया है। पार्टी ने कथित तौर पर एक सरकारी सचिव को फोन पर धमकी देने के मामले में चर्चा में रहे अपने वरिष्ठ नेता भाई वीरेंद्र को टिकट दिया है। खुद भाई वीरेंद्र ने अपने समर्थकों को 15 अक्टूबर को दिन के 11 बजे छितनवां पूल पर उनके नामांकन में शामिल होने का आह्वान किया है।

### मैथिली भाजपा में शामिल, अलीनगर से लड़ेंगी



चुनाव से पहले भाजपा में नए चेहरे जुड़ने की प्रक्रिया तेज हो गई है। मंगलवार को लोकगायिका मैथिली ठाकुर भाजपा में शामिल हो गई है। उन्हें दरभंगा की अलीनगर सीट से विधानसभा चुनाव लड़ाया जा सकता है। अलीनगर सीट से मौजूदा विधायक मिश्रीलाल यादव का टिकट कटना लगभग तय है और पार्टी इस सीट पर युवा और लोकप्रिय चेहरा लाने के मूड में है। मैथिली के सोशल मीडिया पर बड़े फैन बेस और मिथिला क्षेत्र में लोकप्रियता को देखते हुए उन्हें अपने प्रचार अभियान का चेहरा भी बना सकती है। अगर टिकट मिलातो यह पहली बार होगा जब बिहार की लोक-संस्कृति से जुड़ी कोई प्रसिद्ध गायिका सीधे राजनीतिक मैदान में उतरेंगी।

**भाकपा-माले की 18 उम्मीदवारों की सूची जारी**

### सुशांत की बहन दिव्या गौतम को टिकट



महागठबंधन में शामिल भाकपा-माले ने पहली लिस्ट जारी कर दी है। पहली लिस्ट में 18 उम्मीदवारों के नाम हैं। इसकी विशेष बात यह है कि दीघा से सुशांत सिंह राजपूत की ममेरी बहन दिव्या गौतम को टिकट दिया है।

**खबर संक्षेप**

### वित्त आयोग का कार्यकाल बढ़ाया



**नई दिल्ली।** सरकार ने 16वें वित्त आयोग का कार्यकाल एक महीने बढ़ाकर 30 नवंबर तक कर दिया है। 31 दिसंबर 2023 को आयोग का गठन किया था और नीति आयोग के पूर्व वाइस चेयरमैन अरविंद पनगढ़िया को चेयरमैन बनाया था। आयोग को 31 अक्टूबर तक अपनी रिपोर्ट देनी थी।

### उदयपुर में देशभर के राज्य पर्यटन मंत्री करेंगे मंथन



**उदयपुर।** केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय ने राजस्थान के उदयपुर में 2 दिनी राज्य पर्यटन मंत्रियों की बैठक आयोजित की। इसमें सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पर्यटन मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। मंत्रालय का लक्ष्य पर्यटन परिवर्तन एजेंडा के कार्यान्वयन को नीतिगत बनाना है।

### दिल्ली हाईकोर्ट में वकीलों को पहनना होगा गाउन



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने नोटिस जारी कर वकीलों के लिए अदालत में गाउन पहनना अनिवार्य कर दिया है। रजिस्ट्रार जनरल अरुण भारद्वाज द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि 27 अक्टूबर से अगले आदेश तक वकीलों के लिए गाउन पहनना अनिवार्य है। कोर्ट ने निर्देश दिया है कि 3 दिन तक नोटिस दें।

**एडीजीपी पूरण कुमार आत्महत्या मामले में अब नया मोड़ आया**

# एएसआई ने की आत्महत्या, कहा-पूरण ने सिस्टम हाईजैक किया, वह भ्रष्टाचारी था

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा पुलिस की परेशानी कम नहीं हो रही है। एडीजीपी सुसाइड मामला अभी शांत नहीं हुआ था कि मंगलवार दोपहर रोहतक पुलिस की साइबर सेल के एक एएसआई संदीप का खून से लथपथ शव लाढ़ोत-धामड़ रोड पर एक मकान में मिला है। आशंका है कि उसने कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या की है। डीएसपी का कहना है कि परिजनों के बयान दर्ज होने व एफएसएल टीम की जांच के बाद ही पुख्ता तौर पर कुछ कहा जा सकेगा।

संदीप एसपी कार्यालय स्थित साइबर सैल में तैनात थे। मृतक ने सफेद रंग की शर्ट व नीले रंग की जींस पहन रखी थी।चारपाई के पास उसका सर्विस रिवाल्वर पड़ा हुआ था। डीएसपी गुलाब सिंह मौके पर पहुंची और एफएसएल एक्सपर्ट डॉ. सरोज दहिया को जांच के लिए बुलाया। घटना के बाद पुलिस ने मौके से 3पेज का सुसाइड नोट और एक वीडियो मैसेज बरामद किया है, जिसमें दिवंगत आईपीएस अधिकारी वाई. पूरण कुमार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं।

3 पेज का सुसाइड नोट और वीडियो बरामद किया गया | चारपाई के पास से मिला एएसआई का सर्विस रिवाल्वर



**गिरफ्तारी के डर से पूरन ने आत्महत्या की, परिवार को न छोड़ें**

*संदीप ने दावा किया कि पूरण कुमार भ्रष्ट अधिकारी थे, उनके खिलाफ कई सबूत मौजूद थे और उन्होंने गिरफ्तारी के डर से आत्महत्या की। उन्होंने जातिवाद का सहारा लेकर सिस्टम को 'हाईजैक' करने का आरोप लगाया। संदीप ने 'शहादत' देकर जांच की मांग की और कहा कि पूरण परिवार को नहीं छोड़ा जाना चाहिए। यह घटना पूरण कुमार की आत्महत्या के 7 दिन बाद हुई है, जिससे पुलिस महकमे में हड़कंप है।*

**संदीप के खुलासे से हड़कंप**

### वीडियो में लगाए गंभीर आरोप, 50 करोड़ की डील की थी

एएसआई संदीप लाठर ने सुसाइड से पहले खेत में छह मिनट 28 सेकेंड का वीडियो भी बनाया। इसमें भी सुसाइड नोट में लिखी अधिकांश बातें ही दोहराई गई हैं। उसने एडीजीपी वाई पूरण कुमार को भ्रष्ट बताते हुए कई गंभीर आरोप लगाए। कहा, एडीजीपी ने भ्रष्ट कर्मचारियों को छांटकर अपने साथ रखा। इन भ्रष्ट कर्मचारियों ने फाइलों में क्लेरिकल मिस्टेक निकालकर कई पुलिसकर्मियों का शोषण किया। ट्रांसफर के नाम पर महिला पुलिसकर्मियों के भी यौन शोषण किए गए। अफसरों की कॉल डिटेल रिकॉर्डर (सीडीआर) की जांच हो तो सच्चाई बाहर आ जाएगी। संदीप ने एडीजीपी कुमार पर राव इंद्रजीत को किसी मामले से निकालने के नाम पर 50 करोड़ की डील करने का भी आरोप लगाया। यह भी दावा किया कि भ्रष्टाचार में गिरफ्तारी के डर से ही पूरण कुमार ने जान दी थी। उसने आईएएस पत्नी की संपत्ति की जांच कराने की भी मांग की।

### कपूर को छुट्टी पर भेजा गया, सिंह बने नए डीजीपी

हरियाणा सरकार ने अधिकारी वाई पूरन कुमार आत्महत्या मामले को लेकर विपक्ष के हमले के बीच राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) शत्रुजीत कपूर को छुट्टी पर भेज दिया। सरकार ने रोहतक के पूर्व पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारणिया का तबादला कर दिया था। शत्रुजीत की अवकाश अवधि के दौरान डीजीपी हरियाणा का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। सिंह वर्तमान में हरियाणा राज्य नारकोटिक्स नियंत्रण ब्यूरो के महानिदेशक, हरियाणा पुलिस आवास निगम, पंचकूला के प्रबंध निदेशक; तथा फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला, मधुबन के निदेशक के पद पर तैनात हैं।



ओम प्रकाश | शत्रुजीत कपूर

### 21 वीं सदी में भी लोगों को जाति, पंथ और धर्म के नाम पर सताया जा रहा: चिराग



*पूरण कुमार की आत्महत्या का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मोदी सरकार में कैबिनेट मंत्री चिराग पासवान ने वाई पूरन के परिवार से मंगलवार को मुलाकात की। पासवान ने मुलाकात करने के बाद कहा कि यह दुखद घटना मौजूदा सामाजिक बुराइयों को उजागर करती है। यह दर्शाती है कि कैसे 21वीं सदी में भी लोगों को जाति, पंथ और धर्म के आधार पर सताया जाता है। मैं उनके परिवार के सदस्य के रूप में परिवार से मिलने आया हूं। चिराग ने कहा कि मैं अपनी सरकार का विश्वास लेकर आया हूं और उन्हें आश्वासन देता हूं कि परिवार की हर मांग पूरी की जाएगी और कार्रवाई जल्दी और बिना देरी के की जाएगी। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि इस परिवार को न्याय मिलेगा। चाहे कोई व्यक्ति कितने भी बड़े पद पर क्यों न हो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।*

**राहुल ने की दिवंगत एडीजीपी पूरण कुमार के परिवार से मुलाकात, दी सांत्वना**

## पुरन कुमार को भ्रष्ट अफसर बताते हुए एएसआई संदीप ने ख़ुद को गोली मारी, मामले में आया ट्विस्ट

*हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली*

*लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने एडीजीपी वाई. पूरण कुमार की आत्महत्या के मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की है।*

*वरिष्ठ कांग्रेस नेता मंगलवार को दिवंगत आईपीएस अधिकारी वाई. पूरण कुमार के परिवार से मुलाकात करने चंडीगढ़ पहुंचे थे। उन्होंने श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी पत्नी आईएएस अमनीत पी कुमार और अन्य परिवाजनों को सांत्वना दी। उनके साथ कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम, हरियाणा कांग्रेस प्रभारी बीके हरिप्रसाद, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा, कांग्रेस महासचिव कुमारी सैलजा, दीपेन्द्र हुड्डा, वरुण मुलाना, जिग्नेश मेवानी समेत अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे।*

*दिवंगत अधिकारी के परिवार से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि ये सिर्फ एक परिवार का मामला नहीं है, बल्कि ऐसी घटनाओं से देश के करोड़ों दलित परिवारों को यह गलत संदेश जाता है कि चाहे आप कितने भी सफल व सक्षम क्यों न हों, अगर आप दलित हैं तो आपको दबाया और कुचला जा सकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह स्थिति कांग्रेस के लिए स्वीकार्य नहीं है।*

*राहुल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने परिवार से निष्पक्ष जांच और कार्रवाई का वादा किया था, लेकिन यह वादा पूरा नहीं किया जा रहा है। पूरण कुमार की दोनों बेटियों के प्रति सहानुभूति व्यक्त करते हुए राहुल ने कहा कि उन्होंने अपने पिता को खो दिया है। इस मामले में न्याय सुनिश्चित किया जाए और परिवार पर डाला जा रहा अनुचित दबाव हटाया जाए। परिवार का संदेश स्पष्ट है कि वे पूरण कुमार की मृत्यु के बाद उनका सम्मान चाहते हैं। राहुल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सीधा संदेश देते हुए कहा कि दोनों बेटियों से जो वादा किया गया है, उसे निभाया जाए। सरकार को तमाशा बंद करना चाहिए।अंतिम संस्कार सम्मानपूर्वक होने दिया जाना चाहिए।*

### एएसआई संदीप ने ख़ुद को मारी गोली, वीडियो मेसेज, तीन पेज का सुसाइड नोट

दलित आईपीएस पूरन कुमार सुसाइड मामले में एक और पुलिस अफसर की सुसाइड की बाद नया मोड़ आ गया। अभी डीजीपी को जबरिया छुट्टी भेजा ही गया था, रोहतक एसपी का ट्रांसफर हुआ ही था, मामले ने राजनीतिक जामा पहनना शुरू किया ही था कि हरियाणा पुलिस के एएसआई संदीप कुमार ने ख़ुद को गोली मार ली। सुईसाइड नोट में कथित रूप से पूरन कुमार पर कई तरह के आरोप चस्पा किए। लेकिन अब सवाल ये उठ रहा है कि पुरन कुमार को भ्रष्ट अधिकारी बताने के लिए संदीप ने आत्महत्या का रास्ता क्यों अख्तियार किया ? बहरहाल समूचा मामला पेंचीदा होता जा रहा है। गहन जांच की जरूरत है।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1 ) ASHOK_LEY ALEC1012FB
REG. NO. UP16GT2355-YOM-2019
MINIMUM RESERVE PRICE 372297.314

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION"INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/OFFLINE) WITHIN 7 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 29-10-2025 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).

BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR
CONTACT : PUNIT PARASHAR
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO. 8377905498
EMAIL-punit.parshar@kotak.com

**दुर्गापुर में एक मेडिकल छात्रा से गैंगरेप का मामला, पुलिस 'पटक रही' हाथ पैर**

# आरोपियों को मौके पर ले गई पुलिस, घटना को रीक्रिएट किया

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल पुलिस दुर्गापुर में एक मेडिकल छात्रा से गैंगरेप के मामले में पुलिस घटना के तार जोड़ने के लिए गिरफ्तार किए गए 5आरोपियों को घटनास्थल पर लेकर पहुंची है। एक अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों को परानागंज काली बाड़ी श्मशान घाट से सटे जंगल में स्थित अपराध स्थल पर लाया गया है जो निजी मेडिकल कॉलेज के गेट के पास है। चूंकि अपराध का नाट्य रूपांतरण जांच का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, इसलिए हमने इसे करने की योजना बनाई है।

*बंगाल पुलिस घटना के तार जोड़ने कर रही कार्रवाई*

*श्मशान घाट से सटे जंगल में अरोपियों को ले जाया गया*

**आरोपियों की पृष्ठभूमि की भी जांच होगी**



उन्होंने कहा कि गिरफ्तार किए गए पांचों आरोपियों की पृष्ठभूमि की भी जांच की गई ताकि पता लगाया जा सके कि क्या वे पहले किसी अपराध में शामिल थे या नहीं। उन्होंने बताया कि आरोपियों के पास से जब्त किए गए मोबाइल फोन भी जांच के लिए भेजे गए हैं। पुलिस अपनी जांच के तहत पीड़िता के साथी छात्रों से भी पूछताछ कर रही है। उन्होंने बताया कि बाद में गिरफ्तार किए गए पांचों आरोपियों को मेडिकल जांच के लिए ले जाया जाएगा। पांच आरोपियों में से एक प्राइवेट कॉलेज का पूर्व सुरक्षा गार्ड है, जबकि दूसरा आरोपी वर्तमान में दूसरे अस्पताल में कार्यरत है। एक आरोपी स्थानीय नगर निकाय में अस्थायी कर्मचारी है जबकि दूसरा बेरोजगार है।

**कपड़ों को फोरेंसिक जांच के लिए भेजेंगे**

*अधिकारी ने बताया कि तलाशी के दौरान पुलिस ने दोनों के घरों से कुछ कपड़े जब्त किए जो कथित तौर पर उन्होंने अपराध के दौरान पहने थे। उन्होंने बताया कि इससे पहले जांच के तहत तीन अन्य गिरफ्तार आरोपियों के कपड़े भी जब्त किए गए थे। अधिकारी ने कहा कि इन कपड़ों को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा। जांच के नतीजे हमारी जांच में मददगार होंगे।*

### कलकत्ता हाई कोर्ट में 2 याचिकाएं दायर

सामूहिक दुष्कर्म मामले में मंगलवार को कलकत्ता हाई कोर्ट में दो समानांतर याचिकाएं दायर की गई हैं।एक ओर, भाजपा की बंगाल इकाई ने 19 अक्टूबर तक निजी मेडिकल कालेज के पास अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखने के लिए एक याचिका दायर की है।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | एम.सी., वार्ड नं. 9, रोहतक के अधिकार-क्षेत्र के तहत सेक्टर-2पी में विभिन्न सेक्टर क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत। | 10.10.2025 20.10.2025 | रु. 100.77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक के अधिकार-क्षेत्र के तहत ओमैक्स सिटी प्रवेश द्वार से बाबा मस्तनाथ डेंटल कॉलेज के निकट ड्रेन तक दिल्ली रोड का निर्माण। | 10.10.2025 20.10.2025 | रु. 185.92 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/39435/1/88/7 दि. 14.10.25

## खबर संक्षेप



### केईसी को पारेषण लाइन के लिए मिला बड़ा ठेका

**नई दिल्ली।** अवसंरचना क्षेत्र की प्रमुख कंपनी केईसी इंटरनेशनल ने मंगलवार को कहा कि उसे सऊदी अरब में पारेषण लाइन स्थापित करने के लिए 1,064 करोड़ रुपये का नया ठेका मिला है। आरपीजी समूह की कंपनी केईसी इंटरनेशनल लिमिटेड ने बयान में कहा कि उसने सऊदी अरब में 380 केवी पारेषण लाइन के डिजाइन, आपूर्ति और स्थापना के लिए 1,064 करोड़ रुपये का नया ठेका हासिल किया है। कंपनी ने कहा, ''सऊदी अरब में लगातार सफलता और पश्चिम एशिया में पहले मिले ऑर्डर ने हमारे अंतरराष्ट्रीय टीएंडडी ऑर्डर बुक को काफी मजबूत किया है।''

### 16वें वित्त आयोग का कार्यकाल 30 नवंबर तक बढ़ाया

**नई दिल्ली।** सरकार ने 16वें वित्त आयोग का कार्यकाल एक महीने बढ़ाकर 30 नवंबर तक कर दिया है। सरकार ने 31 दिसंबर 2023 को 16वें वित्त आयोग का गठन किया था और नीति आयोग के पूर्व वाइस चेयरमैन अरविंद पनगढ़िया का इसका चेयरमैन बनाया गया था। इस आयोग को 31 अक्टूबर तक अपनी रिपोर्ट देनी थी। आयोग मुख्य तौर पर एक अप्रैल 2026 से शुरू होने वाली पांच साल की अवधि के लिए केंद्र एवं राज्यों के बीच करों के वितरण पर सिफारिशें करता है।

### एचसीएल का लाभ दूसरी तिमाही में 4,235 करोड़ रुपए पर स्थिर

**नई दिल्ली।** एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 30 सितंबर, 2025 को समाप्त तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ एक साल पहले की इसी अवधि के मुकाबले 4,235 करोड़ रुपये पर स्थिर रहा। आईटी कंपनी ने कहा कि उसका शुद्ध लाभ जून, 2025 तिमाही की तुलना में 10.2 प्रतिशत बढ़ा।

# अब 2032 तक टाटा संस के चेयरमैन पद पर बने रहेंगे चद्रंशेखरन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टाटा ट्रस्ट ने टाटा समूह की कंपनियों की प्रवर्तक टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन को लगातार तीसरा कार्यकाल देने की अनुशंसा की है। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। चंद्रशेखरन को टाटा संस के चेयरमैन का एक और कार्यकाल देने का फैसला ऐसे समय हुआ है जब टाटा ट्रस्ट के ट्रस्टी के बीच निदेशक मंडल में नियुक्तियों और परिचालन संबंधी मुद्दों पर खींचतान चल रही है। टाटा ट्रस्ट समूह से जुड़े कई परमार्थ ट्रस्टों का नियंत्रक संगठन है। इसके पास टाटा संस में करीब 66 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी है।

## टाटा ट्रस्ट ने चेयरमैन का तीसरा कार्यकाल चंद्रशेखरन को देने की अनुशंसा

### पिछले सप्ताह निदेशक मंडल की हुई थी बैठक

हालांकि, यह नहीं पता चल पाया है कि टाटा ट्रस्ट ने यह सिफारिश किस तारीख को की है। इसके अलावा इस सिफारिश पर टाटा संस की प्रतिक्रिया के बारे में भी तुरंत जानकारी उपलब्ध नहीं हो पाई है। पिछले सप्ताह टाटा ट्रस्ट के निदेशक मंडल की बैठक हुई थी, जिसमें रोजमर्रा के मुद्दों पर चर्चा हुई थी और विवादास्पद विषयों से दूरी रखी गई थी।




### आपसी मतभेद का असर टाटा संस पर

इस आपसी मतभेद का असर टाटा संस और लगभग 180 अरब डॉलर के समूह की सामान्य कार्यप्रणाली पर पड़ने का खतरा है। एक सूत्र ने कहा, ''टाटा ट्रस्ट ने चंद्रशेखरन को तीसरा कार्यकाल दिए जाने की सिफारिश की है। इसे लागू करने का निर्णय टाटा संस के निदेशक मंडल का होगा।'' बहरहाल, इस संदर्भ में टाटा संस को भेजे गए ई-मेल का कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं मिल पाई है।

### पद पर 70 वर्ष की आयु तक रहा जा सकता है

अगर टाटा संस का निदेशक मंडल चंद्रशेखरन के तीसरे कार्यकाल को मंजूरी देता है, तो यह देखना होगा कि क्या वह कार्यकारी पद पर बने रहेंगे। दरअसल, टाटा समूह के आंतरिक नियमों के तहत 65 वर्ष की आयु पार करने पर कार्यकारी पद छोड़ना होता है। हालांकि, गैर-कार्यकारी पदों पर 70 वर्ष तक रहा जा सकता है। चंद्रशेखरन को अक्टूबर, 2016 में टाटा संस के निदेशक मंडल में शामिल किया गया था और वह जनवरी, 2017 में चेयरमैन नियुक्त किए गए थे।

## त्योहारी मांग के चलते दोनों धातुएं नए शिखर पर पहुंची

# सोने ने तोड़े रिकॉर्ड, 1.3 लाख के उच्चतम स्तर पर और चांदी 1.85 लाख रुपये किलो

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

धनतेरस से पहले खुदरा विक्रेताओं और आभूषण विक्रेताओं की भारी त्योहारी खरीदारी के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतें 2,850 रुपये मजबूत होकर पहली बार 1.3 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को पार कर गईं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,850 रुपये बढ़कर 1,30,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई, जबकि पिछली सत्र में यह 1,27,950 रुपये पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 2,850 रुपये बढ़कर 1,30,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, जबकि इसका पिछला बंद भाव 1,27,350 रुपये प्रति 10 ग्राम था। चांदी भी 6,000 रुपये के उछाल के साथ 1,85,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई, जो लगातार पांचवें दिन की बढ़त है। पिछले बाजार सत्र में यह 1,79,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

- राजधानी सर्राफा बाजार में सोने की कीमतें 2,850 रुपये मजबूत

**खास बातें**

- लगातार पांचवें दिन की बढ़त, लगातार बन रहे नए नए रिकॉर्ड
- धनतेरस से पहले खुदरा और आभूषण विक्रेताओं की भारी खरीदारी



### खुदरा विक्रेताओं की निरंतर मांग

*व्यापारियों ने सर्राफा कीमतों में तेज वृद्धि का श्रेय त्योहारी और शादी-ब्याह के मौसम से पहले आभूषण विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की निरंतर मांग और साथ ही मंगलवार को डॉलर के मुकाबले रुपये में आई कमजोरी को भी दिया, जो 12 पैसे गिरकर 88.80 के अपने सर्वकालिक निचले स्तर पर आ गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना रिकॉर्ड ऊंचाई से नीचे आया, लेकिन ऊंचा बना रहा।*

### सर्वकालिक उच्च स्तर को छूने के बाद नीचे आए

दिन में पहले 4,179.71 डॉलर प्रति औंस के सर्वकालिक उच्च स्तर को छूने के बाद, यह 0.72 प्रतिशत बढ़कर 4,140.34 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। हाजिर चांदी भी 53.54 डॉलर प्रति औंस के सर्वकालिक उच्च स्तर को छूने के बाद नीचे आई और 1.92 प्रतिशत की गिरावट के साथ 51.36 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई।

### इधर, जस्ट डायल का मुनाफा घटकर 119 करोड़ रुपये पर आया

**नई दिल्ली।** स्वदेशी खोज मंच जस्ट डायल लिमिटेड ने बताया कि सितंबर 2025 को समाप्त चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 22.47 प्रतिशत घटकर 119.44 करोड़ रुपये रह गया। जस्ट डायल ने शेयर बाजार को बताया कि एक साल पहले जुलाई-सितंबर तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 154.07 करोड़ रुपये था। कंपनी अब मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाली आरआईएल की खुदरा शाखा रिलायंस रिटेल वेंचर्स का हिस्सा है। जस्ट डायल का शुद्ध परिचालन राजस्व सितंबर तिमाही में 6.4 प्रतिशत बढ़कर 303.07 करोड़ रुपये हो गया। एक साल पहले इसी अवधि में यह 284.83 करोड़ रुपये था। सितंबर तिमाही में जस्ट डायल का कुल खर्च 5.75 प्रतिशत बढ़कर 229.36 करोड़ रुपये हो रहा। इसकी कुल आय सितंबर तिमाही में 5.53 प्रतिशत घटकर 376.37 करोड़ रुपये रह गई।

# मारुति ने पिछले चार सप्ताह में रिकॉर्ड चार लाख बुकिंग की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

शुरुआती स्तर की कारों की मजबूत मांग से उत्साहित मारुति सुजुकी को पिछले चार सप्ताह में चार लाख से अधिक बुकिंग मिलीं और रिकॉर्ड 2.5 लाख इकाई की खुदरा बिक्री हुई। इसके साथ ही देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी के लिए यह अब तक का सबसे अच्छा त्योहारी सत्र बन गया है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सितंबर में 22 तारीख से प्रभावी हुई जीएसटी दरों में कटौती से कीमतों में कमी हुई, जिससे पिछले एक महीने में कुल बिक्री में कंपनी की शुरुआती स्तर की कारों की हिस्सेदारी भी बढ़ी है।

- कारों की मजबूत मांग से मारुति उत्साहित

मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन और बिक्री) पार्थो बनर्जी ने कहा, ''हमें पिछले चार सप्ताह में चार लाख से अधिक बुकिंग मिली हैं। यानी हर हफ्ते एक लाख बुकिंग, जो हमारे लिए अब तक सबसे अधिक है।'' उन्होंने कहा कि कंपनी ने समीक्षाधीन अवधि में 2.5 लाख कारें बेची हैं। बनर्जी ने बताया कि कंपनी को पिछले एक महीने में ऑल्टो, सेलेरियो, वैगनआर और एस-प्रेसो जैसी शुरुआती स्तर की कारों के लिए 80,000 से ज्यादा बुकिंग मिली हैं। गौरतलब है कि इस खंड में पिछले कुछ वर्षों से गिरावट का रुख था और ताजा आंकड़े पुनरुद्धार का संकेत हैं।




### छोटी कारों की मांग में वृद्धि

बनर्जी ने कहा, ''जीएसटी 2.0 लागू होने से पहले, छोटी कारों की हमारी कुल बिक्री में हिस्सेदारी 16.7 प्रतिशत थी। जीएसटी युक्तिकरण और कीमतों में कटौती के बाद यह अब बढ़कर 21.5 प्रतिशत हो गई है।'' उन्होंने बताया कि छोटी कारों की बढ़ती मांग के कारण पहली बार कार खरीदने वाले ज्यादा लोग शोरूम आ रहे हैं, जो उपभोक्ता व्यवहार में बदलाव का संकेत है।

## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### डॉ. सारा जॉर्ज को इफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से नवाजा

नई दिल्ली। एक गौरवपूर्ण और ऐतिहासिक अवसर पर डॉ. सारा जॉर्ज, पॉल जॉर्ज ग्लोबल स्कूल और सेंट जॉर्ज स्कूल की निदेशक को हेल्पिंग गुरुस द्वारा 5वां लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया गया। हेल्पिंग गुरुस एक अग्रणी संस्था है जो शिक्षा क्षेत्र में 10,000 से अधिक स्कूलों के नेटवर्क के माध्यम से परिवर्तन ला रही है। यह सम्मान उन दूरदर्शी नेताओं को दिया जाता है जो बदलाव की प्रेरणा देते हैं, उत्कृष्टता को बढ़ावा देते हैं और शिक्षा के क्षेत्र में स्थायी योगदान करते हैं।



# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन आई गिरावट

एजेंसी ▶▶| मुंबई


स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 297 अंक टूट गया, जबकि एनएसई निफ्टी में 82 अंक का नुकसान रहा। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स शुरुआती लाभ को बरकरार नहीं रख पाया और अंत में 297.07 अंक यानी 0.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82,029.98 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 545.43 अंक तक लुढ़क गया था। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में 23 नुकसान में जबकि सात लाभ में रहे। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 81.85 अंक यानी 0.32 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,145.50 अंक पर बंद हुआ।



# तेजी से चेक क्लियर करने में बैंकों को हो रही समस्या

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बैंक कर्मचारियों के एक संगठन ने मंगलवार को दावा किया कि चार अक्टूबर से शुरू की गई तेजी से चेक 'क्लियर' करने की व्यवस्था 'बड़ी चुनौतियों' का कारण बन रही है। इस नई व्यवस्था के तहत चेक जमा के दिन ही पैसा संबंधित व्यक्ति के खाते में आ जाता है। महाराष्ट्र स्टेट बैंक एम्प्लॉइज फेडरेशन ने मंगलवार को भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा को लिखे पत्र में कहा कि सॉफ्टवेयर संबंधी समस्याओं और



कर्मचारियों के पर्याप्त प्रशिक्षण की कमी के कारण काम के घंटे बढ़ रहे हैं और ग्राहक सेवा प्रभावित हो रही है।भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने भी इन समस्याओं को स्वीकार करते हुए कहा कि इसमें कुछ 'शुरुआती समस्याएं' हैं। एनपीसीआई को ही चेक का उसी दिन समाशोधन सुनिश्चित करने वाली तस्वीर-आधारित प्रणाली चलाने का काम सौंपा गया है। केंद्रीय बैंक ने चार अक्टूबर से नई प्रणाली शुरू की है। यह नई व्यवस्था 'बैच' में प्रसंस्करण की प्रणाली की जगह ली है। इसके तहत चेक क्लियर होने में दो दिन तक का समय लगता था। नई प्रणाली के तहत, बैंकों को जमा किए गए चेक की स्कैन की हुई तस्वीर समाशोधन निगम को भेजने के लिए कहा जाता है। वह उस तस्वीर को अदाकर्ता बैंक को भेज देता है ताकि राशि निर्धारित खाते में तुरंत जमा हो सके।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में सुधार होगा, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी।

**मिथुन** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार का साथ मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन अशान्त रहेगा।

**कर्क** — परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाइयों के सहयोग से कारोबार को गति मिल सकती है।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें।वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं। आय की स्थिति में सुधार होगा। सेहत का ध्यान रखें। सन्तान सुख में वृद्धि होगी।

**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार में शान्ति एवं सद्भाव बनाये रखने के लिए प्रयास करें। नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति होगी।

**तुला** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सम्पत्ति में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। मानसिक शान्ति बनाये रखें। माता का सानिध्य मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**धनु** — मित्रों के साथ धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य होंगे। भवन की साज-सज्जा पर खर्च अधिक रहेंगे।

**मकर** — आलस्य में वृद्धि हो सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, लेकनि परिणाम संदिग्ध हैं। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

**कुंभ** — खर्च बढ़ेंगे। आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में इच्छा-विरुद्ध कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**मीन** — कारोबार में सुधार के लिए भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। रहन-सहन कष्टदायी होगा। तनाव से बचें।

### केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोनिक इंटीग्रेटेड लॉजिस्टिक्स हब का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने दिल्ली और कोलकाता के बीच सुनिश्चित ट्रांजिट कंटेनर ट्रेन सेवा और मुंबई-कोलकाता मार्ग पर डोर-टू-डोर पार्सल सेवा शुरू की। कॉनकॉर ई-लॉजिस्टिक्स मोबाइल ऐप के साथ निर्बाध प्रथम और अंतिम मील परिवहन नई डोर-टू-डोर रेल पार्सल सेवा, मुंबई-कोलकाता मार्ग पर 7.5% लागत बचत और 30% तेज़ परिवहन के साथ सड़क परिवहन से बेहतर प्रदर्शन करती है। केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने आज सोनिक इंटीग्रेटेड लॉजिस्टिक्स हब का वर्चुअल उद्घाटन किया और दो नई डोर-टू-डोर फ्रेट और पार्सल सेवाओं को हरी झंडी दिखाई। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि डोर-टू-डोर सेवाएँ देश के लिए आवश्यक हैं,।




### एनएसडी ने भारत में रंगमंच शिक्षा और व्यावसायिक अभ्यास को दी नई दिशा

नई दिल्ली। क्वालिटी रंगमंच प्रशिक्षण और प्रस्तुतियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अन्तर्गत राष्ट्रीयनाट्य विद्यालय (एनएसडी) ने भारत भवन, भोपाल के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता भारत भवन रंगमंडल रेपर्टरी के पुनर्जीवन के लिए किया गया है, जो पिछले दो दशकों से निष्क्रिय थी। यह समझौता हाल ही में भोपाल में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान संपन्न हुआ, जिसमें मध्य प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव, भारत सरकार के माननीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, मध्य प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव श्री शिओ शेखर शुक्ला, आईएएस, तथा राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के निदेशक श्री चित्तरंजन त्रिपाठी सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।




### तनिष्क ने लांच किया 'मृगांका' कलेक्शन और शुरू की गोल्ड एक्सचेंज पहल

**नई दिल्ली।** टाटा समूह के स्वामित्व वाला ज्वेलरी ब्रांड तनिष्क ने सीजन की 'मृगांका' कलेक्शन पेश किया। यह कलेक्शन पौराणिक लोककथाओं और कल्पनाशील दुनियाओं से प्रेरित है। एक ऐसा संसार जहां सुनहरे महल, स्वर्गीय बाग और रहस्यमयी प्राणी जीवंत हो उठते हैं। इस कल्पनालोक को जीवंत रूप देने आई हैं पूर्व मिस वर्ल्ड और अभिनेत्री मानुषी छिल्लर, जो 'मृगांका' की आत्मा का प्रतीक हैं। पौराणिक जीवों और अद्भुत पुष्पों से प्रेरित 'मृगांका' कलेक्शन कल्पना जितना भव्य और सपनों जितना सुंदर है। इसमें स्टोन-ऑन-स्टोन जड़ाऊ, बदरूम, चंदक, रस रवा और जटिल जाली लेयरिंग जैसी उन्नत तकनीकों का उपयोग किया गया है। रंगीन कुंदन, एनामेल डिटेलिंग और 3डी मोटिफ्स के संयोजन से यह कलेक्शन विविधता और रचनात्मकता का प्रतीक है। चाहे राजमहलों की भव्यता से प्रेरित लंबे हार हों, पौराणिक जीवों पर आधारित स्टेटमेंट रिंग्स या कई तरह से पहने जा सकने वाले पेंडेंट सेट - तनिष्क का 'मृगांका' कलेक्शन आधुनिक भारतीय महिला के लिए त्योहारी आभूषणों की नई परिकल्पना प्रस्तुत करता है।



## शब्द पहेली - 6019



**बाएँ से दाए**


1. मूर्ख, बेवकूफ (उर्दू-4)
5. संपत्ति-4
9. कटि, पीठ -3
10. प्रणाम, नमस्कार-3
12. अधीन-2
14. पितामह-2
15. कार्य-2
16. पराजय-2
17. अच्छे कुल का-3
19. तरंग, हिलोर-3
21. एक प्रकार की दाल-3
22. ओस, रजनी जल(उर्दू-4)
24. गगन, आकाश-4
25. स्वच्छ करना-5
26. आश्चर्यजनक-4
29. जो लायक न हो-4
33. उल्टी, कै-3
34. रनिवास, जनवासा-3
36. पंक्ति, लाइन-3
37. सुर, लय, आलाप-2
38. दंड, शिक्षा-2
39. पराजय-2
41. झुका हुआ -2
42. कर्म, भाग्य-3
43. भार-3
45. भूल, गलती (उर्दू-4)
46. भाग्य, नसीब-4

**ऊपर से नीचे**

2. अधिकार-2
3. मां का दुलार-3
4. ताली की आवाज-4
5. अनुभवी-4
6. जुड़वा-3
7. दक्षिणा-2
8. राम के पुत्र-2,2
11. अभिलाषा, -4
13. क्रूस, सूली-3
16. पाचनशक्ति-3
18. ईसाई साध्वी-2
20. जीवनसाथी -5
21. गरबा, नृत्य-2
23. मालिश-3
24. दर्पण, शीशा-3
26. ईश्वर-4
27. बाग, गुलिस्तां-3
28. क्रिकेट में बनते हैं-2
30. दुलारा, पुत्र-2
31. भरोसा, विश्वास-3
32. करामात-4
34. शेविंग करना-4
35. हाथी साधने वाला-4
38. आसान, सीधा-3
40. कपड़े धोने वाला-3
42. बलगम-2
44. सरिता-2

**शब्द पहेली - 6018 का हल**





# भारत ने वेस्टइंडीज को 7 से विकेट हराकर जीती टेस्ट सीरीज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सलामी बल्लेबाज केएल राहुल के नाबाद अर्धशतक की मदद से भारत ने दूसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच के पांचवें दिन मंगलवार को वेस्टइंडीज को सात विकेट से हराकर दो मैच की श्रृंखला में क्लीन स्वीप किया। भारत ने 121 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पांचवें दिन एक विकेट पर 63 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई। उसे जीत के लिए केवल 58 रन की जरूरत थी। भारत ने आखिर में 35.2 ओवर में तीन विकेट पर 124 रन बनाए। राहुल 58 रन बनाकर नाबाद रहे।

भारत ने सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (175) और कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 129) के शतकों की मदद से अपनी पहली पारी पांच विकेट पर 518 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी, जिसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 248 रन ही बना पाई थी और उसे फॉलोऑन करना पड़ा था। वेस्टइंडीज की दूसरी पारी में जॉन कैम्पबेल (199 गेंदों पर 115 रन) और शाई होप (214 गेंदों पर 103 रन) ने तीसरे विकेट के लिए 177 रन की साझेदारी की, जिससे उसकी टीम 390 रन बनाने में सफल रही। इससे मैच पांचवें दिन तक खिंच गया। भारत ने अहमदाबाद में खेला गया पहला टेस्ट मैच तीन दिन के अंदर पारी और 140 रन से जीता था।

## जडेजा को शानदार प्रदर्शन के लिए चुना गया प्लेयर ऑफ द सीरीज
## कुलदीप यादव ने लिए 8 विकेट, चुने गए प्लेयर ऑफ द मैच






### इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा मैच जीतने वाली टीमें

| | |
|---|---|
| 1158 - ऑस्ट्रेलिया | (2107 मैच) |
| 922* - भारत | (1916 मैच) |
| 921 - इंग्लैंड | (2117 मैच) |
| 831 - पाकिस्तान | (1735 मैच) |
| 719 - दक्षिण अफ्रीका | (1375 मैच) |

### स्कोर बोर्ड

भारत : पहली पारी: 518/5 , दूसरी पारी
वेस्टइंडीज : पहली पारी : 248/10, दूसरी पारी : 390/10

| भारत दूसरी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल का फिलिप बो वारिकन | 08 | 07 | 2 | 0 |
| केएल राहुल नाबाद | 58 | 108 | 6 | 2 |
| सुदर्शन का होप बो चेज | 39 | 76 | 5 | 0 |
| गिल का ग्रीव्स बो चेज | 13 | 15 | 1 | 1 |
| जुरेल नाबाद | 06 | 06 | 1 | 0 |

अतिरिक्त: 00, कुल: 35.2 ओवर में 124/3 रन
गेंदबाजी : जेडन सील्स 3-0-14-0, जोमेल वारिकन 15.2-4-39-1, खारी पियरे 8-0-35-0, रोस्टन चेज 9-2-36-2

### शुभमन गिल की कप्तानी में पहली टेस्ट सीरीज जीती

शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम पहली टेस्ट जीतने में कामयाब रही है। इससे पहले जब भारत ने इंग्लैंड का दौरा किया था, तब भी शुभमन गिल ही कप्तान थे, लेकिन उस वक्त सीरीज बराबरी पर छूटी थी, लेकिन अब सीरीज ना केवल जीती है, बल्कि विरोधी टीम का पूरी तरह से सफाया हो गया है। टीम इंडिया वेस्टइंडीज के खिलाफ साल 2002 से लेकर अब तक कोई भी टेस्ट सीरीज नहीं हारी है। ये अपने आप में एक रिकॉर्ड है।

### द.अफ्रीका के विश्व रिकॉर्ड की भारत ने की बराबरी

एक टीम खिलाफ सबसे ज्यादा लगातार टेस्ट सीरीज जीतने का रिकॉर्ड अभी तक साउथ अफ्रीका के नाम था। साउथ अफ्रीका ने साल 1998 से लेकर 2025 तक वेस्टइंडीज को लगातार 10 सीरीज में हराया है। अब भारत ने भी वेस्टइंडीज को लगातार 10 टेस्ट सीरीज में हरा दिया है। यानी अब साउथ अफ्रीका के रिकॉर्ड की बराबरी भी हो गई है। इतने लंबे टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में अब तक दो ही बार हुआ है, जब किसी टीम ने विरोधी टीम को लगातार 10 दफा टेस्ट सीरीज में हराया हो।

## खबर संक्षेप



### कभी-कभी साहसिक फैसले लेने पड़ते हैं: शुभमन

**नई दिल्ली।** कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि वह अपने खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाने के लिए साहसिक फैसले लेने में नहीं हिचकिचाते और वह इस भूमिका के आदी हो चुके हैं। गिल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में जीत के बाद कहा, 'मैं खेल की परिस्थितियों के अनुसार फैसला करता हूं। कभी-कभी आपको साहसिक फैसले लेने होते हैं और यह इस पर निर्भर होता है कि कौन सा खिलाड़ी आपके लिए विकेट ले सकता है या रन बना सकता है।' उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि मैं इस टीम के सभी खिलाड़ियों से काम लेने का आदी हो रहा हूं। मुझे जिम्मेदारी निभाना अच्छा लगता है।

### खिलाड़ियों को अधिक मौका देना महत्वपूर्ण : चेज

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के प्रथम श्रेणी क्रिकेट ढांचे से अब पहले की तरह कुशल खिलाड़ी नहीं निकल पा रहे हैं, जिससे उसकी टेस्ट टीम पर



काफी प्रभाव पड़ा है और ऐसे में उसके कप्तान रोस्टन चेज का मानना है कि वर्तमान टीम के खिलाड़ियों को अधिक से अधिक मौका देना महत्वपूर्ण होगा ताकि वह अपनी गलतियों से सीख ले सकें। मौजूदा टीम में 50 से अधिक टेस्ट मैचों (54) का अनुभव रखने वाले एकमात्र खिलाड़ी चेज का मानना है कि उनकी टीम के खिलाड़ियों की तुलना भारत, ऑस्ट्रेलिया या इंग्लैंड जैसे देशों से करना सही नहीं होगा क्योंकि इन देशों में प्रथम श्रेणी क्रिकेट का ढांचा बहुत मजबूत है। चेज से जब पूछा गया कि क्या वह चाहेंगे कि मौजूदा पीढ़ी को अधिक मैच खेलने का मौका मिले तो कप्तान ने इसका पूरा समर्थन किया।

### शुभमन कप्तानी के हकदार : गंभीर

**नई दिल्ली।** मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कप्तान शुभमन गिल की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने इंग्लैंड में कप्तान के रूप में अपनी सबसे कठिन परीक्षा पास कर ली है और किसी ने भी उन्हें टेस्ट और वनडे दोनों प्रारुपों



में कप्तान नियुक्त करके कोई एहसान नहीं किया है। भारत ने गिल की कप्तानी में इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला बराबर कराई थी जबकि अब उसने वेस्टइंडीज को दोनों मैच में हराया। गिल को अब रोहित शर्मा की जगह वनडे टीम का कप्तान भी बनाया गया है, जिसकी शुरुआत ऑस्ट्रेलिया के दौरे से होगी। गंभीर से जब पूछा गया कि वह मुख्य कोच के रूप में नए कप्तान को कैसे संभालते हैं, उन्होंने कहा, 'उन्हें अपना स्वाभाविक दृष्टिकोण बनाए रखने की इजाजत देकर। मुझे लगता है कि उन्हें टेस्ट या वनडे कप्तान बनाकर किसी ने उन पर कोई एहसान नहीं किया है।

## महिला विश्व कप : बारिश से मैच रद्द श्रीलंका-न्यूजीलैंड को एक-एक अंक




**कोलंबो,(भाषा)।** श्रीलंका और न्यूजीलैंड के बीच मंगलवार को यहां आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप मुकाबले को लगातार बारिश के कारण रद्द करना पड़ा जिससे दोनों टीमों को एक एक अंक मिला। मेजबान टीम दमदार बल्लेबाजी प्रदर्शन करते हुए छह विकेट पर 258 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। लेकिन न्यूजीलैंड के लक्ष्य का पीछा शुरू करने से ठीक पहले आर प्रेमदासा स्टेडियम में बारिश आ गई और मैच फिर से शुरू नहीं हो सका। मैच के बाद अटापट्टू ने कहा, ''हमने परिस्थितियों का आकलन कर अच्छा क्रिकेट खेला। दुर्भाग्य से हम मैच पूरा नहीं कर सके। अगला मैच बेहद अहम है। हमें तीन मैच जीतने होंगे। उम्मीद करते हैं कि हमारे मैच में बारिश नहीं हो।' श्रीलंका चार मैचों में दो अंक लेकर सातवें स्थान पर बना हुआ है, जबकि न्यूजीलैंड तीन अंक से तालिका में पांचवें स्थान पर है। यह नतीजा न्यूजीलैंड के लिए भी एक बड़ा झटका है जो पहले ही दो हार झेल चुका है और अब उसके लिए सेमीफाइनल की दौड़ मुश्किल हो गयी है। न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन ने कहा, ''दुर्भाग्य से मौसम ने हमें मैच नहीं खेलने दिया, हम लक्ष्य का पीछा करने के लिए उत्साहित थे। आंकड़े और संख्याएं केवल यहीं तक सीमित रह सकती हैं।

**कोलंबो में श्रीलंका की बैटिंग के बाद बारिश आई**




## पैरा पावरलिफ्टर मैथ्यू ने जीता कांस्य पदक

नई दिल्ली। भारत के अनुभवी पैरा पावरलिफ्टर जोबी मैथ्यू ने मिस्र के काहिरा में आयोजित पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक हासिल किया। मैथ्यू ने सोमवार को लेजेंड्स (मास्टर्स) वर्ग में यह पदक जीता। उन्होंने अपने पहले प्रयास में 147 किग्रा के भार उठाया लेकिन इसे अमान्य घोषित कर दिया गया। उन्होंने इसके बावजूद दूसरे प्रयास में 148 किग्रा वजन आसानी से उठा लिया। मैथ्यू ने इस लय को जारी रखते हुए अपने अंतिम प्रयास में 152 किग्रा का वजन उठाकर अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

इससे पहले उनका पिछले व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 150 किग्रा था, जिसे उन्होंने दो महीने पहले बीजिंग विश्व कप में हासिल किया था। थाईलैंड के फोंगसाकोन चुमचाई ने 162 किग्रा वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता जबकि पेरू के नील ग्रेसिया ने 161 किग्रा वजन उठाकर रजत पदक जीता।यह मैथ्यू का दूसरा विश्व चैंपियनशिप पदक है। इससे पहले, उन्होंने दुबई 2023 में 59 किग्रा भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए कांस्य पदक जीता था।

### सफलता की ऊंची उड़ान

## भरत थम्मिनेनी ने फतह की 8 हजार मीटर से ऊंची सभी 9 पर्वत चोटियां



एजेंसी ▶▶| कोलकाता

आंध्र प्रदेश के कुरनूल के पर्वतारोही भरत थम्मिनेनी छठे सबसे ऊंचे पर्वत 'माउंट चो ओयू' (8,188 मीटर) पर चढ़ाई करने के साथ दुनिया की 14 सबसे ऊंची चोटियों में से नौ पर फतह करने वाले पहले भारतीय बन गए। इस 36 वर्षीय पर्वतारोही के करीबी सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि इस उपलब्धि से पहले थम्मिनेनी ने मई 2017 में माउंट एवरेस्ट, सितंबर 2018 में माउंट मनास्लू, मई 2019 में माउंट ल्होत्से, मार्च 2022 में माउंट अन्नपूर्णा, अप्रैल 2022 में माउंट कंचनजंगा, मई 2023 में माउंट मकालू, अक्टूबर 2024 में माउंट शीशपंगमा और अप्रैल 2025 में माउंट धौलागिरी पर चढ़ाई की थी। ये सभी 8 हजार मीटर से अधिक ऊंची चोटियां हैं।

बची हुई पांच शीर्ष चोटियां माउंट के2, नंगा पर्वत, गशेरब्रुम 1 और 2 तथा ब्रॉड पीक पाकिस्तान में हैं और वर्तमान में भारतीय पर्वतारोहियों के लिए वर्जित हैं। थम्मीनेनी 30 सितंबर को चीन के चो ओयू बेस कैंप पहुचे थे लेकिन खराब मौसम और भारी बर्फबारी के कारण उन्हें पहाड़ पर चढ़ने के लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ा, जिससे वह बेस कैंप में ही रुके रहे।

### फुटबॉल विश्व कप

## आइसलैंड के ड्रा से फ्रांस का विजय अभियान थमा



एजेंसी ▶▶| रेक्जाविक

फ्रांस ने आइसलैंड के साथ 2-2 से ड्रॉ खेलकर 2026 में होने वाले फुटबॉल विश्व कप में स्थान सुरक्षित करने का मौका गंवा दिया।

फ्रांस ने इससे पहले लगातार तीन मैच में जीत हासिल की थी। दो बार की विश्व चैंपियन टीम अगर आइसलैंड को हरा देती और यूक्रेन की टीम अजरबैजान को हराने में नाकाम रहती, तो फ्रांस की टीम विश्व कप में जगह पक्की कर सकती थी। यूक्रेन ने 2-1 से जीत दर्ज की। विश्व कप 2022 का उपविजेता फ्रांस अभी भी ग्रुप डी में 10 अंकों के साथ शीर्ष पर है, जो यूक्रेन से तीन अंक अधिक हैं। फ्रांस की टीम कप्तान किलियन एमबाप्पे के बिना मैदान पर उतरी थी, जिन्होंने शुक्रवार को अजरबैजान के खिलाफ टीम की 3-0 की जीत में गोल किया था, लेकिन दाएं टखने में चोट के कारण वह लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर चले गए थे।

- फुटबॉल विश्व कप में फ्रांस ने स्थान सुरक्षित करने का गंवाया मौका
- फ्रांस ग्रुप डी में 10 अंकों के साथ शीर्ष पर

### हिल्सन के गोल से आइसलैंड ने की बराबरी

आइसलैंड ने 39वें मिनट में विक्टर पाल्सन के गोल से बढ़त बना ली, लेकिन मेहमान टीम ने 63वें मिनट में क्रिस्टोफर नकुंकू और 68वें मिनट में जीन-फिलिप माटेटा के गोल से वापसी की। कुछ मिनट बाद ही आइसलैंड ने क्रिस्टियन हिल्सन के गोल से बराबरी कर ली। स्विट्जरलैंड के पास भी विश्व कप में स्थान सुनिश्चित करने का मौका था, लेकिन उसने स्लोवेनिया के खिलाफ गोल रहित ड्रा खेला। अगर स्विट्जरलैंड स्लोवेनिया को हरा देता और कोसोवो स्वीडन को हराने में नाकाम रहता, तो वह क्वालीफाई कर जाता। कोसोवो ने 1-0 से जीत हासिल कर ग्रुप बी में सात अंक हासिल किए, जो स्विट्जरलैंड से तीन अंक कम हैं।

### सुल्तान जोहोर कप: भारत और पाकिस्तान के बीच मैच 3-3 से ड्रॉ रहा

**जोहोर (भाषा)।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने मंगलवार को यहां सुल्तान जोहोर कप के अपने ग्रुप चरण के तीसरे मैच में पाकिस्तान के खिलाफ 3-3 से ड्रॉ खेला। भारत ने रोमांचक



मुकाबले में दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए बढ़त बनाई लेकिन पाकिस्तान ने गोल करके अंक बराबर कर लिए। इस परिणाम का मतलब है कि भारत को अब तक टूर्नामेंट में हार का सामना नहीं करना पड़ा है। भारत के लिए अरिजीत सिंह हुंडल (43वें मिनट), सौरभ आनंद कुशवाहा (47वें मिनट), मनमीत सिंह (53वें मिनट) ने गोल दागे। पाकिस्तान के लिए हन्नान शाहिद (5वें मिनट) के अलावा सूफियान खान (39वें मिनट, 55वें मिनट) ने दो गोल किए। भारत ने शानदार शुरुआत करते हुए गेंद पर दबदबा बनाए रखा। भारत ने शुरुआत में सर्कल में कई बार सेंध लगाई जिससे पाकिस्तान बैकफुट पर रहा। पाकिस्तान ने पलटवार करते हुए जल्द ही पेनल्टी स्ट्रोक हासिल कर लिया। कप्तान शाहिद ने बिना कोई गलती किए गेंद गोलकीपर के दाईं ओर से नीचे की ओर डालकर अपनी टीम को शुरुआती बढ़त दिला दी।

## डेनमार्क ओपन: पोपोव को कड़ी टक्कर

**ओडेन्से।** युवा भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने मंगलवार को यहां डेनमार्क ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव को कड़ी टक्कर दी लेकिन तीन गेम तक चले मुकाबले में हार गए। भारतीयों के लिए मंगलवार का दिन निराशाजनक रहा।इस साल की शुरुआत में यूएस ओपन में अपना पहला सुपर 300 खिताब जीतने वाले दुनिया के 30वें नंबर के खिलाड़ी शेट्टी ने एक घंटे 17 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 15वें नंबर के फ्रांसीसी खिलाड़ी को कड़ी टक्कर दी, लेकिन 19-21, 21-17, 15-21 से हार गए। भारत के 20 वर्षीय खिलाड़ी ने दूसरे गेम में लय बनाई और मुकाबला निर्णायक गेम तक ले गए। पोपोव के अनुभव और तेज खेल ने मुकाबले में अंतर पैदा किया जिससे वह जीत गए। मई में मलेशिया मास्टर्स के प्रीक्वार्टर फ़ाइनल में पोपोव से हारने के बाद शेट्टी की यह लगातार दूसरी शिकस्त थी। महिला एकल में विश्व रैंकिंग में 46वें स्थान पर काबिज भारत की अनमोल खरब, सातवीं वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वर्दानी से मात्र 34 मिनट में 9-21, 14-21 से हार गईं। भारतीय युगल जोड़ियों का भी प्रदर्शन निराशाजनक रहा। पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय और साई प्रतीक के की पुरुष जोड़ी चीनी ताइपे के लियू कुआंग हेंग और यांग पो हान की जोड़ी से 34 मिनट में 13-21, 17-21 से हार गई।

### भारत के खिलाफ पहले वनडे में नहीं खेल पाएंगे इंगलिस और जम्पा

पर्थ। आस्ट्रेलिया के विकेटकीपर जोश इंगलिस और लेग स्पिनर एडम जम्पा क्रमश: चोट और पारिवारिक कारणों से भारत के खिलाफ रविवार को होने वाले पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में नहीं खेल पाएंगे। भारत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की




एकदिवसीय श्रृंखला खेलेगा, जिसके बाद पांच मैचों की टी20 श्रृंखला होगी। अगले दो एकदिवसीय मैच एडिलेड (23 अक्टूबर) और सिडनी (25 अक्टूबर) में खेले जाएंगे। इंगलिस पिंडली की चोट से उबर रहे हैं, जिसके कारण वह इस महीने की शुरुआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 श्रृंखला में नहीं खेल पाए थे। उनकी जगह अभी तक तीन वनडे खेलने वाले जोश फिलिप को विकेटकीपर के रूप में ऑस्ट्रेलिया की टीम में शामिल किया गया है। नियमित विकेटकीपर एलेक्स कैरी को भारत के खिलाफ पहले मैच के लिए टीम से रिलीज कर दिया गया है, ताकि वह इस साल के अंत में होने वाली एशेज श्रृंखला की तैयारी के लिए दक्षिण ऑस्ट्रेलिया की तरफ से क्वींसलैंड के खिलाफ शेफील्ड शील्ड मैच खेल सकें।

### बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप: चीन ने इंडोनेशिया को 15वीं बार हराया

## चीन ने जीता सुहांदिनाता कप, भारत और जापान को कांस्य

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

बैडमिंटन की दिग्गज टीम चीन ने दबाव के बावजूद अपनी लय बरकरार रखते हुए बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में गत चैंपियन इंडोनेशिया को 2-0 से हराकर 15वीं बार सुहांदिनाता कप अपने नाम कर लिया। चीन ने फाइनल में एशियाई जूनियर चैंपियनशिप के तीन मौजूदा व्यक्तिगत स्वर्ण पदक विजेताओं और दो रजत पदक विजेताओं के साथ कदम रखा था। दूसरी ओर इंडोनेशिया को पिछले साल जीता गया खिताब बरकरार रखने के लिए अपने कुछ खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की जरूरत थी। लेकिन चीन का शानदार प्रदर्शन रुका नहीं और उसने इंडोनेशियाई खिलाड़ियों को महज दो घंटे से भी कम समय में 45-30, 45-44 से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया।




### दोनों सेटों में रहा उतार चढ़ाव

एशियाई जूनियर गर्ल्स डबल्स चैंपियन काओ ज़ी हान और चेन फैन शू तियान ने पहले मैच में रिस्का अंगग्रेनी और रिंजानी नास्टाइन को 9-8 से हराकर पहला सेट चीन के लिए आसान बना दिया। इसके बाद चीन ने हर मैच जीतकर सेट अपने नाम किया। दूसरा सेट भी काफ़ी उतार-चढ़ाव भरा रहा क्योंकि रिस्का और रिंजानी ने अपने विरोधियों पर पलटवार करते हुए इंडोनेशिया को 9-5 की बढ़त दिला दी। हालाँकि, चेन जुन टिंग और काओ ने 8-13 से पिछड़ने के बाद वापसी की और अगले 11 में से 10 अंक जीतकर चीन को 18-14 से फिर से बढ़त दिला दी।

### टिंग और रोंग ने दबाव में नहीं हारी हिम्मत

एशियाई जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता लियू सी या को इसके बाद थलिता विर्यावान ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन उन्होंने चीन के लिए तीन अंकों की बढ़त 27-24 पर बनाए रखने के लिए पर्याप्त प्रयास किया। सेट का आखिरी मैच चारों खिलाड़ियों के लिए हिम्मत की परीक्षा था क्योंकि इंडोनेशिया के एलेक्सियस सुबागियो और रेहान प्रमोनो ने 40-39 के अंतर को कम किया और फिर 44-43 के स्कोर पर एक सेट पॉइंट हासिल किया। लेकिन चेन जुन टिंग और लियू जुन रोंग ने दबाव में भी अपनी हिम्मत नहीं हारी और इंडोनेशियाई खिलाड़ियों से एक और गलती करवाकर मैच अपने नाम कर लिया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109




### राजधानी में आयोजित यूएनटीसीसी के शांति सेनाप्रमुखों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए बोले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

# उभरती हुई चुनौतियों से निपटने और वैश्विक शांति के लिए सहयोग-समन्वय बढ़ाना जरूरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

घरेलू और वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को दुनिया के सामने उभरती हुई चुनौतियों से दो-दो हाथ करने और शांति सुनिश्चित करने के लिए दो महत्वपूर्ण तर्क दिए। एक में उन्होंने चुनौतियों के साथ शांति कायम करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर परामर्श के साथ ही सहयोग, समन्वय और क्षमता निर्माण महत्वपूर्ण है। इसके अलावा मामले पर भारत का पक्ष साफ करते हुए कहा कि वर्तमान में कुछ देश वैश्विक नियम-कायदों का सरेआम उल्लंघन कर उन्हें कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। जबकि कुछ अपने नियम बनाकर अगली सदी पर अपना दबदबा कायम करना चाहते हैं। इन सबके बीच भारत पुरानी वैश्विक संरचनाओं में सुधार पर जोर देते हुए अंतरराष्ट्रीय नियमों के तहत बनी हुई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। यह जानकारी रक्षा मंत्री ने पहली बार भारत और उसकी राजधानी में आयोजित किए जा रहे संयुक्त राष्ट्र सैन्य योगदानकर्ता देशों (यूएनटीसीसी) के तीन दिवसीय (14 से 16 अक्टूबर तक) शांति सेनाप्रमुखों के सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए दी है। आयोजन में यूएन में भागीदारी करने वाले 32 देश भाग ले रहे हैं। जिसमें 15 सेनाप्रमुख, 17 उप-प्रमुख और सात देशों से उच्च-स्तरीय रैंक वाले सैन्य अधिकारी शामिल हैं।



## *गांधी के दर्शन की दी मिसाल*

*उन्होंने कहा कि भारत महात्मा गांधी की भूमि है। जहां शांति, अहिंसा और सत्य का दर्शन गहराई में शामिल है। गांधी जी के लिए शांति केवल युद्ध न करना ही नहीं था। बल्कि न्याय, सद्भाव और नैतिक शक्ति की सकारात्मक स्थिति की स्थापना भी थी।*

## *समर्थन बढ़ाएं विकसित देश*

*रक्षा मंत्री ने कहा कि वर्तमान में आपस में जुड़ी हुई दुनिया के लिए वास्तविकताओं को दर्शाने वाला सुधारित बहुपक्षवाद जरूरी है। जो सभी हितधारकों की आवाज को उठाते हुए समकालीन चुनौतियों के समाधान के साथ ही मानव कल्याण पर ध्यान केंद्रित करता है। राजनाथ ने शांति अभियानों को बढ़ावा देने के लिए सदस्य देशों खासतौर पर उन्नत तकनीकी और वित्तीय संपन्न देशों के सैनिकों, पुलिस, प्रचालन साजो-सामान, प्रौद्योगिकी और विशेष क्षमताओं द्वारा समर्थन बढ़ाने का आह्वान किया। जिसके पीछे का बड़ा कारण शांति सैनिकों को जटिल परिस्थितियों से लेकर विषम युद्ध, आतंकवाद, अस्थिर राजनीतिक समझौते, मानवीय संकटों, महामारी-प्राकृतिक आपदा के बीच करना है।*

## *यूं विफल होते शांति अभियान*

*उभरती हुई चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए शांति सेना में योगदान देने वाले देशों को वीरता, अनुकूलनशीलता, नवाचार, प्रासंगिक राजनीतिक पक्षों, वित्तीय योगदानकर्ताओं और संघर्ष के माहौल को प्रभावित करने वाले प्रमुख पक्षों को साथ लाने की जरूरत है। शांति अभियानों के विफल होने के पीछे देर से शांति सेना की तैनाती, अपर्याप्त संसाधनों व संघर्षों से जुड़े कारणों के समाधान के लिए अपर्याप्त अधिदेश बड़ी वजह है। हम समकालीन चुनौतियों का सामना पुराने बहुपक्षीय ढांचों के जरिए नहीं किया जा सकता है। व्यापक सुधारों के बिना संयुक्त राष्ट्र विश्वास के संकट से जूझ रहा है। आज की जुड़ी हुई दुनिया के लिए हमें एक सुधारित बहुपक्षवाद जरूरी है। जो वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करे, हितधारकों को अपना पक्ष रखने में मदद करे, समकालीन चुनौतियों का समाधान करे और मानव कल्याण पर केंद्रित हो।*

## *सशक्तिकरण का प्रतीक महिला अधिकारी*

*अफ्रीका और मध्य पूर्व में अभियानों में सेवारत भारतीय महिला अधिकारी सशक्तिकरण का वैश्विक प्रतीक हैं। महिलाओं की बढ़ती भागीदारी एक प्रमुख प्रेरणादायक बदलाव है। महिलाओं की उपस्थिति अभियान की प्रभावशीलता बढ़ाता है। साथ ही स्थानीय लोगों के साथ विश्वास बढ़ाने और अभियान में सहानुभूति उत्पन्न करती है। इस मामले में भारत की भूमिका अग्रणी रही है। 2007 में तैनाती की गई हमारी महिला पुलिस बल इकाई सशक्तिकरण का वैश्विक प्रतीक बन गई है। पिछले साल कांगो सेना की एक महिला शांति सैनिक को यूएन शांति मिशन में उनकी अनुकरणीय सेवा के लिए पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।*

## *2 लाख 90 हजार सैनिकों की तैनाती की*

राजनाथ सिंह के मुताबिक, भारत ने अंतरराष्ट्रीय शांति, सुरक्षा को बनाए रखने के लिए हमेशा ही अपना योगदान दिया है। आज भी हम इसी प्रतिबद्धता के साथ अडिग हैं। आंकड़ों के हिसाब से दशकों से भारत के 2 लाख 90 हजार भारतीय सैन्य कर्मियों ने 50 से अधिक संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में सेवा दी है। इसी के जरिए हमने वैश्विक दक्षता, साहस और करुणा के लिए सम्मान अर्जित किया है। कांगो से लेकर कोरिया, साउथ सूडान और लेबनान तक देश के सैनिक, पुलिस, चिकित्सा कर्मी मजलूमों की रक्षा व समाज के पुनर्निर्माण के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ मजबूती से खड़ा रहा है। भारत, शांति स्थापना को दायित्वपूर्ण बनाने के लिए सैनिकों के योगदान, विशेषज्ञता साझा करने व सुधारों का समर्थन करने के लिए तैयार है। सहयोग, प्रौद्योगिकी को साझा कर शांति अभियानों को और अधिक ढंग से सुसज्जित और अनुकूल बनाया जा सकता है।

### *सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़*

# कुपवाड़ा में 2 आतंकी ढेर, 4 रॉकेट लॉन्चर सहित कई हथियार बरामद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। यहां कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 2 आतंकियों को मार गिराया है। अभी ऑपरेशन जारी है। इलाके में अब भी अन्य आतंकियों के होने संभावना है। दरअसल, घसपैठ कर रहे आतंकियों को देखते ही सुरक्षाबल सक्रिय हो गए और अभियान शुरू कर दिया। फिलहाल भारतीय सेना ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और सर्च ऑपरेशन भी जारी है। सुरक्षाबलों ने 2 एके सीरीज राइफलें, 4 रॉकेट लॉन्चर, गोला-बारूद सहित अन्य हथियार बरामद किया है। श्रीनगर स्थित भारतीय सेना की चिनार कोर को आतंकियों के बारे में खुफिया



जानकारी मिली थी। इसके बाद पुलिस और सेना का यह संयुक्त अभियान शुरू कर दिया। 13 अक्टूबर की शाम 7 बजे से भारत-पाकिस्तान बॉर्डर के पास कुंबकडी के जंगल में यह ऑपरेशन जारी है। आतंकियों ने यहां से घुसपैठ की कोशिश की थी, जिसे सुरक्षाबलों ने नाकाम किया है।







Authorised Dealers: South Delhi: Pul Prahladpur Badarpur: Singla Hero - 9289922771, Lajpat Nagar: Sapphire Hero- 9289923175, Adchini (Main Mehrauli Road): Pashupati Hero - 9289922381, Okhla Phase II: ARC Hero- 9289922461, East Delhi: Durgapuri (Loni Road, Shahadra): Himgiri Hero- 9289922380, Pushta Kartar Nagar: Aman Hero- 9289922735, Dilshad Garden: RK Hero- 9289923010, Patparganj Pandav Nagar: Singla Autoneeds Hero- 9289923222, North Delhi: Azadpur: Shraman Hero- 9289923185, Pitampura: Shraman Hero – 9289924252, Rithala (Rohini): Metro Hero- 9289922597, Budh Vihar: JMD Autoworld Hero- 9289924188, Central Delhi: Karol Bagh (Faiz Road): EssAay Hero- 9289922382, Upper India Hero- 9289924343, West Delhi: Roshan Vihar (Najafgarh): Avni Hero- 9289922671, Paschim Vihar (Peeragarhi): Shivganga Hero- 9289922796, Palam Dabri Road (Dwarka): Singla Hero, 9289922530, Raja Puri: Singla Hero- 7836078383, Samalkha: Singla Hero - 7836078484, Janak Puri: Singla Hero - 9911884416, Tilak Nagar: Khanna Hero- 9289922383, Bali Nagar: Khanna Hero- 9289924309, Nawada: Khanna Hero- 9289924310; Ghaziabad: Meerut, Delhi Road: Globe Hero- 9289922073, Shiv Puri, Vijay Nagar: Aman Hero- 9289232123; Sahibabad: Sahib Hero- 9289922486; Noida: H-206A, Sector 63: Dhansri Hero- 9289923044, Sector 5, B 124: Uppal Hero - 9289922462, Sector-58 C-70: Singla Hero- 9289923059; BulandShahr: Delhi Road: Shri Durga Hero- 9289922504, RajeBabu Road: Krishna Hero- 9289922410, Hapur: Globe Hero- 9289923209, Gurugram: Sec–18, Noble Enclave: Globe Agencies- 9289233915, Himgiri Hero- 9289923046, Basai Road Sector 11: Sharma Hero- 9289923221, Autoneeds Hero- 9289922051, Jasodha Hero- 9289922495, Wazirabad: Himgiri Hero- 9289924247, Railway Road: Himgiri Hero- 9289924248; Sohna: No. 160/2 Delhi Road: Auto Links Hero- 9289924089; Faridabad: Sehgal Hero- 9289922419, NIT: Sehgal Hero- 7217627327.